કંબલ (सं.) कामरि, लोई, ऊनी चादर। [देनेका दिन।

કયામત (सं.) न्यायकादिन, दंड-

કયાસ (सं.) अनुमान, अटकल। कच्चीकूत।

કયો (सर्व.) कौन, क्या।

કર (सं.) हाथ, टेक्स, महसूल, दीर्घ, ऊँचा, मालगुजारी।

કરકટી (सं.) अर्थी, मुर्दों के लेजानेकी गाड़ी, काठकी ठटिया।

કરકડાટ (क्रि. वि.) साफ साफ, स्पष्ट स्पष्ट, [तीखा।

કરકરૂં (वि.) खुरदरा, तेज,

કરકસર (सं.) किफायत, वारा मितव्ययता।

કરકાટિયું (सं.) मांसहीन, केवळ अस्थिपंजरमात्र, जिसकी हड्डियां दिखती हों।

કરખી (सं.) कृषक, किसान।

કરગરવું (क्रि.) विनती करना, माँगना, घिघियाना।

કરગરીને (क्रि. वि.) चाहसे, अनुरागसे, रंजसे,

કરચ (सं.) टुकड़ा, खंड, हिस्सा।

કરચલી (सं.) झालर, झुर्री, चुनन पर्त, तह।

કરચલું (सं,) कैंकड़ा।

કરજ (सं.) ऋण, जवाबदेही, –દાર ऋणी

કરંજ–ન્જે (सं.) झरना, फव्वारा

કરડવું (क्रि.) काटना, कुतरना, नोचना।

કરડીદૃષ્ટિ–નજર (सं.) क्रोधपूर्वक दृष्टि, रूखीनिगाह, कठोर दृष्टि।

કરડો (वि.) कठोर, कड़ा, रूखा, कर्कश, निर्दय (सं.) पांवके अंगूठेमें पहिननेका छल्ला।

કરણ (सं.) युद्धका एक हथियार। कान, सूर्यरश्मि, कारण, सबब,

કરણી (सं.) कर्म, व्यवसाय, कार्य गुण, योग्य, उजाड, मरुस्थळ।

કરતલ (सं.) हाथकी हथेली।

કરતાં (क्रि. वि.) बनिस्बत, अपेक्षा, करतेहुए, तोभी। [कठताल।

કરતાલ (सं.) झाँझ, मजीरा,

કરતુવ–ક (सं.) बुराकाम, वर्ताव, आचरण। [एजेण्ट, दलाल।

કરનાર (वि.) कर्ता, करनेवाला,

કરપ (सं.) ठाठ, धूमधाम, शान-शौकत, भय, डर। [बातचीत।

કરપલ્લવ (सं.) अंगुलियोंसे

કરપીણ (वि.) लालची, मक्खी-चूस, कृपण, कमीना।

કરમ (सं.) काम, कर्म, कार्य, भाग्य, बुराकाम, कृमि, कीड़ा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કરમકહાણી (सं.) भाग्यका-वृत्तान्त ।

કરમદું (सं.) करौंदे वृक्षकाफल ।

કરમાધરમી (क्रि. वि.) धर्माधर्मी ।

કરમાવું (क्रि.) कुम्हलाना, मुरझाना ।

કરમાળા (सं.) अंगुलियों पर माला का काम । स्मरणी, माला ।

કરમી (सं.) भाग्यवान, खुश-किस्मत । [पशु रोग ।

કરમોડિયા (सं.) एक प्रकारका

કરવત (सं.) आरी, लकड़ी चीरनेका औज़ार ।

કરવતી (सं.) छोटीआरी, गाड़ी ।

કરવું (क्रि.) करना, बनाना, तैयार करना, पूरा करना, रचना ।

કરશણી (सं.) कृशक, किसानी ।

કરાં (सं.) ओला, चूड़ियां, पहुँची ।

કરાંજવું-ઝવું (क्रि.) आतोंका ऐंठना, अंतडियोंका मरोड़ना ।

કરાઈ (सं.) आराकश, लकड़ी चीरनेवाला । [करारा

કરાડ (सं.) ढाल, ढालू, भूमि

કરાણી (सं.) जहाजका तहवीलदार ।

કરામાત (सं.) यत्न, उपाय, चतुरता, चालाकी, हुन्नर, अक्लमंदी ।

કરાર (सं.) वचन, वादा, कौल, करार, अचल, दर्द में आराम ।

કરારદાદ (सं.) वचन वादा, राजीनामा ।

કરારનામું (सं.) दस्तावेज, तमस्सुक, लिखित वचन पत्र ।

કરાળ (वि.) भयंकर, टेढा, भयानक ।

કરિયાણું (सं.) पसरहट्टा, किराना औषधियां, बीजे ।

કરિયાતું (सं.) चिरायता ।

કરી (सं.) हाथी, पथ्य, परहेज ।

કરીને (क्रि. वि.) द्वारा, से, अतएव,

કરીમ (वि.) उदारतायुक्त, दयालु, मिहरबान, दाता ।

કરી લેવું (क्रि.) गोद लेना (पुत्र)

કરૂણા (सं.) दया, कृपा, अनुग्रह, अनुकम्पा ।

કરૂણાકર (सं.) दयानिधि, कृपानिधान ईश्वर ।

કરૂણામય (वि.) दयालु, मिहरबान ।

કરૂણારસ (सं.) नवरसों में से एक रस, शोकजनक वृत्तान्त, करुणा पूर्ण गाथा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કરૂપ (वि.) बदसूरत, भद्दा कुरूप,
કરેઢી (सं.) स्वेत रेती, सफेदबालू।
કરેઢું (सं) बच्चा जनने के बाद शीघ्रही निकाला हुवा गो दुग्घ ।
કરેણુ–ણુ (सं.) कनेर वृक्ष, कनेर का पुष्प । [दीवार ।
કરો (सं.) मकान के बग़ल की
કરોઢું (सं.) व्यवहार, रीति, चाल।
કરોડ (सं.) रीढ, काँटा, (वि.) दश लाख, कोटि । [अगणित ।
કરોડો (वि.) अनेक कोटि,
કરોળિયો (सं.) मकड़ी, जाला,
કર્ક (सं.) केंकड़ा, कर्क राशि ।
કર્કશ (वि.) कठोर, कड़ा ।
કર્કશા (सं) झगड़ालू स्त्री, मुहँ जोर औरत, लड़ाकी स्त्री ।
કર્ણ (सं.) कान, श्रोत्रेन्द्रिय, कर्ण ।
કર્ત્તરિ પ્રયોગ (सं.) वह वाक्य जिसमें उसके विषय से क्रिया मिलती हो।
કર્તવ્ય (वि.) करणीय, करने योग्य (सं.) काम, कार्य ।
કર્તા (सं.) करनेवाला, बनानेवाला, पुस्तक का लेखक, प्रबंधक।
કર્પૂર તેલ (सं.) कपूर, कपूर का तेल । [नाश करनेवाला।
કર્તા હર્તા (सं.) रचनेवाला और

કર્મ (सं.) कार्य, काम, आचरण, वरतावा, भाग्य, किस्मत, तकदीर,
કર્મકાન્ડ (सं.) वेदोंका वह भाग जिसमें शास्त्रोक्त कर्म वर्णित हैं।
કર્મભ્રષ્ટ (वि.) ढीला, उदास, नर्म, आचार सम्बन्धी कर्तव्य कर्मों को भूला हुवा ।
કર્મયોગ (सं.) प्रारब्ध शक्ति, भाग्य, किस्मत ।
કર્મેન્દ્રિય (सं.) हाथ, पाँव, मुख, गुदा, और लिंग ये ५ कर्मेन्द्रिय।
કલગી (सं.) मुकुट, चोटी, फ़ूल का गुच्छा, गुलदस्ता ।
કલંક (सं.) अपवाद, अपयश, दोष, दुष्कीर्ति, दाग
કલજુગ (सं.) चौथा युग, वर्तमान युग, [कीचड़ ।
કલણ (सं.) दलदल, फँसाव,
કલ્પના (सं.) उपाय, मनोगति ख्याल, विचार, ख़याली पुलाव ।
કલ્પવું (क्रि.) विचार करना, मन के लड्डू बनाना
કલ્પાંત (सं.) दुःख, शोक, कष्ट, रुदन, करुणक्रंदन, महा प्रलय ।
કલપ (सं.) खिजाब,
કલબલ–લાટ (सं.) हुल्लड़, कोलाहळ, धूमधाम, शोरगुल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કલમ (सं.) लेखनी, प्रकरण हस्तलिपि, भाषा, देश भाषा, चित्रकार की ब्रुश, खंड, भाग, पौधोंपर कलम लगाना, वाक्य खंड, मजमून।

કલમ કરવી (क्रि.) वृक्षों को काटना, कलम बनाना।

કલમ કાપવી (क्रि.) बरखास्त कर देना, पदच्युत, कर देना, निकाल देना।

કલમદાન (सं.) दावात कलम रखने की पेटी, दावात।

કલમબંદી (सं.) रोक, कलमबंदी।

કલમો (सं.) कुरानकी आज्ञा।

કલ્યાણ (सं.) शुभ, आशिर्वाद।

કલવો–કૈવો (सं.) विवाह के समय का कलेवा, कुँवर कलेवा।

કલહ (सं.) झगड़ा, लड़ाई, विरोध, द्वन्द्व।

કલાક (सं.) एक घंटा, ६० मिनिट, बड़ी घड़ी,

કલાબતુ (सं.) रेशमी धागा जिस पर सोना चाँदी का काम हो, कलाबत्तू।

કલાદ (सं.) सुनार, स्वर्णकार।

કલાપી (सं.) मोर, मयूर, कोयल, कोकिला। [रुदन।

કલાપિટ (सं.) हुल्लड़, शोक, रंज,

કલાલ (सं.) शराब बेचनेवाला, कलार, कलवार।

કલાલખાનું (सं.) शराब की दुकान, मद्यगृह, शराबखाना।

કલિ (सं.) संसारका चौथापन, चौथा युग, वर्तमान युग।

કલિંગડું–કાલિંગડું (सं.) हिनवाना, कलींदा, तरबूज़।

કલેજું (सं.) दिल, हृदय।

કલેડું–ડું (सं.) कड़ाही, तम्बूर रोटी पकाने का मिट्टीका गोल पात्र

કલેવર (सं.) लोथ, निर्जीव देह, देह।

કલૈ–કલઇ (सं.) टीन

કલૈ કરવી (क्रि.) कलई करना, मुलम्मा करना ગર (सं.) टिन साज़। [विनोद, तेज़ आवाज।

કલોલ–કલ્લોલ (सं.) खेलकूद,

કલ્કી (सं.) विष्णु का दसवाँ अवतार, भावी अवतार।

કલ્પ (सं.) ब्रह्मा का एक रात एक दिन, हमारे ४,३२,००,००,००० वर्ष,

કલ્પદ્રુમ–કલ્પવૃક્ષ–કલ્પતરૂ (सं.) देववृक्ष, अभलषित फल देने वाला वृक्ष।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કલ્પિત (वि.) बनाया, कृत्रिम, रचित, मिथ्या प्रकाशित ।

કલ્લા (सं.) गलमुच्छे ।

કલ્લી-લ્લું (सं.) चाँदी या सोने का बाज़ूबन्द ।

કલ્લો (सं.) शब्द, शोरगुल, घास के अंकुर ।

કવચ (सं.) विच्छू का पेड़, वर्म्म, झिलम, बाजू, सन्नाह, बख़तर ।

કવત (सं.) काव्य रचना, कविता,

કવાયત (सं.) कवायद, सैनिक युद्ध शिक्षा, कपट यत्न, कपट उपाय ।

કવિ (सं.) काव्यकार, भाट ।

કવિતા (सं.) पद्य, श्लोक, छन्द ।

કવેળા (वि.) असमय, ऋतु-विरुद्ध ।

કશીદો (सं.) दस्तकारी, शृंगार सजावट, वेलबूटे काढनेका कार्य ।

કશું (वि.) कोई, जोकुछ, जितना।

કષ્ટ (सं.) शारीरिक क्लेश, दुःख दर्द ।

કષ્ટાવું (क्रि.) प्रसवकी पीरमें होना, बालक उत्पन्न होते समयकी प्रसव पीड़ा होना । [दुखित

કષ્ટિત-ષ્ટિ (वि.) प्रसव कष्ट,

કસ (सं.) कसौटीपर सोने या चांदी की परख, सत, गूदा, तत्व, शक्ति, गांठ, बन्धन ।

કસકસતું (क्रि. वि.) तंग,

કસકસાવવું (क्रि.) कसकर बांधना।

કસટિયો (सं.) गिरो रखनेवाला बंधक ग्राहक, ब्याजपर रुपया देनेवाला ।

કસદ (सं.) परिश्रम, उद्योग, इच्छा, लालसा ।

કસદાર (वि.) पुष्ट, मजबूत, बलवान, रसीला, सरस ।

કસબ (सं.) सोने या चाँदी के तार जो क़सीदे के काममें आते हैं । हुन्नर, होशियारी, शिल्पविद्या

કસબણ-બાતણ (सं.) वेश्या, कुकर्म करनेवाली, रंडी, छिनाल ।

કસબાતી (सं.) कस्बेका निवासी,

કસબી (सं.) हुन्नरसंद, गुणी, चतुर, होशियार, सोने या चांदीके तारका बनाहुवा ।

કસબો (सं.) गाँव, कस्वा,

કસમ (सं.) शपथ, सौगन्द ।

કસમ આપવા-ખવાડવા (क्रि.) शपथ दिलाना, हलफ़ दिलाना।

કસમખાવા (क्रि.) सौगन्दखाना शपथ लेना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કસંબો–સુંબો (सं.) कसूमका रंग, एक प्रकारका लाल वस्त्र; अफीमको पानीमें पतला करके बनाहुवा पेय द्रव्य ।

કસર (सं.) कमी, घटी, न्यूनता, कमआदम, मितव्ययता, रोग के कुछकुछ चिन्ह अवशिष्ट जो लगभग आराम होचुकाहो, अरुचि, नाराजी ।

કસરત (सं.) अभ्यास, मुहाविरा, व्यायाम ।

કસરતશાળા (सं.) व्यायामशाला ।

કસરિયું (वि.) किफायती, कमखर्च भितव्ययी ।

કસલી (सं.) छोटा लोटा या कटोरा ।

કસવું (क्रि.) कसकर बांधना, प्रयत्न करना, शोधना, जाँचना, सोने को परखना ।

કસાઈ (सं.) घातक, वधिक, निर्दय, मांस बेचनेवाला । [मोहल्ला ।

કસાઈવાડો (सं.) कसाइओं का

કસારી (सं.) झींगुर ।

કસુંબી, કેશંબી (वि.) लाल केशर, द्वारा रँगा हुवा । [गलती ।

કસુર (सं.) अपराध, दोष, पाप,

કસુવાવડ (सं.) गर्भपात, गर्भस्राव ।

કસોટી (सं.) धातु परीक्षक पत्थर, शोधक, पहचान जांच । [कचरा ।

કસ્તર (सं.) कूड़ा, कर्कट, मैला

કસ્તૂરી મૃગ—રિમૃગ (सं.) वह हरिण जिसमें कस्तूरी होती है ।

કસ્તૂરી (सं.) मृगमद, औषधि विशेष, मुश्क । [निकालना ।

કહાડવું (क्रि.) निकाल देना, खींच

કહાડી નાંખવું (क्रि.) निकाल देना काट देना, मिटा देना ।

કહાડી મેલવું (क्रि.) बरखास्त करना, पदच्युत करना, निकाल बाहिर करना । [वर्णन ।

કહાણી (सं.) किस्सा, बयान,

કહાર (सं.) पालखी उठानेवाला ।

કહેવું (क्रि.) कहना, कथन करना, (सं.) शब्द, वर्णन व्याख्या ।

કળ (सं.) उपाय, यत्न, तदबीर, हिकमत, उपाय, ताला, चीरफाड़ का दर्द, अभ्यास, मुहाविरा, उपाय, सहायता, सुख चैन ।

કળતર (सं.) जोडों में दर्द, चीरफाड़ का अधिक दर्द ।

કળવું (क्रि.) समझना, सोचना, विचारना ।

કળશ–સ (सं.) गुम्बज, गृह, मीनार, मंदिर का मुकुट, घट, घड़ा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કળશિયો (सं.) छोटा जलपात्र, गगरी, लोटा, कटोरा,

કળસી (सं.) १६ मन का वज़न।

કળા (सं.) सोळहवां अंश, शिल्प आदि विद्या, हुन्नर, चतुरता, चाला की, मुख की कांति, मोर की उठाई हुई पूँछ।

કળા કૌશલ્ય (सं.) कला और विज्ञान, कला कौशल्य।

કળાધર (सं.) चन्द्रमा, चाँद, मोर

કલાવન્તી (सं.) नाचनेवाली, रंडी, वेश्या।

કળી (सं.) कळिका, चने के आटे का बना हुवा सूत्र सामान खाद्य पदार्थ, मिठाई की किस्म, अंगर-खेमें लगनेवाली तिकोनी कली।

કળી ચુનો (सं.) बेबुझा चूना, आहक।

કક્ષા (सं.) ग्रहपथ, ग्रहमार्ग।

કાં (क्रि. वि.) क्यों, काहेको, किस लिये।

કાંઇ (क्रि. वि.) कुछ थोड़ा

કાંકરી (सं.) छोटे छोटे पत्थर, रेत, बालू, कंकड़ी पथरी।

કાંકરો (सं.) पत्थर, कंकर। शक शुभा, सन्देह।

કાંકીડો (सं.) गिरगट।

કાં કે (क्रि. वि.) क्यों कि, कारण कि, इसवास्ते, से, जैसा,

કાંગુ (वि.) स्वादिष्ट, कोमल, निर्बल, कमजोर, अशक्त।

કાંચવું (क्रि.) बहकाना, फुसलाना, धोका देना, छळ करना, जुड़ना संभोग करना, मैथुन करना

કાંચળી (सं.) छाती ढांकने का कपड़ा, अंगिया। [लेई, सरेस।

કાંજી (सं.) कंजी, माँड, लपसी,

કાંટલો (सं.) तोते के गले में नये रंग की कंठा, ढरकी, नारी।

કાંટા (सं.) कंटक शूल, तराजू, घड़ी के कांटे, पैनी नोंक, रोक, आड़ रीढ़, पीठकी हड्डी, मछली पकड़ने का कांटा, बालों का खड़ा होना, नाक पहिनने का भूषण, नुकीली पैनी मछली की हड्डी, गुणाकार को सही या गलत जानने की तरकीब, शक।

કાંઠો (सं.) किनारा, तीर कुएकी परिधि, सीमा, सीरा।

કાંડું (सं.) कलाई, पहुँचा।

કાણું (सं.) छेद, छिद्र, द्वार, काणा, एक आँखका।

કાતવું (क्रि.) कातना धागाखीं-चना, घटाना, कम करना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કાંદો (सं.) प्याज, काँदा, लाभ, फायदा । [क्रिस्त ।
કાંધ–ધું (सं.) स्कंध, कंधा (सं.)
કાંપ (सं.) फाँक, टुकड़ा, केम्प, काली जमीन खाद के योग्य ।
કાંપવું (क्रि.) काटना, थर्राना, धूजना । [कामारि ।
કાંબળી–ળો (सं.) कम्बळ, लोई
કાંબા (सं.) एक प्रकार का चाँदी का भूषण [लिये !
કાંય–રે (क्रि. वि.) क्यों, किस
કાંસ (सं.) आबपाशी के लिये बनाई हुई नाली ।
કાંસકી–કા (सं.) कंघा, कंघी
કાંસા–સિયાં (सं.) बड़ी झाँझ, बड़ी करताळ । [धातु ।
કાંસું (सं.) कांश्य धातु, काँसी
કાઈ જવું (क्रि.) घबराजाना, थक जाना, कँदराजाना, उकताजाना ।
કાઉ કાઉ–(सं.) काँय काँय शब्द,
કાક (सं.) कौवा, कागा, कपटी
કાકડા (सं.) मोटा पलीता, बड़ी मशाल, मानसिक, दिली, एक मोटी बत्ती, लटकन, लङ्गर ।
કાકપત્ર–ત્રું (सं.) भूल का चिन्ह, निशान, यह बतलानेवाला चिन्ह कि इस स्थान पर यह होना चाहिये ।

કાકર (सं.) करवत के दाँते, आरे के दाँते । [चिरौंरी ।
કાકલુતી (सं.) प्रार्थना, विन्ती,
કાકવી (सं.) राब, शीरा, गुड़ ।
કાકા–કો (सं.) सगा चाचा, बाप का सहोदर बंधु, बाप का छोटा भाई, काँव काँव । [कोकिला ।
કાકાકૈઆ (सं.) काकतुवा, कोयल,
કાકાપુરી (वि.) निकम्मा, व्यर्थ, वर्णशंकर, नीच ।
કાકાબળિયા (सं.) छोटी चेचक ।
કાકી (सं.) काकी, चाचा की पत्नी ।
કાખ (सं.) काँख, बगल,
કાખબલાઈ–બિલાડી (सं.) एक प्रकार की काँख की बीमारी ।
કાગડો (सं.) कौवा, वायस, (वि.) नटखट, धूर्त ।
કાગદી (सं.) कागज कलम आदि लिखनेकी सामग्री बेचनेवाला । कागज का कारीगर या दस्तकार, पतली कोमल वृक्ष छाल या चमड़ा
કાગવાસ (सं.) काकबलि, कौओंके निमित्तका पदार्थ ।
કાગત્રિધા (सं.) भविष्यत् कथन, भविष्यद्वाक्य, आगम ।
કાગળ (सं.) कागज़, पत्र, चिठ्ठी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કાગળપત્ર (सं.) पत्रव्यवहार, पत्रालाप ।
કાગારોળ (सं.) विलाप, सदन, आपद, दुर्गति ।
કાંક્ષા (सं.) इच्छा, चाह, ख्वाहिश,
કાચ (सं.) दर्पण, शीशा, मुकुर, बिल्लौर, कच्चा हीरा ।
કાચંડો (सं.) एक प्रकार का जानवर, गिरगट ।
કાચર (सं.) छोटा टुकड़ा ।
કાચલી (सं.) नारियल के ऊपर का छिलका, नरेठी ।
કાચી જપ્તિ (सं.) न्याय होने के पूर्व रोक, रोक । [नोट ।
કાચી નોંધ (सं.) कच्ची वही, कच्चे
કાચી બુદ્ધી–દ્ધિ (वि.) भोला, मूर्ख पागल (सं.) अनभ्यस्त, अनाड़ीपन, न तजुर्बेकारी ।
કાચી મુદત (सं.) निश्चित समय से पूर्व, अनिश्चित समय ।
કાચું (वि.) अपक्व, कच्चा, अधूरा ।
કાછ (सं.) कमर, कछुआ, कच्छप,
કાછડી (सं.) लाँग, धोती की लाँग
કાછડી છુટો (वि.) लंपट, अय्याश, गंदा, खुला, बिखरा, भ्रष्ट, पतित।
કાછડો (सं.) साड़ी का पल्ला, साड़ी की लाँग ।

કાછીયો (सं.) काछी जाति, शाक भाजी बेचनेवाला ।
કાજ (सं.) काम, धन्धा, कार्य, कारबार, व्यौहार,
કાજગરૂ–રો (वि.) महँगा, कीमती, मूल्यवान, कोमल, स्वादिष्ट, फला, खिला, कली, बौर ।
કાજ સારવું (क्रि.) पूरा करना, अन्त तक सम्पूर्ण करना ।
કાજળ (सं.) कज्जल, अंजन, दीपककी कारिख, मल्हम, लेप !
કાજી (सं.) न्यायाधीश (मुसलमानों के लिये) [फल ।
કાજુ (सं.) काजू, एक प्रसिद्ध
કાજે (क्रि. वि.) लिये, वास्ते, अतः एतदर्थ । [शहतीर, मैला ।
કાટ (सं.) मुर्चा, ज़ंग, रोक,
કાટ કાહાડવો (क्रि.) रोक तोड़ना, मारना, वध करना, तैकरना, निर्णय करना, ठीक करना ।
કાટકૂટ (सं.) मकान बनाने की टूटी फूटी सामग्री, कतरन, कांट छांट [कड़क
કાટકો (सं.] गर्ज, बिजली की
કાટકોણ–ખુણો (सं.) समकोण ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કાટપીટીયો (सं.) लकड़ी बेचनेवाला, लठ्ठे बेचनेवाला ।

કાટલું-લા (सं.) वज़न, बाट, परिणाम, कमी ।

કાઠડી-ડું-ડો (सं.) लक्कड़की काठी, बैठक (लक्कड़की)

કાઠી (सं.) छड़ी, जलानेकी लकड़ी (एक जगह बंधी हुई) मौली, नाप १६- फीटका, काठियावाड़के लोग, डंडा । [शरीरकी बनावट ।

કાઠું (सं.) शरीरका ढाँचा, या

કાઢઘાલ (सं.) बारबार निकालना और रखना । [लेना, लेआना ।

કાઢવું (क्रि.) निकाल लेना, खींच

કાઢો (सं.) क्वाथ (औषधियोंका)

કાણ (सं.) दूसरों के शोकमें शोक प्रदर्शित करने को मिलना ।

કાણું (वि.) छेदवाला, छेददार एक आँख का (सं) छिद्र, छेद।

કાત (सं.) पेट, सुनार का जम्बूर, सुनार का एक औज़ार ।

કાતર (सं.) कैंची, कतरनी ,

કાતરવું (क्रि.) काटना, कतरना, छाँटना, कम करना, घटाना ।

કાતરા (सं.) तड़कन की दरार या फाँक ।

કાતરિયું (सं.) अटारी, लकड़ी का शस्त्र विशेष, मकान की ऊपरी मंजिल ।

કાતરી-ળી (सं.) पतली फाँक ।

કાતી (सं.) लोहा, छल, कपट, करौत, आरी, चाकू ।

કાતુ (सं.) चाकू, छुरी,

કાથ (सं.) शक्ति, ताकत, कपड़ा, साहस, उत्साह ।

કાથો (सं.) रस्सियों का बंडल,

કાદવ-વાળું (सं.) कीचड, पंक, कचरा, मैला,

કાન (सं.) कर्ण, श्रोत्रेन्द्रिय, तोप या बन्दूक की आंख या बत्ती लगाने की जगह ।

કાનકોતરણી (सं.) कान का मैल निकालने की सलाई ।

કાનકાપવા (क्रि.) मात करना, हरादेना, बढ जाना, सबक़त ले जाना ।

કાન ખજુરો (सं.) गोजर, खन, खजूरा, कनसळा, कई टाँगों का कीडा । [२ कानों की चमगीदड़।

કાનચિભોર (सं.) चमगीदड़, लम्बे

કાન દેવા-માંડવા (क्रि.) कान देना, ध्यान देना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કાન પકડવો (क्रि.) कान पकड़ना, अपराध स्वीकार करना, खेद करना ।
કાન ઝાલવો (क्रि.) पूर्ववत् ।
કાનપર હાથ દેવો–રાખવો–કાનેથી કાઢી નાંખવું (क्रि.) अस्वीकार करना, न मानना, अंगीकार न करना, तुच्छ जानना, घृणा करना
કાન દેવા (क्रि.) ध्यान देना ।
કાનની બૂટ (सं.) कान का सिरा
કાનનું–નો કાચું (वि.) विशेष करके बहिरा, भोळा, सीधासादा ।
કાનનો પડદો (सं.) कान का पर्दा, कानके भीतर की झिल्ली ।
કાન ફુંકવા (सं.) बहकाना, उत्तेजना देना, सावधान करना दिळी पक्षपात करना ।
કાન ફૂટી જવા (क्रि.) बहरा हो जाना, या सुन्न होजाना। [करना ।
કાનમાં કહેવું (क्रि.) काना फूसी
કાનસ (सं.) पंक्ति, कतार,
કાનસુળ–ળા (सं.) कर्ण शूळ, कान का दर्द । [चाळ, चळन ।
કાનુન(सं.) कायदा, नियम, रीति,
કાનો (सं.) काना, जो अक्षर के पास । इस रूपमें लगाया जाता है, जिसके लगनेसे व्यंजन का उच्चारण " आ " युक्त होता है । आ स्वर की मात्रा ।
કાનોમાત્ર (सं.) काना और मात्रा " ो " ओ स्वर की मात्रा ।
કાંત (सं.) पति, प्रेमी, खसम ।
કાંતા (सं.) पत्नि, प्रिया, पृथ्वी,
કાંતિ (सं.) चमक, शोभा, दीप्ति सौन्दर्य, काच ।
કાપ–કાભ (सं.) चोट, घाव, जख्म, व्रण, कान का भूषण ।
કાપડ–બજાર (सं.) वस्त्र, टुकड़े माल, कपड़े का बाजार कपड़े का व्यवसाय । [विक्रेता ।
કાપડિયો (सं.) बजाज, वस्त्र
કાપડું (सं.) अंगिया, चोली ।
કાપણી (सं.) फसल पकने का समय, फसल काटने का वक्त ।
કાપવું (क्रि.) काटना, गिरना, कम होना, घटना । [वणी ।
કાપશી (सं.) कपास का पौदा ।
કાપાકાપી–(सं.) मारकाट, हत्याकाण्ड, काटाकूटी,
કાપી નાંખવું (क्रि.) काट डालना, छांट डालना ।
કાપુસ (सं.) रूई, कपास, कर्पास।
કાપો (सं.) चिन्ह, लकीर, सतर काट, धारी, लहर ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કાફર (सं.) अधर्मी, बेदीन, दुष्ट, नीच, दुर्जन, काफ़िर ।

કાફરી (वि.) दुष्ठता, दुर्जनता, काला आदमी, हबशी, नारकी ।

કાફલો (सं.) पवित्रात्मा का शरीर, यात्रियों का झुंड, यात्री जहाजों का बेडा ।

કાફી (सं.) काफी चाह की तरह पी जाती है, राग काफी ।

કાબર ચીતરૂ–કબરૂં (सं.) चित कबरा, भूरा, रंगविरंगा ।

કાબરી (सं.) चावल के छोटे फूल ।

કાબા (सं.) भारतीय दक्षिण समुद्र के डाकू ।

કાબુ (सं.) अधिकार, हक, शक्ति पौरुष, वजन, प्रभाव, दबाव ।

કાબુદાર (वि.) शक्तिवान, प्रभावोत्पादक ।

કાબેલ (सं.) होशियार, पटु, चतुर, लायक, निपुण, गुणी ।

કાબેલિયત (वि.) चतुरता, लायकी, प्रवीणता, होशियारी । [कर्कशा ।

કાભા (सं.) बुरे स्वभाव की औरत,

કામ (सं.) कार्य, धन्धा, प्रयोग, आनन्द, काज, पेशा, ओहदा, कारबार, मामला, पदवी, गौरव, योग्यता, कामेच्छा, कामदेव ।

કામ કળા (सं.) चालाकी, चतुराई, रति, कामदेव की भार्या ।

કામકાજ (सं.) कार्य, बर्ताव, कारबार, व्यौहार । [काजी ।

કામગરૂ (वि.) परिश्रमी, कास,

કામ ચલાઉ (वि.) गमनीय, काम चलाने योग्य, काम धकाऊ, एवजी योग्य ।

કામ ચલાવવું (क्रि.) काम चलाना, किसी प्रकार काम निकालना ।

કામ ચોર (वि.) कामसे जी चुरानेवाला, काम से मुहँ छुपानेवाला ।

કામજ્વર (सं.) प्रेम ज्वर, कामदेव से पीडित होकर बुखार हो जाना ।

કામ જોગ (वि.) काम के लायक, उपकारी, उपयोगी ।

કામઠી–ઠું (सं.) बाँस की चर्पट, बाँस की खपच्ची, कमान, धनुष ।

કામણ (सं.) जादू, टोना इन्द्रजाल, टुटका ।

કામણગારૂ (सं.) जादूगर, टोने करनेवाला, जादू मंत्री ।

કામણ ટુમણ (सं.) जादू, जादूगरी, इन्द्रजाल, टोना ।

કામદાર (सं.) सर्कारी शरिस्ते या दफ्तर सम्बन्धी, मंत्री, व्यवस्थापक, सरबराहकार, शासक ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કામદુધા–ર્ગા (सं.) कामधेनु, इच्छित पदार्थ देनेवाली गऊ ।

કામદેવ (सं.) मदन, अतनु, मार, प्रेम के अभिष्टाता देव ।

કામધંધો (सं.) काम काज, व्यापार, कार्य, काम ।

કામના (सं.) इच्छा, चाह, अभिरुचि, वासना ।

કામની (सं.) कामयुक्ता स्त्री, कोमल हृदयवाली, प्रेमिणी, (सं.) उपादेय, उपयोगी,

કામનું (वि.) मुफीद, काम में आनेवाला, उपयोगी काम का ।

કામરૂપ–પી (वि.) इच्छानुसार रूप धारण करनेवाला, प्रेमी, मोहनी, [रताभिलाषा, कामेच्छा ।

કામ વાસના (सं.) विषय वासना,

કામ વિકાર (सं.) प्रेम की बीमारी, हरी बीमारी । [शास्त्र ।

કામશાસ્ત્ર (सं.) रतिशास्त्र, कोक

કામળ–ળી (सं.) कम्बल, लोई

કામા (सं.) प्रिया, विराम का चिन्ह (,) [पीड़ित, कामुक ।

કામાતુર (सं.) कामांत, काम

કામિની (सं.) रूपवान स्त्री ।

કામી (सं.) कामातुर, रसिया ।

કામેટી (सं.) कमेटी, सभा, पंचायत, परीक्षा, जाँच । [त्तेजन,

કામોદય (सं.) प्रारंभिक प्रेम, कामो-

કામ્ય (वि.) प्रेम के योग्य स्वार्थी, खुद मतलब ।

કાયદાસર–દેસર (क्रि. वि.) न्याय युक्त, उचित, ठीक, सही ।

કાયદો (सं.) कानून, नियम, आज्ञा हुक्म,

કાયફલ (सं.) एक औषधि विशेष, कायफल ।

કાયમ (सं.) मुकर्रर, नियत, दृढ, मजबूत । [थका, सुस्त ।

કાયર–રૂ (सं.) डरपोक, बुज़दिल,

કાયલી (वि.) बिमारी, अस्वस्थता ।

કાયર કરવું (क्रि.) थकाना, घृणा करना, क्लेश देना, खिझाना, चिड़ाना ।

કાયા (सं.) शरीर, देह, जिस्म, बनावट ।

કાયા કષ્ઠ (सं.) शारीरिक दुःख ।

કાર (सं.) प्रत्यय (कर्ता)

કારકી–ર્દી (सं.) शासन की अवधि कामकावक्त, कार्य काल ।

કારકુન (सं.) क्लर्क, मुन्शी, लेखक ।

કારખાનું (सं.) कार्यालय, वर्कशॉप । [कसीदा ।

કારચોબ–બી (सं.) दस्तकारी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કારજ (सं.) कार्य, काम, काज़, उत्सव सम्बन्धी अवसर । [शय।

કારંજો (सं.) फव्वारा, कुंड जला-

કારણ (सं. सबब, गरज़, जरूरत, लिये (अव्य.) क्योंकि (उप.) अतएव, इस लिये ।

કારણસર (क्रि. वि.) इस कारण, कामसे, अतएव ।

કારતુસ (सं.) कारतूस (बन्दूकके)

કારભાર (सं.) प्रबन्ध, कामकाज, शासन । [पक, शासक ।

કારભારી (सं.) मेनेजर, व्यवस्था-

કારમું (वि.) अद्भुत, अज़ीब, विचित्र ।

કારસ્તાન (सं.) धोका, छल, चालाकी, हिस्सा, [कपट, तदबीर ।

કારસ્તાની (वि.) उपाय, यत्न,

કારાગૃહ (सं.) जेलखाना, जेल, बन्दीगृह ।

કારી (वि.) गहिरा, दिल की टूट शब्द के अंतमें कारण बतलानेवाला अक्षर, विकास, प्रभाव, अधिकार, आवश्यक ।

કારીગર (सं.) शिल्पी, शिल्पकार, कामकरनेवाला, दस्तकार ।

કારીગરી–ગીરી (सं.) विद्या, गुण, प्रवीणता, चतुरता, हुनर ।

કારેલું (सं.) करेला, एक प्रकारकी कड़ी भाजी । [काम धन्धा ।

કારોબાર (सं.) प्रबन्ध कामकाज,

કારોબારી મંડળ (सं.) प्रबंध कारिणी सभा, व्यवस्थापिका सभा।

કાર્મુક (सं.) धनुष, चाप ।

કાર્ય (सं.) काम, धन्धा ।

કાર્ય પ્રયોજન (सं.) उत्सव, कारण वजह, अभिप्राय, प्रयोजन।

કાર્યસાધક (सं.) दलाल, काम बनानेवाला, [कार्यता ।

કાર્યસિદ્ધિ (सं.) सफलता, कृत

કાર્યાકારણ (क्रि. वि.) आवश्यकता के लिये पर्याप्त ।

કાલ (सं.) आनेवाला दिन, कल,

કાલબુત (सं.) प्रथम कारण, आदि निकास, कालबूता (लकडी का नमूना जूते बनानेको)

કાલવવું (क्रि.) मिलाना,

કાલાં (सं.) कपास का टेंटा ।

કાલાવાલા (सं.) प्रार्थना, विनती,

કાલીંગડું (सं.) तरबूज ।

કાલું (सं.) तुतलाहट माछली घोंघा, सीप ।

કાવડ (सं.) काँवर, बहँगी । [वाला।

કાવડિયો (सं.) काँवरवाला, बेंगी-

કાંવતરાંખોર–બાજ–ત્રોંખોર (सं.) चालाक, जुगतबाज़ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કાવતરૂં–ત્રું (सं.) धोका, चालाकी।

કાત્રરૂં–ત્ર્યું (वि.) पीड़ित, दुखित, उभरा, उकसा।

કાવળું–લું (वि.) स्वादिष्ट, कोमल, कुड़कीळा, भुरभुरा। [केतली।

કાવાદાની (सं.) काफी या चा के लिये

કાવો (सं.) घोडे को गोल चक्करमें घुमानेका कार्य, उबाल, काढा, काफी।

કાવાદાવો (सं.) मक्कार, चालाक,

કાવ્ય (सं.) कविता, पद्य, छन्द, रसयुक्त वाक्य।

કાષ્ઠ (सं.) लक्कड़, लकड़ी,

કાષ્ઠ ઘંટ–ટા (सं.) एक लक्कड़ जो भागनेवाली मवेशी के गले में बांधा जाता है।

કાસદ (सं.) वाहक, लेजानेवाला, हलकारा, संवाद लेजानेवाला दूत।

કાસલ (सं.) रोक, भाई, नाश, विध्वंश। [वाला, कहार,

કાહાર (सं.) पालकी ले चलने

કાહેલી (वि.) बीमारी, सुस्ती आलस्य, बेफिक्री।

કાળ (सं.) समय, उम्र, आयु, मृत्यु, यम, दुर्भिक्ष।

કાળચક્ર (सं.) समय का फेर, भाग्य का फेर, आयु परिवर्तन, चक्र, युग।

કાળચોઘડિયું (सं.) बुरावक्त।

કાળજાની કોર (वि.) प्रिय, प्यारा, प्राणाधिक प्रिय, दिली दोस्त।

કાળજાનું ખસેલું (वि.) अव्यवस्थित, केन्द्रसे हटाहुवा, पागल, विषम। [परवाह।

કાળજી (सं.) चिंता, सोच, फिक्र,

કાળજું (सं.) दिल, हृदय, कलेजा, ज़िगर। [किस्मत।

કાળદશા (सं.) भाग्य, तक़दीर

કાળમાન (सं.) समय का परिमाण, एक यंत्र समय देखने का।

કાળમાપક યંત્ર (सं.) समय देखने का यंत्र, एक प्रकार की घड़ी।

કાળાંતરે (क्रि. वि.) देरमें, विलंब से, समयान्तर से।

કાળાશ (सं.) कालापन, अँधेरा, श्यामता, तिमिर। [आभूषण।

કાળીગાંઠી (सं.) गळेमें पहिनने का

કાળીજીરી (सं.) कालाजीरी, एक औषधि विशेष। [दोष, कलंक।

કાળીટીલી (सं.) बदनामी, दाग,

કાળી દરાખ (सं.) काळी किशमिश।

કાળું (सं.) काला, श्याम अंधेरा, बुरा, दुष्ट, शरमिंदा, लज्जित।

કાળું કરવું (क्रि.) शर्मसे या अप्रतिष्ठा के कारण मुहँ छुपाना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કાળો કોપ (सं.) दुर्भाग्य, विपत्ति, आपद्। [काम, निंद्य कार्य।
કાળું ધોળું (सं.) दुष्ट, पापी, बुरे-
કાળું પાણી (सं.) देश निर्वासन, काळापानी।
કિંવા (अ.) या, अथवा,
કિકિયારી (सं.) चिक्कार, चिंघाड़, चीख की आवाज।
કિંકર (सं.) सेवक, भृत्य, दास, पत्थर, पाषाण।
કિંકરી (सं.) दासी, नौकरनी,
કિચકિચ (सं.) बकबक, झिख झिख। [दल दल, मैला, कचरा।
કિચડ-ચ્ચડ (सं.) पंक, कीच,
કિંચિતમાત્ર (वि.) थोड़ासा, कुछ,
કિડિઆં (सं.) काच के गुरिये, काच के दाने।
કિડિયારૂં (सं.) चिउंटियों का बिल,
કિતવ (सं.) जुआरी, लुच्चा,
કિતાબ (सं.) पुस्तक, पोथी।
કિતાબખાનું (सं.) लायब्रेरी, पुस्तकालय।
કિત્તા (सं.) हस्ताक्षर दुरुस्तकरने की कापी बुक, भूमि का हिस्सा या बाँटा।
કિનખાપ-બ (सं.) बूटेवाली पट्टू, बादला, कमखाब, वस्त्र की एक किस्म। [वाद्य विशेष।
કિનરી (सं.) सारंगी, चिकारा, बेला,
કિનાખોર (वि.) द्वेषी, द्रोही, लागी, कीनावर।
કિનાત (सं.) तम्बूकी दीवार, कपड़े की परिधि, कनात।
કિનારી-રી (सं.) सिरा, गोटा, रौंश।
કિનારો (सं.) तट, तीर, कूळ, हाशिया, किनारा।
કિનો (सं.) द्वेष, द्रोह, डाह, शत्रुता।
કિફાયત (सं.) फायदा लाभ, मुनाफा।
કિફાયત પડતું (सं.) सस्ता, लाभ-प्रद, फायदा देनेवाला। [महँगा।
કિમતી-તવાન (सं.) मूल्यवान,
કિમિયાગર (सं.) रसायन बनाने-वाला, कीमिया बनानेवाला, बाजी-गर, जादूगर।
કિમ્મત (सं.) मूल्य, दाम, लागत।
કિમ્મતવાર (वि.) सूचीपत्र, वस्तुओंकी कीमत प्रदर्शित करने वाला सूचीपत्र।
કિયું (सर्व.) कौन? क्या?
કિરકુલ-કોળ (वि.) पृथक पृथक् फुटकर, कई एक, मुतफर्रिकात, पचमेल।
કિરણ (सं.) रश्मि, प्रकाश,
કિરતાર (सं.) कर्ता, ईश्वर,
કિરમજ (सं.) कीड़े जिन सें एक प्रकारका रंग बनता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કિરમજી (सं.) सेंदूरिया रंग, लाल रंग ।

કિરાયાદાર (सं.) भाड़ेदार, भड़ैत ।

કિરાયું (सं.) भाड़ा, किराया, लगान, महसूल ।

કિરીટ (सं.) मुकुट, चोटी, – टी (सं.) अर्जुन (पांडव)

કિલકિલ (सं.) चिड़ियों की चुहचहाना, चहपहाट ।

કિલાવો (सं.) रस्सी जो हाथी के गलेमें उतरनेवाले को पायड़े का काम देता है ।

કિલિદાર (सं.) खजानची । कोषाध्यक्ष, धनाध्यक्ष । [कीड़ा, घुन,

કિલ્લુ (सं.) एक प्रकारका छोटा

કિલ્લેદાર (सं.) किले का अध्यक्ष, दुर्गपति । [कोट ।

કિલ્લો (सं.) क़िला, दुर्ग, गढ़,

કિશોર (सं.) अवस्था विशेष, बालक, नौजवान, छोकरा, नाबालिग २१ वर्ष से कम उम्र का (कानून में)

કિસમ (सं.) भाँति, प्रकार, जाति,

કિસાન (सं.) कृषक खेतिहार, गँवार ।

કિસ્ત (सं.) ऋण, भाग, माल, गुजारी समय समय पर चुकाना, (वि.) हार, पराजय।

કિસ્મત (सं.) भाग्य, कर्म, तकदीर,

કિસ્સો (सं.) कहानी, वर्णन ।

કીકી (सं.) लड़की, बालिका, आंख की पुतली,

કીકો (सं.) लड़का, बालक ।

કીટ (सं.) कीड़ा मकोड़ा, दक्ष, प्रवीण, निपुण । [मैल ।

કીટી (सं.) कपास का धूला, कीट,

કીડી (सं.) चिउंटी ।

કીડો (सं.) कृमि, कीड़ा, गुबडौला,

કીર (सं.) तोता, सुवा, सुग्गा,

કીર્ત્તન (सं.) गाकर के स्वर ताल के साथ ईश्वर स्मरण, भजन ।

કીર્તનિયાં (सं.) झाँझ, करताल, भजन । गायक ।

કીર્ત્તિ (सं.) नामवरी, यश, सुख्याति, बड़ाई, स्तुति ।

કીર્તિમાન–વાન (सं.) यशस्वी, प्रतिष्ठित, मानी, नामी, कीर्ति, विशिष्ट । [चार्बी, खजाना ।

કીલી (सं.) लड़की, बालिका,

કીલો (सं.) लड़का, बालक,

કુંચી (सं.) चावी, कुंजी, ताली, सूत का गोला, पता ।

કુંજડો (सं.) शाकभाजी बेचनेवाला, बाग़वान ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કુંડળી (सं.) एक छोटा गोल छल्ला, जन्मपत्री में आयुका हाल बतानेवाली ग्रहकुंडली ।

કુંડાળું (सं.) गोल, चक्कर,

કુંડી (सं.) मिट्टी या पत्थरकी कूँडी । खरल, चमड़ेकी सुराही, छोटी तलाई, पोखरा, कुंड, जलाशय, गमला, फुलवारी बोने के मिट्टी के पात्र ।

કુંભાર (सं.) कुम्हार, मिट्टी के पात्र बनाने वाला ।

કુંભુ (सं.) भूमि का नापजो लगभग १ एकड़ होताहै ।

કુંવર (सं.) लड़का, बालक, राजपुत्र, राजकुमार ।

કુંવરી (सं.) लड़की, बालिका, राजपुत्री, राजसुता ।

કુંવાર (सं.) घीकुवारका पेड़ ।

કુવારુ (सं.) बेन्याहा, अविवाहित ।

કુ (सं.) जिस शब्द के आगे लगादियाजाय उसका अर्थ विपरीत या बुराहोजाता है ।

કુઈ (सं.) छोटाकुवा, कुइया,

કુકડી (सं.) मुर्ग़ी ।

કુકડેકુક (सं.) मुर्ग़े की आवाज़, मुर्ग़े की बाँग । [शिखा ।

કુકડો (सं.) मुर्ग़; मुर्ग़ा, अरुण-

કુકર્મ (सं.) बुरेकाम, निंद्यकार्य, नीचकर्म । [अन्यायी ।

કુકર્મી (सं.) दुष्ट, बुरा, नीच,

કુકવો (क्रि.) मृतक के साथ रोते हुएजाना, मृतककेलियेरोना ।

કુખ (सं.) पसली के नीचे का भाग, कोख, कुक्ष, कोक ।

કુચ (सं.) छाती, स्तन, थप्पड़, कूद, प्रस्थान, पयान, कूच ।

કુચ કરવી (क्रि.) प्रस्थान करना, गमन करना । [कूची, ब्रश ।

કુચડો (सं.) घड़ा, मटकी, सुराही,

કુચાલ (सं.) कुरीति, बुराचलन, बुरा व्यवहार, कुटेव ।

કુચેષ્ટા (सं.) बुरी इच्छा, बुरे इरादे, चालाकी ।

કુચો (सं.) ब्रश, बुरुश, इनकार, तलछट, गाद, मैल ।

કુંછ (क्रि. वि.) थोड़ा, कम, कुछ ।

કુછંદ (सं.) वशीभूत, दोष, बांक,

કુંજો (सं.) सुराई, मिट्टीकी बनी हुई झारी । [कुंज ।

કુંજ (सं.) गुफा, मँडवा, मंडप,

કુંજર (सं.) हाथी, हस्ती, नी (सं.) हथिनी, हस्तिनी ।

કુટ (सं.) पेच, लपेट, उलझाव, (क्रि.) तोड़ना,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કુટણી (सं.) बुरी, नीच, लड़ाका, झगडालू, कुटनी, दूती, नायका ।
કુટણું (सं.) अधिक रंज के कारण छाती कूटना । [कुटना ।
કુટણું (सं.) भड्डवा, भड़वा
કુટુમ-ટુંબ (सं.) कुनवा, गृहस्थ, स्त्री, परिवार ।
કુટવું (क्रि.) छाती पीटना, मारना, कूटना, पीटना, भारी चीज से कूटना चूर चूर करना ।
કુટી નાંખવું (क्रि.) पीसना, बुकनी करना, धमाधम्म कूटना, पीटकर दाने को भूसे से अलग करना, धुनना । [हठीला ।
કુટિલ (सं.) झुका, टेढ़ा, जिद्दी,
કુટી (सं.) झोंपड़ी, मढी, छोटा घर, पर्णशाला, मढैया ।
કુટુંબ કલહ (वि.) गृह कलह, आपसी झगड़े, घरू फूट ।
કુટુંબ પરિવાર (सं.) स्त्री पुत्र, बालबच्चे ।
કુટુંબી (सं.) रिश्तेदार सम्बंधी, घरवारी, आत्मीयजन, घरके लोग ।
કુડતું (सं.) कुड़ता, कुरता,
કુંડ (सं.) गडहा, कूप, जलाशय, यज्ञ कुंड, हवन कुंड ।
કુંડળ (सं.) कर्ण भूषण विशेष, बाला, बाली ।

કુતકું (सं.) सोटा, लाठी, डण्डा, गदा, [छत्रक,
કુતરાની ટોપી (सं.) कुकरमुत्ता.
કુતરી (सं.) कुतिया, कूकरी, कुत्ती, रो, (सं.) कुत्ता, कूकर श्वान ।
કુતુહલ (सं.) अद्भूत, अपूर्व, कौतुक, खेल, तमाशा ।
કુત્સિત (वि.) निन्दित, मलीन, नीच
કુથલો-લી-થો-લી (सं.) पेचदार विषय, गहन विषय, व्यर्थका किस्सा ।
કુદકારો-કો (सं.) उछल, कूद ।
કુદરત (सं.) प्रकृति, प्रकृति का सौन्दर्य्य, स्वभाव, शक्ति ।
કુદરતી (सं.) स्वाभाविक, प्राकृतिक, असली । [फाँदना ।
કુદવું (क्रि.) उछलना, कूदना,
કુદી પડવું (क्रि.) कूद पड़ना,
કુંદન (सं.) शुद्धस्वर्ण, असली सोना, खरा सोना ।
કુંદી (सं.) वस्त्रोंपर कलफ़ या इस्तरी करने का कार्य ।
કુંદીપાક (सं.) पिटाई, कुटाई,
કુંદો (सं.) बन्दूक़ का कुंदा, लाठी सोंटा, डण्डा । [दुराचरण ।
કુપથ (सं.) बुरामार्ग, कुपथ,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કુપથ્ય (सं.) अपथ्य, अनुचित भोजन । [अपात्र ।
કુપાત્ર (वि.) अयोग्य, अनुपयुक्त,
કુપ્પો (सं.) चमड़े का कुप्पा ।
કુબ્જા (सं.) बदसूरत स्त्री डाइन, जादूगरनी ।
કુબડું (सं.) जिसकी पीठपर कूबड़ हो, बदशक्ल, कुरूप । [मति भ्रम ।
કુબુદ્ધિ (सं.) दुर्बुद्धि, गलत खयाल,
કુબેર (सं.) देवताओंको कोषाध्यक्ष, [राहुवा ।
કુબો (सं.) चूना, कलई, (विख
કુંભ (सं.) कुंभराशि, पानी का घड़ा, मटकी, घट ।
કુભાંડ (सं.) पेचीदा तदबीर, बलदार हिकमत, दुरपवाद, मिथ्याकलङ्क, सन्देह ।
કુભારજા (सं.) कर्कशा, दुष्टा, नीच औरत ।
કુમક (सं.) सहायता, मदद, योग।
કુમતિ (सं.) दुर्मति, दुबुद्धि, अल्पबुद्धि । [करुणा, दया
કુમળાસ (सं.) कोमलता, नाजुकी,
કુમળું (सं.) कोमळ, सुकुमार, नाजुक । [राजपुत्र ।
કુમાર (सं.) लड़का, छोकरा,
કુમારિકા (सं.) लड़की, कन्या, अविवाहिता । [रास्ता ।
કુમાર્ગ (सं.) कुपथ, पापमय
કુમાસ (सं.) बनावट, सौन्दर्य्य, उत्कृष्टता । [का, सर्वोत्कृष्ट ।
કુમાસદાર (सं.) अच्छी बनावट
કુમુદ (सं.) सफेद कमल, कुमोदिनी, कोई ।
કુંભકર્ણ (सं.) रावण का बड़ा भाई राक्षस, खूब सोने वाला, निंदासा, आलसी ।
કુંભી (सं.) मीनारे की नेव, खंभे की जड़, स्तंभ मूळ ।
કુરકુરિયું (सं.) पिल्ला, भेडिये का बच्चा, कुतिया का बच्चा ।
કુરંગ (सं.) हरिण, मृग,
કુરબાન (सं.) बलिदान, भेट, होम, यज्ञ (वि.) अतिप्रसन्न ।
કુરાન (सं.) मुसलमानों की धर्म पुस्तक, कुरान ।
કુલ (सं.) मुवाकिल, यजमान (वि.) सब, सम्पूर्ण टोटल ।
કુલક્ષણુ (सं.) बदचलनी, कुचाल।
કુલટા (सं.) छिनाल, व्यभिचारिणी, रंडी, कसबी, वेश्या ।
કુલડી (सं.) एक मिट्टी का पात्र, कुल्हैया, कुलदा, सारा, पुरवा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કુલીન (सं.) माननीय, सभ्य, भला, कुलवान, अच्छे घराने का
કુલીનતા–પણું (सं.) सभ्यता, भलमंसाहत, श्रेष्टता ।
કુલીન પુરુષ (सं.) भला आदमी, सज्जन पुरुष, कुलीन व्यक्ति ।
કુલું (सं.) चूतड़, ढोंगे, कूल्हा,
કુલ્લી (सं.) चमड़े का बर्तन ।
કુવાડી (सं.) कुल्हाडी, बसूला ।
કુવાદ (सं.) दोष, बुराई अपवाद,
કુવાથ (सं.) काढ़ा, क्वाथ,
કુવેતર (सं.) सींची हुई भूमि, कुए से सींचीजानेवाली जमीन ।
કુવો (सं.) कूप, कुआ ।
કુંવારી (सं.) कन्या, अविवाहिता, बे व्याही । [व्याहा ।
કુંવારો (सं.) अविवाहित, बे
કુવાસના (सं.) दुर्गन्ध, बदबू, दोष, कलङ्क । [पवित्र घास ।
કુશ (सं.) दर्भ, डाभ, कुशनाम्नी
કુશળ (सं.) कल्याण, मंगल, भलाई, पुण्य, योग्य लायक ।
કુશળતા–ળી (सं.) कुशल, क्षेम, कल्याण, निपुणता, योग्यता ।
કુશળ બુદ્ધિ–શાગ્રબુદ્ધિ (सं.) तेजी, शीघ्र समझने की बुद्धि, तीव्र बुद्धि, बुद्धिमान, अक्लमंद ।

કુશકી (सं.) चाँवलोंकी भूसी, चोकर भूसी, चावलों का छिलका ।
કુશાગ્ર (सं.) पैना, नुकीला, नोकदार,
કુશાદ (सं.) चौड़ा, विस्तीर्ण, लंवा चौडा, कुशादा, ऊँचा, घमंडी,
કુશીલ (सं.) बदमिजाज, बुरी प्रकृति का ।
કુષ્ટરોગ (सं.) कोढ की बीमारी
કુસંગ–તિ,–ત (सं.) बुरी संगति, बद सोहबत, दुर्जन सहवास, बुरासाथ । [युद्ध, व्यायाम,
કુસ્તી–બાજી (सं.) कुश्ती, मल्ल-
કુસ્તીબાજ (सं.) पहलवान, मल्ल ।
કુસંપ (सं.) असम्मत, अयोग्य ।
કુસ્વપ્ન–પ્નું (सं.) बुरा सपना,
કુસ્વભાવ (सं.) बुरी आदत, दुष्ट प्रकृति ।
કુસુમ (सं.) पुष्प, फूल,
કુહાડી–ડો (सं.) कुल्हाडा, परसा,
કુળ (सं.) वंश, कुल, खान्दान, पीढी, गोत्र, वर्ण, जाति ।
કુળકરણી (सं.) गांवका मुनीम, वह जो लेखा खूब समझता हो ।
કુળતારક–દીપક (सं.) सुपुत्र, वंशमें दीपक के तुल्य, नरश्रेष्ठ,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કુળદેવી (सं.) कुलमें पूजी जाने वाली देवी ।

કુળભૂષણ (सं.) वंशरत्न, कुलमें भूषण के समान, कुलरत्न, कुलश्रेष्ठ ।

કુળવંત-વાન (सं.) कुलीन, खान्दानी, श्रेष्ठ कुलोत्पन्न । [रीति ।

કુળાચાર (सं.) वंश रीति, कुल

કુળાભિમાન (सं.) आत्माभिमान, वंश गर्व । [सभ्य, खान्दानी ।

કુલીન (वि.) उच्च वंशोद्भव, भला,

કુક્ષ (सं.) कोख, पेट,

કૂચા-ચો (सं.) ब्रुश, बुरश, कूर्ची ।

કૂચ (सं.) प्रस्थान, पयान, प्याला, कटोरा, गुप्त, पोशीदा ।

કૂડું (सं.) दुष्ट, बुरा, नीच, बदमाश, झूठा, अविश्वासी ।

કૂર (सं.) उबले हुए चावल, भात । ['किया हुवा' होता है ।

કૃત (सं.) प्रत्यय, जिसका अर्थ

કૃતઘ્ન-ઘ્ની (वि.) उपकार न माननेवाला, अधन्यवादी, किये हुए काम का एहसान न माननेवाला ।

કૃતજ્ઞ-જ્ઞી (सं.) उपकार माननेवाला, एहसानमन्द, शुक्र गुज़ार ।

કૃતયુગ (सं.) सतयुग, प्रथम युग, देवयुग । स्वर्ण समय ।

કૃતાંત (सं.) मृत्यु, मौत, यम, यमदूत, काळ । [हाल, सिद्ध मनोरथ ।

કૃતાર્થ-ર્થી (वि.) कृतकार्य, नि

કૃતિ (सं.) काम, काज, कार्य कर्म ।

કૃત્ય (सं.) कर्तव्य, डयूटी, फर्ज़ ।

કૃત્રિમ (सं.) बनावटी, नकली, झूठा, मुतवन्ना ।

કૃત્રિમી (सं.) पूर्ववत्

કૃદંત (सं.) वह शब्द जो गुणवाचक और क्रिया के लक्षण रखता हो ।

કૃપણ (सं.) कंजूस, मक्खीचूस, सूम । [अनुकम्पा ।

કૃપા (सं.) दया, मिहरबानी,

કૃપાનાથ-નીધી-ધાન (सं) दयालु, दयासागर, ईश्वर, परमात्मा ।

કૃપાળ-ળુ (सं.) दयालु, मिहरबान ।

કૃમિ (सं.) कीड़ा, कीट, आँतके कीड़े पेट के कृमि ।

કૃમિનાશક (सं.) कीड़ों को नाश करनेवाला, कीट नाशक ।

કૃશ (सं.) दुबला, पतला, कमजोर, दुर्बल ।

કૃશાન (सं.) आग, अग्नि, पावक ।

કૃષિ (सं.) खेती, काश्त, किसानी ।

કૃષ્ણ (सं.) श्रीकृष्णचन्द्र, देवकी के लड़के (वि.) काला, श्याम ।

કૃષ્ણપક્ષ (सं.) काला पखवाड़ा, अँधेरा पखवाड़ा, बिदी, अंधेरा अर्ध मास ।

કૃષ્ણાર્પણ (सं.) निष्काम कर्म, भेट, त्यागपूर्वक भेट करना, हरि अर्पण ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કેંસ (सं.) गांठ, बन्धन, बटन बोताम ।

કે (अ.) वह, या, ऐसे, जैसे ।

કેઆમત (सं.) न्याय का दिन, अंतिम दिन, वह दिन जिस दिन मुसलमानों का न्याय ईश्वर करेगा।

કેઈ (सर्व.) कौन ? क्या ?

કેટલાંએક-ક (वि.) कई, बहुत से, बहुतेरे, चन्द, कुछ, थोड़े ।

કેટલું (क्रि. वि.) कितना ?

કેટલીવાર (क्रि. वि.) कब, किस समय ? कितनी वेर ?

કેડ (सं.) कटि, कमर,

કેડી (सं.) पगडण्डी ।

કેડે (उप.) पीछे, बाद (क्रि. वि.) इस के बाद, तब, कमरपर ।

કેડે લાગવું-પડવું-લેવી (क्रि.) पीछे पड़ना, पीछे लग जाना, पीछा न छोड़ना ।

કેડે લેવું (क्रि.) उठाना, पाळना, बच्चेको कमर पर लेना, गोदी लेना।

કેડો (सं.) पीछा, सड़क, सिरा,

કેણીગમ-તરફ, મર (क्रि. वि.) किधर, कहाँ, किस ओर, किस दिशामें । [प्रसिद्ध वृक्ष ।

કેતકી (सं.) केतकी नामक

કેતુ (सं.) नवमग्रह, झंडा, ध्वजा, धूम्रकेतु, पुच्छलतारा ।

કેદ (सं.) रुकाव, बंधन, कैद, बंन्धुआई, कारावंधन ।

કેદ કરવું-કેદમાં રાખવું (क्रि.) वन्दी करना, बंधनमें रखना, जेलमें रखना । [गृह, जेल ।

કેદખાનું (सं.) कारावास, बन्दी

કેદી (सं.) वन्दी, बँधुआ, कैदी ।

કેન્દ્ર (सं.) मर्कज, दरम्यानी, नुकता । मध्य । [लापन ।

કેફ (सं.) नशा, मस्ती, मतवा-

કેફિયત (सं.) व्यौरा, तपसीळ, कारण सबब ।

કેફી (सं.) नशेका अथवा मादक बस्तु का व्यसनी, नशेबाज, नशा ।

કેમ (क्रि. वि.) कैसे, किस प्रकार क्यों?

કેમ કરતા-મે કરીને (क्रि. वि.) किसीभी भाँति, कैसेभी, किस भाँति?

કેમકે-જે (अ.) वास्ते, लिये, अतः क्यों कि, कारण कि, इस लिये ।

કેમરે (क्रि. वि.) क्यों ? किस वास्ते ?

કેર (सं,) दबाव, सख्ती, जुल्म, अन्याय, कठोरता, उपद्रव, स्वतंत्र राज्य ।

કેરબો (सं.) एक प्रकारका नाच, गुजराती नाच कहरवा, गुलाब जल रखनेका शुण्डाकार काच का पात्र । [बेर, एक प्रकारका फल।

કેરાં (सं.) कैर, टेंट, एक प्रकारके खट्टे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કેરી (सं.) आम, आम्र, चूत ।

કેવડું (क्रि. वि.) कितना, कितना, (अधिक) कितना (बड़ा)।

કેવડો (सं.) केवड़ा वृक्ष, (क्रि. वि.) कितना (पुराना) कितना (बड़ा)

કેવળ (वि.) शुद्ध, केवळ, सिर्फ (क्रि. वि.) सब, सब प्रकार, ठीक ।

કેવળ પ્રયોગી અવ્યય (सं.) (व्याकरण में) अव्यय ।

કેવારે (क्रि. वि.) कब ? किस समय ?

કેવું (वि.) कैसा, किसभाँतिका,

કેશ–સ (सं.) बाल, कच પાશ (सं.) बालों की गांठ।

કેશર–સર (सं.) जाफरानी रंग । केशरिया रंग । जाफरान ।

કેશવાળી (सं.) सिंह या घोड़े की गर्दन के बाल, अयाल ।

કેશાકર્ષણ (सं.) बालों का खिंचाव केशाकर्षण, बालों की खींच,

કેસરિયાં કરવાં (क्रि.) युद्धमेंजी तोड़ परिश्रम करना ।

કેસરી (सं.) शेर, सिंह, केहरि,

કેસુડાં (सं.) पलाश, वृक्षके पुष्प

કેહેણુ (सं.) संदेशा, खबर, बुलावा, निमन्त्रण ।

કેહેણી–તી–વત (सं.) कहावत, कहतूत, मसला, निंदा दोष, कलंक, अपयश । [कथन करना ।

કેહેવું (क्रि.) कहना, बोलना,

કેળ (सं.) केले का वृक्ष, रंभा वृक्ष, कदली वृक्ष ।

કેળપડી (सं.) ग्यारहकी संख्या,

કેળવણી (सं.) शिक्षा, इल्म विद्या उपदेश ।

કેળવવું (क्रि.) सिखाना, शिक्षा देना, पालना, तालीम देना।

કેળું (सं.) केला, रंभा फल, कदली फल ।

કૈક (वि.) बहुतेक, बहुतेरे, कई,

કૈલાસ (सं.) कैलास पर्वत, शिवजी के रहने का पहाड ।

કૈલાસવાસી (वि.) शिव धाम के रहनेवाले, मृत, मेराहुवा ।

કૈવલ્ય (सं.) मुक्ति, मोक्ष, निर्वाण, परित्राण, परधाम की प्राप्ति, लय,

કોઈ (वि.) कोऊ, कोई एक,

કોઈકાળે (क्रि. वि.) किसी समय कभी कभी, बिरले ।

કોહતું (सं.) बसूला, कुल्हाडी ।

કોકબાણુ (सं.) काम बाण, मदन शर, कामदेव के तीर ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કોકમ (सं.) आम की गुठली, अमचूर । [कुछ गरम, गुनगुना ।
કોકરવાયુ (वि.) कुनकुना, कुछ
કોકરવું (सं.) कान की बाली ।
કોકશાસ્ત્ર (सं.) रतिशास्त्र, कामशास्त्र वह शास्त्र जिसमें गर्भ विषयक वर्णन हो । प्रेमशास्त्र ।
કોકિલ-લા (सं.) कोयल, पिक
કોગળિયું (सं.) हैजा, विसूचिका।
કોગળો કરવો (क्रि.) कुल्ला करना, गंडूष કોગળો (सं.) कुल्ला, कुल्ली, गण्डूष । [सेज, शय्या ।
કોચ (सं.) पलंग, खाट, पर्यंक,
કોચરું-લું (सं.) कठिन छिलका, नरेठी, नरियल का सख्त छिलका ।
કોચવુ (क्रि.) वेधना, छेदना, सूराखकरना, गड़ोना, चुभोना ।
કોટ (सं.) गर्दन, गला, शहर पनाह, नगर प्राचीर, कोट, किला, दुर्ग, कोट (वस्त्र) [कोठा ।
કોટડી (सं.) कमरा, कोठरी,
કોટલ (सं.) जादू, टोना, मंत्र टुटका । [पोलिस मजिस्ट्रेट ।
કોટવાલ (सं.) मुन्सरिम, थानेदार,
કોટવાલી (सं.) पुलिस कचहरी, पुलिस स्टेशन, थाना ।

કોટિ-ટી (सं.) करोड़, दस लाख। आलिंगन, गोद । [डोंगी ।
કોટિયું (सं.) डोंगा, छोटीनाव
કોટિલો (सं.) कातने का औजार, ताकू, तकला ।
કોટી કરવી (क्रि.) लिपटाना, आलिंगन करना, छातीसे लगाना ।
કોડું (वि.) झांसा, धोखा, कपट प्रवन्ध, अधम प्रेम, फंदा, फाँसी, वन्दोवस्त, प्रवंध ।
કોટયાન કોટિ (वि.) करोड संख्यक, कोटि कोटि, करोडों, अगणित । [एक प्रकार का फल।
કોઠ (सं.) एक प्रकार का सांप,
કોઠાર (सं.) खत्ती, बखारी, भण्डार गृह । [व्यापारी ।
કોઠારી (सं.) भण्डारी, अन्न का
કોઠી (सं.) अन्न भरने की मिट्टी की वनी कोठी, आढत, गोदाम, सरकारी आफिसर के रहने का स्थान । निवास स्थान ।
કોઠું (सं.) सूरत, शक्ल, रूप, दिखावट, मुखलक्षण, निरूपण विद्या, इल्मक़याफ़ा । फल ।
કોઠો (सं.) पेट, उदर, जठर, संक्षेप, सारसंग्रह, भोजन, खाना, अंगरखे का ऊपरी भाग ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કોડ (सं.) लालसा, अभिलाषा, चाह, चिंता, सोच ।
કોડિયું (सं.) कम गहिरा मिट्टी का प्याला, कोढी, कुष्टी ।
કોડિલું (वि.) उत्सुक, अनुरागी, अभिलाषी, ललायित, इच्छुक ।
કોડી (सं.) कौड़ी, सख्त छिलका, निकम्मा, अनुपयोगी, २० नग ।
કોડું (सं.) घोंघा, मोहरा, [चूल्हा।
કોઢ (सं.) कुष्ट रोग, भट्टी, भाड़,
કોણ (सर्व.) कौन? क्या ? (सं.) कोना, खूंट, दो रेखाओं का मेळ ।
કોણ જાણે (क्रि. वि.) क्या जाने! शायद, संभवतः ।
કોણી (सं.) कुहनी
કૌતુક (सं.) अ ्ुत, अजीब, अचंभा, आश्चर्य्य,
કોતર (सं.) गुफा, कन्दरा, ग़ार माँद, छिद्र, तळघर ।
કોતરણી (सं.) खुदाई, नक्काशी, खुदाई करने का औज़ार ।
કોતરવું (क्रि.) खोदन, काटना, पत्थरपर नक्काशी करना, बिल खोदना ।
કોતલ (वि.) फालतू, अल्प व्ययी।
કોઈતાઈ (सं.) कमी, घटी, न्यूनता।
કોથમીર (सं.) धनिये का पौधा ।
કોથળી (सं.) थैली, एक हज़ार की संख्या, (बोल चाल की भाषा में)
કોથળો (सं.) थैला, बोरा, [कोदूँ।
કોદરા (सं.) एक प्रकार का अन्न,
કોદાળી (सं.) कुदाली, फावड़ा, खुर्पी ।
કોનવત (सं.) ईशान कोण या वायव्य कोण का खड़ा लम्बारूप
કોનાત્મક (वि.) नुकीला, कोणयुक्त,
કોપ (सं.) क्रोध, राग, तामस, रिस, [तल का मिश्रण ।
કોપરબરાસ (सं.) ताँबे और पी-
કોપરાપાક (सं.) एक प्रकार की मिठाई जो खोपरे और शक्कर के योग से बनती है । मार ।
કોપરિયું (सं.) कुहनी [खोपरा ।
કોપરું (सं.) नारियल की गरी,
કોપરેલ (सं.) खोपरेका तेळ, नारियल का तेल ।
કોપવું (क्रि.) क्रुद्ध होना, नाराज होना, कीमत करना । [कुपित ।
કોપાયમાન (वि.) क्रुद्ध, नाराज,
કોપીન (सं.) लँगोटी ।
કોમર (सं.) खड्ड, दर्रा, घाटी, दो पहाड़ों के बीच की जगह ।
કોબીજ (सं.) गोभी, करम ला ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કોબો કરવો (क्रि.) चूने का फर्श पीटकर बनाना, फर्श पर चूना कूटना । [कौम ।

કોમ (सं.) लोग, वर्ण, जाति,

કોમળ (सं.) मुलायम, नरम, मृदु । [मृदुता, सुकुमारता ।

કોમળતા (वि.) नरमी, मुलायमी

કોયડો (सं.) पहेली, बुझौवळ, प्रवाल्हिका । [कोकिला, पिक ।

કોયલ (सं.) भारतीय कोकिल,

કોયલો (सं.) कोला, बुझाहुवा अंगारा । [प्रान्त भाग । गोट ।

કોર (सं.) किनारा, छोर, कगर,

કોરટ (सं.) कोर्ट, न्यायालय, अदालत ।

કોરડું-રાડું (वि.) सूखा, सील नमी, तरी, आदि से रहित ।

કોરડો (सं.) चाबुक, कोड़ा, शक्ति, अधिकार ।

કોરણ (सं.) देखो કોર

કોરણી (सं.) देखो કોતરણી

કોરમું (सं.) धीमी धीमी आग से पकाई, उबली, हुई, दली हुई दाल।

કોરી (सं.) चाँदी का एक छोटा सिक्का जो लगभग चार आने के होता है।

કોરૂં (सं.) कोरा, नया, सूखा, शुद्ध, बे बर्ती वस्तु, सादा, चौरस।

કોરે (क्रि. वि.) एक तरफ अलग (उप.) के पास, समीप, कोने में।

કોરે મુકવું (क्रि.) अलग रखना, एक तरफ डाल देना ।

કોરે રાખવું (क्रि.) एक तरफ डाल रखना, एक ओर बिठा रखना ।

કોલ (सं.) शब्द, वचन, जहाज़ का बन्दरगाह में प्रवेश, खरळ, वादा, गिरो, जमानत, बन्धक, रहन । [रार, वादा, संधि, मेळ।

કોલ કરાર (सं.) नियमपत्र, इक-

કોલસો (सं.) देखो કોયલો

કોલાહલ (सं.) रौला, कलकल, शोर गुल । [परिश्रम द्वारा पुष्ट।

કોલાટી (सं.) पुष्ट, शारीरिक

કોલું (सं.) गीदड़, लड़ैया, स्यार, लोमड़ी ।

કોલો (सं.) कबरापन, भूरापन।

કોવિદ (सं.) पढ़ा लिखा आदमी, विद्वान, पंडित, डाक्टर, हकीम ।

કોશ (सं.) खजाना, भंडार, अभिधान, डिक्शनरी, लुगत । म्यान, कली, कलिका, घन, खोदने का औजार, [प्रयत्न ।

કોશિશ-શેશ (सं.) यत्न, उद्योग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કોશેટો (सं.) रेशम का कीड़ा, कच्चे रेशम का कोया ।

કોષ્ટક (सं.) लेखा या गिन्ती का नक्शा । कोष्टक । ब्रेकेट ।

કોસ (सं.) दो मील, कोश, चमड़े का डोल या डोलची, खोदने का लोहे का औजार, खनित्र ।

કોસણ (सं.) पसलियों के नीचे की बाजू, कोल ।

કોસણવું (क्रि.) मिलाना, मिश्रित करना ।

કોસંબી (सं.) लाल, सुर्ख ।

કોસંબો (सं.) अफीम के पानी में घोलकर शरबत बनाना ।

કોસલુ (सं.) हळ में लगाया जाने वाला लोह का औज़ार ।

કોસવું (क्रि.) धिक्कारना, कोसना शाप देना, बातोंद्वारा दुखी करते रहना ।

કોસવેરો (सं.) पानी की डोल या डोलची पर महसूल ।

કોસિયો (सं.) वह जो डोल या वालटी से पानी खींचता है ।

કોસું–સલુ (वि.) कुछ कुछ गर्म गुनगुना ।

કોહેલુ (वि.) सड़ा, गला, कपटी, दोषी ।

કોહોડ (सं.) कोढ़, कुष्ट, दूकान, कारखाना, कलम, लेखनी ।

કોહોલુ (सं.) गीदड़, स्यार, जम्बुक, लोमड़ी, कोल्हू, गन्ने का रस निकालने का यंत्र ।

કોહોવાણુ-ટ (सं.) सड़ा, गला, कपट

કોહોવું (क्रि.) सड़ना, गलाना,

કોહોળું (सं.) एक प्रकार का काला कद्दू ।

કોહ્યાબોલુ (वि.) कड़ी जबान बोलनेवाला, कड़ी तुम्बी, लौकी ।

કોહ્યું (वि.) उदासी, चिड़चिड़ा रूखा ।

કોળ (सं.) घूँस, बड़ा चूहा ।

કોળવાઈ (सं.) चूहों के पकड़ने का फन्दा ।

કોળિયો (सं.) ग्रास, लुक़्मा, टुकड़ा, छोटा, कौर ।

કોળી (सं.) शूद्रों में एक जाति कोरी ।

કોળીનાળી (सं.) शूद्र, शूद्रों की सब जातियाँ ।

કોળું (सं.) लौकी, तुम्बी, कद्दू

કૌતક–તુક (सं.) अद्भुत, विचित्र, कद्दू ।

કૌમુદી (सं.) चाँदनी, चन्द्रप्रभा,

કૌવચ (सं.) बिच्छू; का पेड़, कौंच वृक्ष, कौंच की फली की खुजली ।

કૌવત (सं.) शक्ति, ताक़ात, आत्मा, बल ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

કૌશલ્ય (सं.) कुशल, निपुणता, दक्षता, होशियारी, हुनरमंदी ।

કૌશિક (सं.) विश्वामित्र, कुशिक वंशीय । [( ) कोष्टक, ब्रेकेट ।

કૌંસ(सं.) अनन्वित वाक्य, उपवाक्य,

કૌસ્તુભ (सं.) समुद्र मथन के वक्त निकली हुई १४ वस्तुओं में से एक । रत्न,

કયામત (सं.) न्याय का दिन, वह दिन जिस दिन मुसलमानों का न्याय ईश्वर करेगा। अंतिम दिन ।

ક્યારડો–રો (सं.) क्यारा, क्यारी ।

ક્યારે (क्रि. वि.) कब ? किस वक्त ।

કયાસ (सं.) अटकळ, अन्दाज़ । मोल, मुलाई ।

ક્રમ (सं.) परिपाटी, रीति, भाँति, अनुक्रम । [कदम, अतिक्रमण ।

ક્રમણ (सं.) चलना, आगे बढना

ક્રયવિક્રય (सं.) वेच खोच, बेचना और खरीदना । वाणिज्य,

ક્રાંતિ (सं.) बदल, परिवर्तन, आक्रमण, गमन, । [चक्र ।

ક્રાંતિવૃત (सं.) क्रांतिमंडल, राशि-

ક્રિયા (सं.) व्यवहार, काम, कृत्य, उत्सव, रीति । [क्रिया शब्द ।

ક્રિયાપદ (सं.) व्याकरण में क्रिया,

ક્રિયાવિશેષણ (सं.) वह शब्द जिस से क्रिया में कुछ विशेषता पाई जावे [मजाक़ ।

ક્રિડા (सं.) खेल, दिलबहलाव,

ક્રૂર (सं.) सख्त, कठोर, निर्दय, बेरहम, भयानक ।

ક્રોડ (सं.) कोटि, करोड़ ।

ક્રોધ (सं.) गुस्सा, कोप,

ક્રોધાયમાન (वि.) कुपित, क्रोध-युक्त, कोपाविष्ट, [प्रकृतिका ।

ક્રોધિષ્ટ–ધી (सं.) गुस्सैल, क्रोधी

ક્લિષ્ઠ (सं.) दुखी, क्लेशित, कठिन, थका हुवा ।

ક્લીબ (सं.) नपुंसक, हिजड़ा,

ક્લેશ (सं.) दुःख, तकलीफ, झगड़ा बखेड़ा, लड़ाई ।

ક્વચિત (क्रि. वि.) कुछ, थोड़ा, कदाचित् ।

ક્વાથ (सं.) काढ़ा,

ખ

ખ — गुजराती वर्णमाला का १३ वाँ अक्षर, (सं.) स्वर्ग, आकाश, शून्य । [रोग ।

ખઈ (सं.) क्षयी, तपेदिक क्षय-

ખખ (सं.) अत्यंत बूढा, सड़ा, गला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખખડતું (वि.) चिड़चिड़ा, चटखने वाला, खड़खड़ने वाला, बकवादी।

ખખડવું (क्रि.) खड़ खडना, बक-वाद करना [खड़खड़ शब्द।

ખખડાટ (सं.) खड़खड़ाहट,

ખખડાવવું (क्रि.) झड़झड़ाना, खड़खड़ाना, झिड़कना, खनखनाना. बक बक करना, डाटना,

ખખરખખર (क्रि. वि.) सड़ना, और तितर बितर हो, तितर बितर।

ખખરવું (क्रि.) अखरना, दुख होना। [बैठे हुए गले का स्वर।

ખખરી (सं.) कंठावरोध, सूखा स्वर,

ખખરે (सं.) दूसरों के दुख में शोक, समवेदना, पछताचा, प्राय-श्चित, तोबा।

ખગ (सं.) पक्षी, स्वर्ग,

ખગપતિ (सं.) गिद्ध, पक्षिराज,

ખગવાહન (सं.) ईश्वर, विष्णु

ખગોળ (सं.) स्वर्ग, तारकायुक्त आकाश, आकाश का गोळा।

ખગોળવિદ્યા (सं.) नक्षत्र विद्या, ज्योतिष।

ખગોળવેત્તા (सं.) आकाश विषयक ज्ञान रखनेवाला, ज्योतिषी।

ખગ્રાસ (सं.) संपूर्ण ग्रहण, पूर्ण ग्रहण।

ખંખાર (सं.) हिनहिनाहट

ખંખારવું (क्रि.) हिनहिनाना मगजी लगाना, गोटलगाना, बाज से शिकार कराना।

ખંખેરવું (क्रि.) कचरा झाड़ना, घुड़कना, धमकाना, डाटना।

ખંગ (सं.) ईर्षा, डाह, बैर बदला, अन्याय, विरोध, द्वेष, द्रोह, प्रतिफळ,

ખચકાવું (क्रि.) ठहराना, पीछे हटना, सिकुड़ना, झिझकना।

ખચરૂં (वि.) पुराना, प्राचीन, कूड़ा, करकट, मरियल घोड़ा।

ખચ્ચર (सं.) पशु विशेष, खच्चर, गोखर, बनैला गधा।

ખજવાળ–ખંજવાળ (सं.) चुल बुली, खुजाल, खाज।

ખજાનચી–જી (सं.) कोषाध्यक्ष, धनाध्यक्ष, रोकाड़िया।

ખજાનો–જીનો (सं.) धनभंडार, कोष, राज्यधनागार।

ખજુર (सं.) खर्जूर, छुहारा (खजूर वृक्ष) [ताड़वृक्ष।

ખજુરી–રૂં (सं.) छुहारेका वृक्ष,

ખંચાવું (क्रि.) संदेह करना, हिचकिचाना, आगापीछा करना, लज्जित होना और ठहरना।

ખંજન (सं.) पक्षी विशेष, खंजन नामक पक्षी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખંજર (सं.) छुरी, कटार, छुरा।
ખંજરી (सं.) डफली, खञ्जरी। चंग। [दुष्ट, (वि.) ६, छः
ખટ (सं.) स्वर, तान, अवारा,
ખટકરમ-ર્મ (सं.) धार्मिक कृत्य पूजा। [छेदना, वेधना।
ખટકવું (क्रि.) खटकना, भड़कना,
ખટકો (सं.) रोक टोक, अटकाव, वाधा, रोक, सन्देह, शक।
ખટખટ (सं.) टिकटिक, शब्द, झगड़ा, विवाद, लड़ाई, व्याकुल, बे मेल।
ખટપટ (सं.) उलझाव, पेच, दुख, कष्ट, तकलीफ, चिंता, कपट, प्रबन्ध, फूट, विरोध, भेद, राजदूत, व्यवहार।
ખટપટિયો (सं.) उद्यमी पुरुष, दौड़ धूपकरनेवाला, मामला समझानेवाला, दखल देनेवाला।
ખટમધુર-રૂં (सं.) खट्टा मीठा, खट मिठ्ठा, [स्वेदज जीव।
ખટમલ (सं,) खटमल, एक
ખટરસ (सं.) छः रस, छः स्वाद, बेमेल [बेमेल, कठनाइयाँ फिक्र।
ખટરાગ (सं.) रागके छःप्रकार।
ખટરિપુ (सं.) कामक्रोध, लोभ मोह मद मत्सर ये छः शत्रु।

ખટલો (सं.) ताँता, श्रेणी, साथ, नौकर चाकर, सवारी, ठाटबाट, कुटुम्ब, विवाद, झगडा, पेटी, अभियोग।
ખટશાસ્ત્ર (सं.) हिन्दुओं के प्रसिद्ध छः शास्त्र,। सांख्य, योग वेदान्त, मीमांसा, न्याय, वैशेषिक।
ખટાઈ (सं.) खट्टा अर्क, खट्टापन, तुर्शी, मिठास,
ખટારો (सं.) लद्दू गाडी, गाड़ा, पुराने ढंगकी भाड़ागाड़ी। [लाभ पाना।
ખટાવવું (क्रि.) भलाई करना,
ખટાશ (सं.) खट्टापन, तुर्शी,
ખટુમડું (सं.) विशेषतः खट्टा, खट्टा और मीठा। [मरहम, इलाज,
ખડ (सं.) घास, भूसा, तिनका
ખડક (सं.) चट्टान, थपक।
ખડકવું (क्रि.) प्रबन्ध करना, ठीक करना, लादना, बटोरना, पास पास रखना।
ખડકી-(सं.) परिधि, अहाता, मकान का वराण्डा, गली।
ખડખડ (सं.) झन झन, अंगीठी, रोक, आड़! (वि.) साफ तौरसे।
ખડખડવું (क्रि.) खड़खड़ाना, बकवाद करना, झड़झड़ाना, रगड़ना, घिसना, दिक करना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખડખડીયા (सं.) एक प्रकार की सूखी टिकलियाँ, सूखी चपाती ।

ખડખડિયું (सं.) कोई भी वह वस्तु जो खड़खड़ शब्द करती हो, भाड़े की गाड़ी, नरियल, विदाई, पदच्युति ।

ખડગ (सं.) तलवार, कृपाण, असि, गेंडा का सींग ।

ખડતલ-ળ (त्रि.) योग्य, बलवान, मजबूत, दुष्ट, पापी, अधम, खल ।

ખડતાલ-પાટુ (सं.) दुलत्ती, लात फटकारना ।

ખડધાન (सं.) पृथक पृथक जातिका अन्न । [शब्द करना ।

ખડપવું (क्रि.) छीलना, अप्रिय

ખડપો (सं.) करारा, टीला, ऊंची ओर ढालूचट्टान, अप्रिय शब्द करनेवाला । [असमान ।

ખડબચડું (वि.) खुरदरा, विषम,

ખડબડવું (क्रि.) गड़गड़ाना ।

ખડબડાટ (सं.) शोरगुल, कोलाहल, हुल्लड़, रौला, हड़बड़ी,

ખડબાં (सं) तरल पदार्थ की ठंड से जमी हुई परत ।

ખડબુચું (सं.) खरबूजा,

ખડભડ (सं.) जोरकी खड़खड़ाहट, झगड़ा, विवाद ।

ખડભડવું (क्रि.) खड़खड़ाना, बड़बड़ाना, बकवाद करना, झगड़ना ।

ખડવું (क्रि.) लूटना, नष्ट करना, फँसाना, पेच में डालना, गंदा करना, मूर्च्छित होना, हटाना, उखाड़ना छिड़कना, लीपना, दोष लगाना ।

ખડા (सं.) पादुका, खड़ाऊँ, खड़ा ऊभा । [अदा, बिल, हुंडी ।

ખડા ઉતાર (वि.) देय, वाजिबुल

ખડાઉ (सं.) सूखी घास का ढेर, घास का गंज

ખડાખડ (क्रि. वि.) कड़कड़ाहट, के साथ, चंचलता से ।

ખડ્યું (सं.) अकाल, दुर्भिक्ष, जंगली बैल तेंदुआ, चीता ।

ખડિયો (सं.) दावात, मसिपात्र,

ખડિયો ખાર (सं.) सुहागा ।

ખડી (सं.) एक प्रकार की सफेद मिट्टी, चाक, खरिया मिट्टी, पत्थर।

ખડીસાકર (सं.) मिश्री, कन्द, रवेदार शक्कर । [वस्त्र

ખડેધાટ (वि.) सफेद किया हुवा

ખડે ચોક (सं.) सरे मैदान, मैदानमें, खुल्लमखुल्ला, सबों के सामने।

ખડો (सं.) जूतीका पिछला हिस्सा, जो एड़ी के ऊपर होता है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખણુખણાટ (सं.) खनखन का शब्द,

ખણુખોજ–દ (सं.) अपराध ढूँढ निकालने का काम, द्वेष,

ખણખોદ કરવી (क्रि.) चुगली करना, दोष ढूँढना ।

ખણવું (क्रि.) खोदना, कुरेदना,

ખંડ (सं.) भाग, हिस्सा, टुकड़ा, विभाग, स्त्रीकी अंगिया चोली के लिये एक कपड़े का टुकड़ा, खण, महाद्वीप, अलग, [जुर्माना ।

ખંડણી (सं.) कर, भेंट, दण्ड,

ખંડન (सं.) तोड़, नाश, तरदीद, काट ।

ખંડવું–ડી રાખવું–લેવું (क्रि.) ढेरका ढेर सस्ते दामों पर खरीदना, मिलाना, आपस में मिलकर निपटना, हिस्सेरसी से बाँटना ।

ખંડાવવું (क्रि.) ખાંડવું का कारण बतानेवाला ।

ખંડિત (वि.) ભાગેલું, टूटा, बिखरा, અપમાન થયેલું, अपमानित, झूठा किया हुवा ।

ખંડિયર, ખંડિયેર, ખંડેર, (सं.) टूटाफूटा गृह, बरबाद भूमि ।

ખંડિયો (सं.) सहायक, मददगार, आधीन, छोटा । करद ।

ખંડી આપવું–વાળવું (क्रि.) माल का ढेर सस्ते भाव बेच डालना, कम कीमतको हिस्से रसी से आपस में बाँट लेना ।

ખત (सं.) तमस्सुक, मुचलका, कर्ज की रसीद, વેચાણખત बिक्री का कार्य ઘરેણાખત गिरवी या रहन रखने का धन्धा, लेख प्रमाण ।

ખતપત્ર (सं.) लेख प्रमाण, मुचलका, तमस्सुक, चिठ्ठी पत्री ।

ખતમ (सं.) समाप्ति, अंत, आखिर, पूर्ण, परिणाम ।

ખતમ કરવું (सं.) समाप्त करना, पूर्ण करना, अंत करना ।

ખતરો (सं.) शक, सन्देह, डर, भय,

ખતવણી (सं.) रोजनामचे और रोकड़ से खातावही में रकम लिखना, खातावही में हिसाब लिखना ।

ખતવવું (क्रि.) रोजनामचे में से बहीखाते में हिसाब लिखना ।

ખતા (सं.) भूल, गलती, अपराध, हानि, घाटा, पछतावा ।

ખદખદવું (क्रि.) उबळना, धीरे धीरे खौळना, सनसनाना ।

ખદડવું–દેડવું (क्रि.) जल्दी निकाल देना, आगे ढकेलना, थकाना, घबराना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખદડું (सं.) खद्दड़, मोटा,
ખદવું (क्रि.) जल्दी जाना, शीघ्र जाना । [ग्रह, सूर्य ।
ખદ્યોત (सं.) तितली, जुगनू, तारा,
ખન-ખત (सं.) लिप्त, सावधानी, पूर्वक जाँच ।
ખનીજ (सं.) खानिक, धातु, खान से उत्पन्न वस्तु ।
ખંત (सं.) अरुचि, घृणा, धुन, उद्योग चिंता।
ખંતીલું (वि.) चिंतित, उद्योगी,
ખંધાઈ-દાઈ (सं.) चालाकी, मक्कारी, छल, पाखण्ड, दुष्टता ।
ખંધું (वि.) हटी, जिद्दी, छळी, चालाक, पाखण्डी । [क्षय ।
ખપ (सं.) चाह, पूछ, खर्च, व्यय,
ખપતું (वि.) योग्य, उचित, ठीक।
ખપત (सं.) चाह, पूछ,
ખપરેલ (वि.) खपरे नारिया आद से छायी हुयी मकान की छत, खपरा ।
ખપવું (क्रि.) विक्री होना, खर्च होना व्यय होना, क्षय होना, चाह होना, खपती होना ।
ખપાટિયું (सं.) बांसकी किमड़ी, बांसकी खपची ।

ખપેડી (सं.) एक प्रकार का कीड़ा जो खेती को हानि करता है, खपरा नामक कीड़ा ।
ખપેડો (सं.) बांसकी खपच्चियों की बनी चटाई ।
ખપ્પર (सं.) खोपड़ी, पात्र विशेष, साधुओं का पात्र, देवी का प्याला।
ખપ્પરમાં આવવું (क्रि.) भेट में आना, बलि में आना ।
ખફા (वि.) कुपित, क्रोधित, नाराज, नाखुश, अप्रसन्न ।
ખફા થવું (क्रि.) नाराज होना, अप्रसन्न होना ।
ખબર (सं.) सम्वाद, समाचार, इत्तिला, सन्देश, सूचना, गप्प, अफवाह, फिक्र, ज्ञान, इल्म, ध्यान।
ખબર આપવી-કરવી (क्रि.) खबर देना, सूचित करना ।
ખબર રાખવી (क्रि.) फिकर रखना, चौकसी रखना, ध्यान रखना, क्या होता है इसका खयाल रखना। [चिंता करना, बदला लेना।
ખબર લેવી (क्रि.) ख्याल करना,
ખબર અંતર (सं.) देखो ખબર ।
ખબરદાર (वि.) सावधान, होशियार चतुर, गुणी, समझदार, प्रवीण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખબરદારી (सं) सावधानी, होशियारी, प्रवीणता, चातुरी ।

ખબુતર (सं.) कबूतर, कपोत, फाखता । [का स्थान ।

ખબુતરખાનું (सं.) कबूतरोंके रहने

ખભળવું (क्रि.) घरघराहट, हिलोरना, हलचल मचाना । [आन्दोलन।

ખભળાટ (सं.) घरघराहट, हलचल

ખભો (सं.) स्कंध, कंधा, काँधा,

ખમણ (सं.) नरियल की खरेटी को खराद पर चढ़ाने का काम ।

ખમણવું (क्रि.) नरियल की खरेटी को खराद पर चढाना । [खरादी ।

ખમણી (सं.) खुरचनेवाला करछा,

ખમતી આસામી-ધર (सं.) वह जो भार और हानि सह सके ।

ખમવું (क्रि.) सहन करना, सहना, भुगतना ।

ખમા (सं.) धैर्य, सब्र, नम्रता, मुआफी, सहन शीलता, क्षमा ।

ખમીર (सं.) ख़मीर, पाचक शक्ति, रुचि, स्वभाव, रोष ।

ખમીસ (सं.) कमीज़, शर्ट, इंग्रेजी काट छाँट का कुरता ।

ખંભ (सं.) स्तभं, थंभा, टेका ।

ખર (सं.) गर्दभ, गदहा, गधा (वि.) चपटा, पैना, तेज़ ।

ખરખરો કરવો (क्रि.) दूसरों के साथ मिलाप करना, दुख में होना।

ખરખરે જવું (क्रि.) दुख में जाना, दुखमें सहानुभूति दिखलाने को जाना । [अदालत का व्यय।

ખરચ (सं.) व्यय, खर्च, खपत,

ખરચવું-કરવો (क्रि.) व्यय करना,

ખરચાઉ-ચાળ-ચાળુ (वि.) खर्चीला, खर्च करने में उदार, अपव्ययी, व्ययी ।

ખરચી (सं.) खर्च करने को रुपया, जेब खर्च, (वि.) दैनिक प्रयोग के लिये, साधारण, लुटाव, उड़ाव ।

ખરચીપાણી (सं.) व्यय करने को रुपया पैसा । खरच वर्च ।

ખરજ (सं.) खाज, खुजली, चुळ, एक स्वर, षडज़ । [नीच ।

ખરજવું (सं.) खूनकी बीमारी,

ખરડ (सं.) मरहम, इलाज, घास, कच्चा शीशा, कच्ची मणि ।

ખરડવું (क्रि.) लीपना, चुपड़ना गंदा करना, लूटना, बिगाड़ना । मान हानि करना, फँसाना ।

ખરડાવું (क्रि.) नष्ट होना, दागी होना, कलंकित होना । [मजमून ।

ખરડો (सं.) कच्ची नकल, मसौदा,

ખરતલ (वि.) मजबूत, दृढ,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખરતું કરવું-મુકવું (क्रि.) छोड़ देना, त्याग देना, तजना ।

ખરતું થવું (क्रि.) विदा होना । गमन करना । [नक्षत्र ।

ખરતો તારો (सं.) गिरता हुवा

ખરપવું (क्रि.) खोदन, खुरचना, हटाना, कुदाळी से खोदना ।

ખરપી (सं.) एक प्रकार की कुदाळी, खुर्पी ।

ખરપો (सं.) खुर्पा, [असमान ।

ખરબચડું (वि.) खुरदरा, विषम,

ખરવ (सं.) देखो ખર્વ । [लाना ।

ખરવું (क्रि.) गिरजाना, कुम्ह-

ખરસલી (सं.) घास की पत्ती ।

ખરસાણી (सं.) एक वनस्पति विशेष, एक प्रकार का पौधा ।

ખરાખર (क्रि. वि.) वेशक, दरहकीकत, वस्तुतः सचमुच,

ખરાખરી (सं.) सच्चाई, सत्यता, गुण दोष परीक्षा सम्बन्धी समय, सूक्ष्म समय, आफत, विपात्ति,

ખરાદ (सं.) खराद, चक्र यंत्र,

ખરાપણું (सं.) सचाई, सत्यता, चोखापन,

ખરાબ (वि.) बुरा, दुष्ट,

ખરાબ કરવું (क्रि.) हानि करना, गळत करना, नष्ट, करना, वर्वाद करना, विगाड़ना ।

ખરાબખસ્ત (सं.) बुरा, बहुत-बुरा, उजड़ा, नष्ट,

ખરાબી (सं.) बुरापन, बरबादी, हानि, घाटा, शामत, आफत ।

ખરી (सं.) खुर, ठीक, सत्य, न्याय्य, उचित,

ખરીદ (वि.) क्रय, कीनना,

ખરીદદાર (सं.) क्रेता, क्रयकर्ता, ग्राहक, [खरीदना ।

ખરીદવું-કરવું (क्रि.) मोललेना

ખરીદભાવ (सं.) असली मूल्य लागतमूल्य, उंचितमूल्य ।

ખરીદી (सं.) खरीद, सौदा,

ખરીફ (सं.) वह फसल जो शीतकाल में काटी जाती है, खरीफ़ ।

ખરૂં (सं.) सत्य, ठीक, उचित, मुनासिब, (क्रि. वि.) अच्छा, ठीक, (सं.) फौलाद ।

ખરૂંખોટું (सं.) बुराभला, सच्च झूठा, सत्य असत्यका मिश्रण ।

ખરે-ખરેખર, ખરેખરૂં-ખરેખાત (क्रि. वि.) सचमुच, वास्तवमें, हकीकतमें, ठीकठीक ।

ખરેટા (सं.) वर्तनपरलेपन, वासन पर पोतना । वर्तनपर खरोंच ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખરેટું (सं.) गाय अथवा भैंसका वच्चा उत्पन्न होने के बाद प्रथम दुग्ध। चीका।

ખરેડી (सं.) घिरन, गरारी।

ખરેડો-રેશે (सं) खुर्रा, खरारा।

ખર્વ (सं.) १०,००,००,००,०००

ખલ (सं.) खरल, पत्थरकी खरल दुष्ट, नीच, अधम।

ખલક (सं.) संसार, सृष्टि,।

ખલતો (सं.) पानसुपारी, इत्यादि रखनेकी थैली।

ખલાસ (वि.) समाप्त, पूर्ण, ख़त्म, व्यतीत, स्वतंत्र, छोड़ा।

ખલાસી (सं.) मल्लाह, खेवट, केवट, समुद्री मनुष्य, जहाजी खपरे फेरनेवाला। [खेल]

ખલી (सं) गिलहरी, एकप्रकारका

ખલીફ (सं.) खलीफ़ा।

ખલેચી (सं.) थैली, बोरी।

ખલેલ (सं.) खलल, विघ्न, वाधा, हानि, बखेड़ा।

ખવડાવવું-વાડવું (क्रि.) रिश्वत-देना खिलाना, चराना, उठाना, उस्काना, भोजनमें विषदेना घूँसदेना।

ખવાસ (सं.) आदत, प्रकृति, स्वभाव, पृष्ट, टहलुवा, सेवक।

ખવીસ (सं.) दुष्टात्मा, दुरात्मा, खाऊ, चटोरा, रुण्ड, विना सिरका राक्षस।

ખસ (सं.) खाज, खुजली, घोड़ों के लिये एक भाँतिकी घास, खस। [अफीम के बीज।

ખસખસ (सं.) पोस्त के दाने

ખસમ (सं.) स्वामी, पति, कान्त,

ખસર (सं.) सतर, पंक्ति, चोट, जरव।

ખસરત (सं.) स्वभाव, आदत, प्रकृति, मिजाज़।

ખસવું (क्रि.) हिलना सरकना दूरजाना, सरकना।

ખસિયાણું (वि.) लज्जित, व्यथित, व्याकुल, दुखी।

ખસી (सं.) वधिया, आँडू।

ખસીજવું (क्रि.) चलेजाना, सरकजाना, खसकजाना।

ખસુસ-ન (क्रि. वि.) यकीनन, मुख्यतया, खासकर, विशेष करके।

ખસેડવું (क्रि.) हटाना, एक तरफ करना।

ખળ (सं.) नीच, दुष्ट,

ખલકો (सं.) कुल्ली, कुरली एक त्रितयोग। [का खळखल शब्द।

ખળખળ-ળાટ (सं.) एक प्रकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખળખળવું (क्रि.) उबलना, वृद्धावस्था, प्रकट करना।

ખળભળવું (क्रि.) मनमेंघबराना, मामूली बलवे में होना, उबलना।

ખળભળાટ (सं.) घबराहट, हैरानी, हलचल। [राना अटकाना।

ખળાવવું (क्रि.) रोकना, ठह-

ખળાવાડ (सं.) खलिहान, बखारी, खत्ती, खलिहान का सीमा या चौक। [बखारी, कूटने का फर्श।

ખળી–ણું (सं.) खलिहान, खत्ती,

ખાં (सं.) स्वामी, राजकुमार।

ખાંખણ (सं.) रोग नाशक औषधि रोग हारी जड़ी बूटी।

ખાંખત (सं.) ध्यान, घृणा, दोष ढूंढने की प्रकृति, छिद्रान्वेषी।

ખાંખાખોળા કરવા (क्रि.) इधर उधर ढूंढना,

ખાગડી–ડો (सं.) घोंघे की खाल।

ખાંગુ (सं.) भेदिया, गुप्त, दूत, जासूस।

ખાંચ–ખાંગુ (सं.) पेच, उलझाव, ऊँच, नीच, निर्बल, तुच्छ हिसाब में भूल।

ખાંચ ખુંચવાળું (वि.) उँचानीचा पेचीला, उलझनदार, असमान।

ખાંચવું (क्रि.) पीछा, खींचना,

ખાંચા ખુંચી (सं.) गलियाँ, कोनें, खूँट।

ખાંચો (सं.) गली, कोना, टेढ़ा, हिस्सा, शक, सन्देह, रोक, अटकाव।

ખાંજણ (सं.) भूमि जो किनारे के पास पड़ी हो, नमक की दल दल गोरुओं के चरने का स्थान, चरागाह। [के रहने का घर,

ખાંજરૂ (सं.) वेश्यालय, रंडियों

ખાંડ (सं.) शक्कर, चीनी, चाकू इत्यादि की टूटी धार।

ખાંડણિયું–યો (सं.) लक्कड़ का पत्थर का मूसल। [ऊखली।

ખાંડણી (सं.) ऊखल, उलूखल

ખાંડવું (क्रि.) तोड़ना, नष्ट करना, बुकनी करना, चूर चूर करना कूटना,

ખાંડી (सं.) बीस मण का वज़न, कन्दी।

ખાંડુ (सं.) चौड़ी मुड़ी हुई तलवार, खांडा (वि.) टूटा, खिराहुवा।

ખાંત (सं.) उत्सुक, अभिलाषी, ध्यान, उत्सुकता पूर्वक खोज या पीछा। [गर्दन, सहायता, मदद।

ખાંધ (सं.) कंधा, स्कंध, बैल की

ખાંધ દેવી (क्रि.). मृतक पुरुष को लेजाना। सहायता देना, मिलकर काम करना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખાંધિયો (सं.) वह जो अर्थी को या मृतक को ले जाता है, खुशामदी, मिलकर काम करनेवालों का सहायक ।

ખાંધું (सं.) किस्त ऋण, भाग । सामयिक रुपयों की किस्त ।

ખાંપણ (सं.) कमी, दोष, ऐब, धब्बा, दरार, कफन, शव परिधान वस्त्र, मुर्देपर लपेटने की चादर ।

ખાંપવું (क्रि.) खुरचना, छीलना।

ખાંભ–ભ (सं.) स्तंभ, थंबा,

ખાંસી (सं.) कास, श्वास खांसी,

ખાઈ (सं.) खात, गर्त, नाला गड्ढा, भोजन, खन्दक ।

ખાઉ (सं.) अंतमें लगाया जाता है (प्रत्यय) जिसका पेटू, भकोसू अर्थ होता है । [मरा सर्वभक्षी।

ખાઉધર (सं.) पेटू , खाऊ, भुख-

ખાએશ (सं.) ख्वाहिश, इच्छा, चाह, आवश्यकता, जरूरत ।

ખાક–ખ (सं.) भस्म, राख, कोयला, सर्वनाश । [आज्ञाकारी ।

ખાકસાર (सं.) नम्र, नीच, छोटा,

ખાખર (सं.) पलाश वृक्ष, एक जंगली पेड़ ।

ખાખરી–રે (सं.) सिकी हुई रोटी ।

ખાખાવીખી (वि.) नष्ट, बरबाद,

ખાખી (सं.) तपस्वी, दीन, गरीब, देहाती, गंवार ।

ખાજ (वि.) भोजन, खाना, खाद्य

ખાજાં–જલી–જલું (सं.) पापड़, खाजा ।

ખાટ (सं.) चारपाई, खटिया, लटकन, झूलन, पळना, लाभ, मुनाफा, फायदा । [निर्दय पुरुष ।

ખાટકી (सं.) बूचड़, कसाई,

ખાટકી વાડો (सं.) बूचड़खाना, वह स्थान जहाँ पशु मारे जाते हैं।

ખાટલો (सं.) खाट, पलंग, पलना।

ખાટલે પડવું–લે ભોગવો (क्रि.) खाट में पड़जाना, रोगी होना, अस्वस्थ होना । [उठाना ।

ખાટવું (क्रि.) लाभ उठाना, फायदा

ખાટુંબચ્ચ-સ (वि.) अत्यंत खट्टा,

ખાટું (सं.) खट्टा, तुर्श, नाखुश, रंजीदा । [पोल ।

ખાડ (सं.) गड्ढा, खाई, खोखला,

ખાડી (सं.) खाई, तंग समुद्र, नाळा, क्रोळ ।

ખાડું (सं.) भैसोंका झुण्ड ।

ખાડો (सं.) गड्ढा, हानि, टोटा।

ખાણ (सं.) सुरंग, खानि, खान, तल घर, खदान, बैठक, ढोरों के लिये भुना हुवा अन्न ।

ખાણુ (सं.) भोजन आहार, दावत,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખાતર (सं.) खाद, पांस, मेहमानदारी, अतिथि सेवा, पक्षपात, तरफदारी, सेंधलगाना, घर फोड़।
ખાતર જમા (सं.) विश्वास, तोषण, तसल्ली, रजामन्दी, संतोष भरोसा ।
ખાતરદારી (सं.) मेहमानी, खातिर, लिहाज़, आदर । [જમા ।
ખાતરનીશા (सं.) देखो ખાતર-
ખાતર પાડનાર (सं.) सेंध लगाने वाला, घर फोड़नेवाला ।
ખાતરવું (क्रि.) बुरी रीति से काममें लाना, दुर्वाक्य कहना, नाम पुकारना, खाद देना, खाद डालना ।
ખાતરી (सं.) देखो ખાતરજમા।
ખાતાબંધી (सं.) कर या लगान की रीति ।
ખાતા બાકી (सं.) हिसाब की किताब में शेष रकम ।
ખાતાવહી (सं.) बही खाता, भारतीय ढंग की हिसाब लिखने की किताबें । [भाग, मुहकमा ।
ખાતું (सं.) हिसाब, विषय, वि-
ખાતો પીતો (वि.) खा पी कर खुश रहनेवाला, अच्छी दशामें,
ખાદી (सं.) खद्दर वस्त्र खादी कपड़ा । [रसद, दोष, ऐब ।
ખાધ (सं.) हानि, टोटा, भोजन,

ખાન (सं.) स्वामी, मालिक, राजकुमार, खाँन नाम्नी पदवी ।
ખાનગી (वि.) घरू, गुप्त, छिपा,
ખાનપાન (सं.) खाना पीना,
ખાનાખરાબી (सं.) दुर्दशा, बर्बादी, विपत्ति ।
ખાનું (सं.) भोजन, आहार, खन, स्थान वाचक प्रत्यय । खुराक ।
ખાનું ખરાબથાઓ (वि.) तेरा नाशहो ।
ખાનેઆબાદ (वि.) तेरा भला हो,
ખાપ (सं.) शीशा, दर्पण, ऐना ।
ખાંપણ (सं.) शवपरिधान वस्त्र, कफन, [हीराकसीस]
ખાપરિયું (सं.) कलमीशोरा, या
ખાપવું (क्रि.) खुरचना खुदेरना ।
ખાબડું–ખાબોચિયું (सं.) एक कम पोला जमीन में छेद, बिल, आवश्यक, मुख्य, खास ।
ખામ (सं.) कंधा, स्कंध, स्तंभ, खंभा ।
ખામણું (सं.) कमगहिराबिल ,
ખામી (सं.) कमी, न्यूनता, असम्पूर्णता, नादानी, अज्ञानता, चाह, आवश्यकता, गळती ।
ખામુખા (क्रि. वि.) यूँही, ठीक ठीक सचमुच, वास्तविक । [धैर्य ।
ખામોશ–શી (सं.) सब्र, मौन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખાર (सं.) नमक, क्षार, बैर, लाग, डाह, बैर, कीना ।

ખારક–રેક (सं.) सूखे छुहारे, छुहारे। [नमक की खान ।

ખારપાટ (सं.) नमक का गड्डा

ખારવો (सं.) मल्लाद, खलासी, समुद्री मनुष्य, ચાળો, खपरेल छानेवाला ।

ખારિલું (वि.) द्रोही, बुराचाहने वाला, द्वेशी डाह करने वाला कुढनेवाला, देखकर जलने वाला ।

ખારૂં (वि.) नमकीन, खारा,

ખારૂંઉસ (वि.) वेहद खारा, अति नमकीन ।

ખારૂંપાણી (सं.) नमकीनपानी, खारापानी, समुद्रीजल,

ખારો (सं.) कार्बोनेट ऑफ सोडा

ખારોડ (वि.) नमकसे घिरा हुवा,

ખાલ (सं.) चर्म, चमडा, खलिहान, बखारी, खत्ती, गढा, खंदक,

ખાલવવું (क्रि.) खाली करना, रिक्त करना ।

ખાલવું (क्रि.) ठहराना, रोकना ।

ખાલપો (सं.) चमार, खाटिक,

ખાલસા (सं.) सरकार से लीहुई नयी भूमि । खालसा भूमि । जमीन का कर न देनेवाली रियासत ।

ખાલી (सं.) ध्वनि का वोध । (वि.) खाली, व्यर्थ, वे पैसा, दीन, (क्रि. वि.) केवळ, एक सिर्फ ।

ખાલી પડવું (क्रि.) वे प्रयोग या शून्य पड़ा रहना । खाली, निर्वल होना :

ખાલીપીલી (क्रि. वि.) अकारण, वेकाम, व्यर्थ, नाहक, निर्मूल, वे सवव, निष्काम ।

ખાલું (सं.) वस्त्र विनने का एक औजार, ढरकी, नारी, बेत या नरकट का खाली, टुकडा ।

ખાલેસ (सं.) शुद्ध, पवित्र, सीधा सादा, निरपराध ।

ખાવંદ–વિંદ (सं.) पति, खसम स्वामी, मालिक ।

ખાવું (क्रि.) खाना, भक्षण करना निगलना, उड़ा जाना, झिडकना, (सं.) खाने योग्य, मिठाई ।

ખાસ–ગત–ગી (सं.) अनोखा विशेष, निजका, अपना, जाती, जल युक्त भूमि, तलैया ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખાસ ખબર (सं.) सत्य सम्वाद, मुख्य समाचार।

ખાસડખોરો-કુટિયો-કુટી (सं.) जूतियों से पिटने वाला, जूतियाँ खानेवाला, आचरणहीन बदचलन।

ખાસડું (सं.) जूती, जूता, पन्हैया पदत्राण, निकम्मा मनुष्य।

ખાસદાર (सं.) टहलुवा, सेवक, चाकर, साईस।

ખાસિયત (सं.) जाय दाद, आदत, स्वभाव, गुण। [सुन्दर, मनोहर

ખાસુ (वि.) उत्तम, श्रेष्ठ, उम्दा

ખાળ (सं.) परनाला, मोरी, पेशाब जाने की नाली।

ખાળકુંડી (सं.) चह बच्चा, नावदान। [औंडानाबदान।

ખાળકુવો (सं.) गहिराचह बच्चा,

ખાળવું (क्रि.) रोकना, ठहराना, अवरोध। [टकाव।

ખાળો (सं.) आड़, रोकटोक, अ-

ખિ ખિ (सं.) कह कहा देकर हँसना, खूब जोर की हँसी।

ખિચડી (सं.) चावल और दाल का मेल, कृशर, मिश्रित।

ખિચડો (सं.) गड़बड़ी, गोळमाल, मिश्रण, खिचड़ी,

ખિચો ખિચ (सं.) खूब भीड़, खचा खच, पासपास। [खेजरा।

ખિજડો सं.) एक प्रकार का वृक्ष

ખિજમત-દમત (सं.) सेवा, टहल, चाकरी, दफ्तर, दरबार।

ખિજમતદાર-ગાર (सं.) सेवक, टहलुवा गुलाम, नौकर।

ખિજવવું (क्रि.) चिढ़ाना, ठठोली, करना, ताना देना,

ખિજવું (सं.) चिड़ना, कुढना, खफा होना, नाखुश होना।

ખિણ (सं.) ढाल, ढालू भूमि, खड्ड, दर्रा, घाटी, दो पहाड़ों के बीच की जगह। [मान, इज्जत।

ખિતાબ (सं.) पद, पदवी, उपाधि,

ખિન્ન (वि.) खेदित, दुखित, थकित, उदास, मलिन, [निराशा।

ખિન્નતા (सं.) उदासी, मलिनता,

ખિલત (सं.) मानवस्त्र, मानपूर्वक दिया हुवा जामा या सभावस्त्र।

ખિલ ભાકડી (सं.) चूल और कीला, चक्की में का कीला और मानी।

ખિલવત (सं.) खानगी बातचीत, गुप्तविचार, कोठरी, एकान्तवास, तनहाई।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખિલવું (क्रि.) फूलना, खिलना, विकसित होना, गोट लगाना, मगजी लगाना।

ખિલાડી–ખેલાડી (सं.) खेलने वाला, चञ्चल, नट (वि.) गुणी, चतुर, होशियार। [रोक, टोक।

ખિલી ખટકો–ખટ (सं.) आड़

ખિલોણું (सं) खिलौना, हल्का गहना, खेलने की वस्तु।

ખિસકોલી (सं.) गिलहरी।

ખિસમિસ (सं.) एक भाँति की किशमिस, दाख विशेष।

ખીજ (सं.) क्रोध, रीस, गुस्सा कोप, ताव।

ખીટી (सं.) एक छोटी लकड़ी की बनी चटखनी या रोक। खूंटी।

ખીમો (सं.) कतरा हुवा मांस, एक प्रकार की चाँवलों की बनी मिठाई। [से बना पदार्थ, खीर।

ખીર (सं.) दूध शक्कर और चावल

ખીરું (सं.) खमीर।

ખીલ (सं.) फोड़ा, फुन्सी कठोर और नरम आँखों का बलगम, गीड़।

ખીલી (सं.) पिन, चटखनी, मेख, कील, एक प्रकार का रोग।

ખીલી માંકડી (सं.) देखो ખીલ-માંકડી.

ખીલો (सं.) कीला मेख, खूँटा,

ખીસા કાતરૂ (सं.) जेब कट, गिरह कट। [हाथ खर्च।

ખીસા ખર્ચ (सं.) जेब खर्च,

ખીસા ખાલી (सं.) गरीब, दरिद्र निर्धन जिसके पास १ पैसा भी नहो। [हिन हिनाहट।

ખીસું (सं.) जेब, पाकेट खुंखारो

ખુંચવું (क्रि.) वेधना, छेदना, दर्द करना।

ખુંચાવવું, ખુંચાવી લેવું ખુંચી લેવું (क्रि.) झपट लेना, छीन लेना, खींच लेना, पकड़ लेना।

ખુંટી (सं.) कीला, कीला, दीवार में लगाने की खूँटी।

ખુંટિયો (सं.) साँड,

ખુંટો (सं.) मेख, खूँटा, लंङ्गर डालने की फीस, जंगली चक्की को पकड़ कर घुमाने का डंडा।

ખુંટો ઘાલવો (क्रि.) जड़ जमाना,

ખુંદવું (क्रि.) कुचलना, रौंदना, पैर से दबाना।

ખુંપરો (सं.) ठूँठ, कांटा,

ખુજલી–ળી (सं.) खाज, खुजाल।

ખુટકો (सं.) कमी, घटी, न्यूनता,

ખુંટવું (क्रि.) व्यय होजाना, खतम होना। न रहना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખુટેલ (सं.) दिवालिया, दरिद्र, मुफ़लिस, छली, कपटी विश्वासघाती ।

ખુડદો (सं.) चाँदी या ताँम्बे का सिक्के, रेजगारी, चिल्लर, चेंज ।

ખુડદો કરવો (क्रि.) बेचदेना, बेचडालना । [देरिखाओंका खेल ।

ખુણો (सं.) कोना, नोंक, सिरा,

ખુદ (सं.) स्वयम्, आप, जाती, निज । [शक्तिमान् ।

ખુદા (सं.) ईश्वर, परमात्मा, सर्व

ખુદાઈ (वि.) स्वर्गीय, पवित्र, दैवी । [रवादी, ईश्वरभक्त ।

ખુદાપરસ્ત (सं.) आस्तिक, ईश्व-

ખુદાવંદ (सं.) श्रीमान्, स्वामी, सर्वशक्तिमान् ।

ખુન (सं.) रक्त, शोणित, वध, हत्या, रक्तपात, कत्ल ।

ખુન કરવું (क्रि.) वध करना, मारडालना, क़तल करना ।

ખુનરેજી (सं.) वध, कतल, संहार, हत्या ।

ખુનસ-ત્રાસ (सं.) लाग, कीना, द्वेष, द्रोह, विरोध, वैर, [वधिक ।

ખુની (सं.) कातिल, हत्यारा,

ખુબ (सं.) बहुत, अधिक, उत्तम, श्रेष्ट, अच्छा ।

ખુબસૂરત (सं.) रूपवान, सुन्दर, अच्छी शकलका, चमकदार ।

ખુબસુરતી (सं.) शान, सौन्दर्य्य सुरूप, सुडौली, सुन्दरता, चमक, उत्तमता ।

ખુબી (सं.) विशेष लक्षम, विशेषता, उत्तमता, गुण, योग्यता,

ખુબીદાર (वि.) उत्तम, सुन्दर, विशेषतायुक्त, शानदार ।

ખુમચો (सं) एक छोटा थाल, परात, फलोंकी डाली ।

ખુમારી (सं.) नशा, मतवाला--पन, मस्ती, अधिक नशेकी ऊँघ, झपकी ।

ખુરચન (सं.) दूध की अथवा रवड़ी या मावे की खुरचन । कोई सूखा या कच्चा फल ।

ખુરબાન (वि.) मोहित, प्रीति केवशीभूत, इच्छुक, (सं) कृपा ।

ખુરશેદ (सं.) सूर्य, रवि ।

ખુરસી (सं.) कुर्सी, चौकी, काष्टासन । [[लकड़ ।

ખુરસું (सं.) एरण गाड़ने का

ખુલવું (क्रि.) खुलना, प्रकट होना सामने आना, चोड़े आना, फबना, टांकहोना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખુલાસો (सं.) अर्थ, टीका, व्याख्या, बयान, अनुवाद, निर्मलता, अभिप्राय, आशय, निर्णय, विचार संक्षेप, सारांश, फैसला, स्पष्ट साफ,

ખુલું-લ્લું (वि.) खुलाहुवा, प्रकट, साफ, स्पष्ट, नग्न, मैदान ।

ખુવાર (वि.) दुखित, व्यथित, संकटमय ।

ખુવારી (सं.) दुख, संकट, व्यथा नाश, बर्बादी । [प्रमुदित

ખુશ (वि.) प्रसन्न, मुदित, हर्षित

ખુશકી (सं.) पैदल रास्ता, सूखीभूमि । सड़क रास्ता ।

ખુશખબર (सं.) सुखद संवाद, श्रेष्ठ सन्देशा, शुभसमाचार ।

ખુશનુમા (वि.) सुहावना, रुचिर, मनोहर, दिलपसन्द, सुंदर, खूबसूरत । [आनन्द ।

ખુશબખ્તી (सं.) हर्ष, प्रसन्नता,

ખુશબોઈ (सं.) गंध, वास, बू ।

ખુશબોદાર (सं.) सुगन्धयुक्त ।

ખુશમિજાજી (वि.) आनंदी, हंस-मुख, खुशदिल, खिलाडी, लहरी ।

ખુશામત (सं.) चापलूसी, खुशामद, चाटुवाद, लल्लो-पत्तो ।

ખુશામતિયો (सं.) चापलूस, खुशामदी । लूतरा । [कृपा

ખુશાળ (सं.) प्रसन्नता, सौभाग्य

ખુશાલી (वि.) प्रसन्नता, और स्वस्थता ।

ખુશી (सं.) हर्ष, प्रसन्नता, इच्छा, चाह । [वि.] ठीक, पूर्ण ।

ખૂંટ (सं.) भूमि-चिन्ह, (क्रि.

ખૂંધ (सं.) कूबड़, झुकीहुई, पीठ, मुड़ी हुई कमर । [पीठ का।

ખૂંધું (सं.) (वि.) कूबडी

ખૂટ (सं.) कमी, घटी, न्यूनता, तंगी । [कतल ।

ખૂન (सं.) रक्त, शोणित, वध,

ખેકડો (सं.) कैंकड़ा, कर्क ।

ખેંચ (सं.) तकाजा, धुन उद्योग, खींच ! [प्रार्थना, विन्ती ।

ખેંચતાણ-ચાતાણ (सं.) खींचातानी

ખેંચવું (क्रि.) खींचना, कसना ।

ખેંચાખેંચ-ચી (सं.) ऐंचातानी, व्याकुलता, घबराहट ।

ખેચર (सं.) पक्षी, देव, आकाशगामी, विद्याधर । [की एक क्रिया।

ખેચરી (सं.) पतंग, योग विद्या

ખેડ (सं.) जुताई, जोत ।

ખેડવું (क्रि.) जोतना, हळ चलाना खेती करना, दरियाई यात्रा करना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખેડાણુ (सं.) जोतने योग्य भूमि, जुताई, खेती ।
ખેડું (सं.) गँवार, देहाती ।
ખેડુત (सं.) कृषक, किसान खेतिहार ।
ખેતર (सं.) खेत, क्षेत्र पशुओं के चरने की भूमि ।
ખેતરપાળ (सं.) देवता विशेष,
ખેતરવા (वि.) खेत की दूरी, ठीक गाँव की हद पर ।
ખેતીવાડી (सं.) कृषिकार्य,
ખેદ (सं.) रंज, दुख, अफसोस, पश्चात्ताप, शोक । [शोकयुक्त ।
ખેદયુકત (सं.) रंजीदा, दुखी,
ખેન (सं.) आड, रोक, अटकाव, बाधा, कठिनता, अमनोज्ञ व्यक्ति ।
ખેપ (सं.) भार, बोझ,से यात्रा चक्कर, यात्रा का भाड़ा, समुद्रयात्रा, यात्रा, समयपर सामानकी पहुँच, परिश्रम, यत्न, धोबीको एकदम दिए गये वस्त्र ।
ખેપિયો (सं.) वाहक, खबर ले-जानेवाला दूत, हरकारा ।
ખેપી (वि.) परिश्रमी, सावधान ।
ખેમ (सं.) अमन, कुशलक्षेम, आनंद, मंगल ।
ખેમખુશાળ–ली (सं.) कुशल-मंगल, क्षेमकुशळ, सफलता, विजय, आरोग्यता, स्वस्थता ।
ખેર (सं.) खैर वृक्ष, खादिर वृक्ष, (क्रि. वि.) कुछ परवा नहीं, खैर ।
ખેરખાહ (सं.) शुभ चिंतक, भला चाहनेवाला, सत्य मित्र ।
ખેરણુ (वि.) बिखरा, छितरा, फैला।
ખેરવવું (क्रि.) सताना, खिजाना, गिरने देना, बहाना, छोड़ना, नि-काल देना ।
ખેરસલ્લા (सं.) अमन, चैन शांति।
ખેરસાલ–ર (सं.) औषधि, कत्था, खैरवृक्ष से निकला हुवा ।
ખેરાત (सं.) दान, भिक्षा, पुण्य ।
ખેરાતી (वि.) दाता, पुण्यात्मा, उदार, दान पुण्य के लिये एक ओर रखी वस्तु । [चैन ।
ખેરિયત (सं.) अमन, शांति सुख
ખેરી (सं.) पतिंगा, धूल, कचरा।
ખેરીજ (वि.) फालतू, अधिक, न्यूनतापूरक, (उप.) अलावा, सिवा अतिरिक्त । [लीला कौतुक ।
ખેલ (सं.) क्रीड़ा, कलोल, तमाशा,
ખેલવું (क्रि.) खेलना, लीला करना, कलोल करना,
ખેલાડી (वि.) देखो ખિલાડી
ખેસ (सं.) स्कंध वस्त्र, डुपट्टा, रूमाल । [सरेस, माड़ी, लेई ।
ખેહ (सं.) धूल, मिट्टी ખેળ (सं.)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખેળા (सं.) रंगीली, सुन्दरी, नट । नटी
ખૈ (सं.) व्यय, क्षय, खर्च, खपत ।
ખો (सं.) आदत, स्वभाव, कंदरा, गुफा, माँद, गड्ढा, छिद्र, चाल,
ખોઈ (सं.) झूलनी खाट, पालना, झोला, थैली ।
ખોખરાટ (सं.) कंठ का बैठ जाना, गले में खरखराहट,
ખોખરૂં (वि.) सूखास्वर, खुरखुरा ।
ખોખલી (सं.) गीदड़ी, लोमड़ी,
ખોખલો (सं.) दमा, श्वास, वृद्ध मनुष्य, बूढ़ा ।
ખોખું (सं.) एक हिसाब या मजमून प्राप्त करना और रुपये देना, सायर के महसूल का फार्म । लकड़ी का खोखा, पंजर, ठठरी ।
ખોગીર (सं.) काठी, ज़ीन, गद्दी, तकिया ।
ખોજ (सं.) तलाशी, ढूँढ,
ખોજો (सं.) हिजड़ा, नपुंसक, जनाना, [कमी, न्यूनता ।
ખોટ (सं.) गलती, भूल, हानि,
ખોટવધ (सं.) हानि लाभ, टोटा नफा । [आलस, ढीलापन ।
ખોટાઈ–રૂ (वि.) असत्यता, सुस्ती,
ખોટી (सं.) देरी, विलम्ब, टाल मटोल । [बुरीचाल ।
ખોટી ચાલ (सं.) बदचलनी,
ખોટું (वि.) झूठा, असत्य, अनुचित, अधर्मी, सुस्त, जाली, बनावटी, कल्पित ।
ખોડ (सं.) ऐब, बुरी आदत, दोष, दाग, कलंक, बाँक ।
ખોડ કઢાડવી (क्रि.) दोष ढूंढ निकालना, परछिद्रान्वेषण ।
ખોડખાંપણ (सं.) देखो ખોડ असम्पूर्णता, गलतियाँ,
ખોડ ભુલાવવી (क्रि.) ऐब हटाना, बुरी आदत भुलाना ।
ખોડંગખોડા (वि.) लंग, लंगड़ा,
ખોડાવું (क्रि.) लंगड़ाना,
ખોડિયારૂં (सं.) झाडीमें का खुला हुवा भाग ।
ખોડું (वि.) कुरूप, ऐबी, लंगड़ा, रेंगनेवाला, दोषी, अधूरा ।
ખોડો (सं.) बालों का मैल, सिरके बालोंका धूसा, (वि.) लंगड़ा । [खोदना ।
ખોતરવું (क्रि.) खुरचना, कुरेदना,
ખોદવું (क्रि.) खोदना, खनना, नक्काशी करना, काटना, बिल खोदना । [बना हुवा गड्ढा ।
ખોદાણ (सं.) पानी द्वारा कटकर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખોદામણી (सं.) खुदवाई की मजदूरी ।

ખોદાવવું (सं.) खुदवाना

ખોપડું (सं.) झोंपडा, कुटी, कुटिया, छप्पर ।

ખોપરી (सं.) सिरकी हड्डी, कपाल ।

ખોબલો–ભલો–ખો–ભો (सं.) अंजली,

ખોભણ–ભાણ (सं.) गुफा कन्दरा, ग़ार माँद, खन्दक ।

ખોરડું (सं.) झुपड़िया, छोटा मकान ।

ખોરવું (क्रि.) खुजलाना, खुजाना, खिजाना, कुढ़ाना । [हार ।

ખોરાક (सं.) भोजन, भक्ष्य, अ-

ખોરાકી (सं.) जीविका, रसद, भोजन वस्त्र, [वाह, जीविका ।

ખોરાકી પોશાકી (सं.) रोजी, नि-

ખોરાશ (सं.) गंदापन, दुर्गन्धि, ખોરૂં दुर्गन्ध, तेजवू,

ખોલ (सं.) खोलापन, पोळापन, ढक्कन, गुफा, खोह ।

ખોલકી (सं.) गधे का बच्चा ।

ખોલવું (क्रि.) खोळना अनावृत करना, उघाड़ना । [कना, कमरा।

ખોલી (सं.) धातु का बना ढ-

ખોવું (क्रि.) खोदेना, गँवादेना, बरबाद करना, उड़ाना ।

ખોસવું–સી–ઘાલવું (क्रि.) घुसेड़ना, ढकेलना, छेदना, भोंकना धकेलना, ठेलना ।

ખોહ (सं.) गुफा, कन्दरा ।

ખોળ (सं.) ढूँढ, अन्वेषण, तलाशी, तेल की टिकिया, छादन, ढांकन । [करना ।

ખોળવું (क्रि.) ढूँढना, तलाश

ખોળા ખંખોળ (सं.) अन्वेषण, ढूँढ, ध्यानपूर्वक तलाश । [तिभू ।

ખોળાધર (सं.) जमानतदार, प्र-

ખોળિયું (सं.) तोशक, गद्दा, रजाई, गुदड़ी, खोल, शरीर ।

ખોળો (सं.) गोद, अंक, [भरना ।

ખોળે લેવું (क्रि.) गोदी लेना, अंक

ખોળો પાથરવું (क्रि.) माँगना, प्रार्थना करना, इच्छा करना ।

ખોળા ભરણું (क्रि.) गोदभरना, प्रथम सन्तान उत्पन्न होने के समय की एक रीति । [प्रसिद्धि,

ખ્યાતિ (सं.) प्रतिष्ठा, यश, कीर्ति

ખ્યાલ (सं.) ध्यान, विचार, ख़याल, अनुमान, अटकळ, अनुसरण, पीछा, एक प्रकार का गीत, छंद, पद, हँसी, गाना और खेळ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ખ્યાલી (वि.) उमंग पूर्ण, लहरी, ख्याल बनानेवाला । [आनन्द,
ખ્યાલી (सं.) नृत्य गान, खुशी,
ખ્રિસ્તી (वि.) ईसाई, क्रिश्चियन,
ખ્વાબ (सं.) स्वप्न, सपना, छाया ।

ગ

ગ=गुजराती वर्णमाला का चौदहवां अक्षर । [कल (भूतकाल)
ગઇ કાલે (क्रि. वि.) गत दिवस
ગઇ ગુજરી (वि.) गत, बीती, खतम, गई बीती ।
ગઇ પરમ દિને (क्रि. वि.) गत परसों, गत दिवस के पहिले का दिन । [रात्रि, बीती हुई रात ।
ગઇ રાતે–તરે–ત્રે (क्रि. वि.) गत
ગઉ (सं.) धेनु, गौ, गाय,
ગઉચર (सं.) गोचर भूमि ।
ગઉદાન (सं.) गायदान, गाय पुण्य कर देना । [गोवध ।
ગઉહત્યા (सं.) गोवध का पाप,
ગગડવુ (क्रि.) गर्जना, घूमना,
ગગડાટ (सं.) गर्जन, भयंकर गर्जन शब्द । [करना ।
ગગડાવવું (क्रि.) जोर की गर्ज़ना
ગગન (सं.) आकाश, आस्मान, स्वर्ग ।

ગગરૂં (सं.) मोटा मोटा पिसा हुवा, दला हुवा । [पीला पड़ना ।
ગગળવું (क्रि.) कमजोर होना,
ગગી (सं.) लड़की, पुत्री, कन्या
ગગો (सं.) लड़का, पुत्र.
ગંગ–ગા (सं.) गंगा नाम्नी नदी, सुरसरि, जाह्नवी ।
ગંગાજળ (सं.) नदी गंगा का, पानी पवित्र जल, निर्मल जल ।
ગંગાજમની (वि.) वहवस्त्र जिस की गोट अनरंग की हो, दो वस्तुओं का मेल ।
ગચકડું–કિયું (सं.) हिलते हुए उठना और नीचे होना । झूलते समय की दशा, डकार । वमन कय, छर्दि, उलटी ।
ગચ (सं.) गारा, चूना
ગચિયું (सं.) चूने या गारे के साथ बजरी या ईटें का मिश्रण ।
ગચ્છ (सं.) दर्जा, श्रेणी, क्रिया रीति । गणित का अंक जिसका अर्थ (तरतीब) है ।
ગજ (सं.) हाथी, कुंजर, ३६ इंच का माप, लोहे का ३ फुट का छड़ जो कपड़े मापने को प्रायः काम आता है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગજકરણ (सं.) हाथी के कान । गणेशजी, दाद, दद्रु ।

ગજગામની–મિની (सं.) हाथी की भाँति चलने वाली स्त्री ।

ગજજર (सं.) बढई खाती, प्रातः काल, पौफटे ।[का दांत, गणेशजी।

ગજદંત (सं.) हाथी दांत, हाथी

ગજબ (सं.) जुल्म, सख्ती, उपद्रव, ज्यादती, अचंभा, शोक, दुर्भाग्य, विपत्ति, आफत ।

ગજરગોટા (सं.) एक प्रकार का फूल ।

ગજરાજ (सं.) बड़ा हाथी,

ગજરું–રો (सं.) फूलों का हार, फूलों का हाथ पर पहिनने का हार।

ગજલ (सं.) गीत, एक फ़ारसी गीत । [गरजना ।

ગજવવું (क्रि.) जोर से बोलना,

ગજવા કાતરૂં (सं.) जेव कट, गिरह कट ।

ગજવું (सं.) जेब, पाकेट ।

ગજવેલ (सं.) फौलाद । [स्थान ।

ગજશાળા (सं.) हाथी बांधने का

ગજાનન (सं.) गणेशजी, गणपति ।

ગજાવવું (क्रि.) हिलाना, गरजना,

ગજીયાણી (सं.) स्त्रियों के पहिनने का एक रेशमी वस्त्र ।

ગજી (सं.) खादी, मोटा वस्त्र, एक प्रकार का सूती या रेशमी मोटा वस्त्र । एक गज चौड़ा कपड़ा

ગજીઆ (सं.) छड़, झूलने के लिये लम्बी जंजीरें । [शक्ति, बल।

ગજું (सं.) योग्यता, लायकी,

ગજેંદ્ર (सं.) एक प्रकार का हाथी,

ગંજ (सं.) ढेर, खजाना,

ગંજી (सं.) घास की गंजी। सूखी घास का ढेर ।

ગંજીફો–પો (सं.) गंजीफा खेलने के पत्ते । ताश ।

ગટ કરી કરવું (क्रि.) निगल जाना, हड़प कर जाना नष्ट करना,

ગટગટ (क्रि. वि.) गटकने खाने या पीने का शब्द, लगातार, बिना ठहरे । [चाल ।

ગટપટ (सं.) मेलजोल, घरू बोल

ગટર (सं.) मोरी नाली, गटर

ગટરપટર (सं.) घरू बोल चाल, अगड़बगड़, कूड़ाकरकट, पक्षपात, तरफदारी । [मोटा, घना ।

ગઠ્ઠું (वि.) ठिगना, छोटा और

ગઠિયો (सं.) ठग, धोकेबाज ।

ગઠ્ઠો (सं.) ठेर, बड़ी, गांठ, गठ्ठा ।

ગડગચ્યો (सं.) भीड़ ढ़ेर ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગડગડાટ (सं.) गरज, खूब जोर की ध्वनि, गर्जन । [घूंसाघूंसी ।

ગડદાગડદી (सं.) भीड़, विपात्ति,

ગડદાપાટુ'–मुक्की (सं.) घूंसे, घूँसों की मार, मुष्टिक प्रहार ।

ગડદી (सं.) भीड़,

ગડદો (सं.) घूँसा, मुष्टिक, प्रहार,

ગડબડ-ડાટ (सं.) घबराहट, जल्दी, हलचळ, गोलमाल, कोलाहल, शोरगुल, हडबड़ी, ध्वनि, भयानक गर्जन ।

ગડબડગોટો (सं.) गड़बड़, रोग ।

ગડબડવું (क्रि.) बकबक करते हुए घूमना, खडबड़ करते फिरना

ગડબડિયું (सं.) अनाड़ी, (वि.) चंचल, काममें लगा हुवा, फुर्तीला,

ગડબવું (क्रि.) खूब दबाना, उग्रतापूर्वक पीटना ।

ગડાકુ (सं.) गड़ाखू, गुड़ मिला कर बनाई हुई तम्बाकू ।

ગડી (सं.) पल्लादार, एक साधारण मजदूर ।

ગડો (सं.) बण्डल, पार्सल ।

ગઢ (सं.) पहाड़ी किला, पहाड़ी पर्वत ।

ગઢવી (सं.) कवि, भाट, प्रसंशक ।

ગઢાણ (सं.) गोचर भूमि, पशुओंके चरनेकी भूमि,

ગણ (सं.) भीड़, झुंड, परजाति, दर्जा, श्रेणी, शिवदूत, तीन अक्षरोंका बना शब्द (पिंगळ ग्रंथोंमें कथित आठ गण) संख्या, कृपा, दया, (क्रि.) गिनना, गणना करना । [आज्ञा मानना ।

ગણકારવું (क्रि.) ध्यान देना,

ગણગણતું (वि.) अनिच्छुक, विमुख, झनझनाहट, झनक ।

ગણગણવું (क्रि.) भिनाभिनाना, नाक के द्वारा गुनगुनाना, विमुख होना ।

ગણતરી (सं.) लेखा, गिनती, गणना, विधि, मूल्य, कीमत ।

ગણગણ (क्रि. वि.) भिनाभिनाहट, गुनगुनाहट । [मान ।

ગણના (सं.) गिनती, कूत, इज्जत

ગણવું (सं.) गिनना, गिनती करना, शुमारी करना, आदर करना, मूल्य करना ।

ગણિકા (सं.) वेश्या, रंडी, वारनारी ।

ગણિત (सं.) गणित विद्या, (क्रि.) गिना हुवा ।

ગણિત પ્રમાણ (सं.) गणित विद्याविषयक, अनुरूप करना (गणितमें) [अनुक्रम या बढाव ।

ગણિતશ્રેઢી (सं.) गणितविषयक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગણીતી (सं.) गणित करनेवाला गणितज्ञ । [अधिष्ठाता देव ।
ગણેશ (सं.) गणपति, बुद्धिके
ગણેશિયો (सं.) मकान फोड़नेका एक औजार विशेष ।
ગણોત (सं.) भड़ैती, किरायेदार। ठीकेदार । [पट्टा या सरख़त ।
ગણોતનામું-પટો (सं.) जमीनका
ગણોતિયો (सं.) असामी, भड़ैत, ठीकेदार,
ગંઠિયો (सं.) ठग, धोकेबाज, जेब कतरनेवाला, गिरहकट ।
ગંડો (सं.) गलेमें पहिननेका आभूषण, कठला, आठफीट का माप।
ગંડમાળ (सं.) कंठमाळ, रोग विशेष,
ગંડવો (सं.) पागल, बेअक्क, बुद्धिहीन, (सं.) कुटना, भडुवा, दलाल । [या मकान ।
ગંડસ્થલ (सं.) हाथी का स्थान
ગંડિયો, ગંડુ,-ડુસ, (वि.) मूर्ख, बुद्धिरहित । [की पिंगोरी ।
ગંડેરી (सं.) गन्ने की गनेरी, ईख
ગત (वि.) गया, गुजरा, बीता, (सं.) हालत, दशा, गुण, कला, शक्ति योग्यता, स्वर, माप ।
ગતે ઘાલવું (क्रि.) खाते में ले लेना, हिसाब में ले लेना ।
ગતે જવું (क्रि.) मुक्ति पाना, नज़ात पाना, मोक्ष प्राप्ति ।
ગત થવું (क्रि.) नष्ट होना, मरना, गुजरना । [गमन बारबारकी हरकत।
ગતાગત (वि.) आया गया, आवा-
ગતિ (सं.) दशा, हालत, भावी, होनी, शक्ति, योग्यता, चाल, वेग, भावी दशा ।
ગતિભંગ (सं.) अटक, रोध, रोक, प्रतिरोध, खाली, सूना ।
ગદગદિત (वि.) हकलाता हुवा, सिसकताहुवा । [अधपका ।
ગદગદું (वि.) गधर, अर्द्धपक्व,
ગદડવું (क्रि.) कुचलना, रोंदना ।
ગદભદિયાં (सं.) विपुलधन, विपुल द्रव्य ।
ગદલું-ડેલું (सं.) गन्दा, मैला, गद्दा. गुदड़ी, तोशक रजाई ।
ગદલાઈ (वि.) मैलापन, गंदापन ।
ગદા (सं.) सोंटा, लाठी, वज्र, अस्त्रविशेष ।
ગદિયાણો (सं.) तौल वजन लगभग आधातोला ५० ग्रेन, ट्राय, [प्रबन्ध, इबारत
ગદ્ય (सं.) छन्द रहित वाक्य,
ગધેડી (सं.) गधी,
ગધેડો (सं.) गधा, गर्दभ, मूर्ख बेवकूफ, बुद्धिरहित । [कनेवाला
ગધેવાન-દ્દીવાન (सं.) गधाहाँ-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગધો–દ્દો (सं.) गदहा, गधा, गर्दभ, रासभ, खर ।

ગનીમત (सं.) सौभाग्य, खुश क़िस्मत, आशिर्वाद ।

ગનીમ (सं.) शत्रु, दुश्मन, जनताकाशत्रु, अरि ।

ગંદકી (सं.) दुर्गन्ध, कुवास, दुर्गन्धपात्र, मैला, गन्दा ।

ગંદવાડ (सं.) कचरा, दुर्गन्ध, मैल, कूड़ा । [निर्लज्ज ।

ગંદુ (वि. मैला, भ्रष्ट, अपवित्र,

ગંધ (सं.) बास, बू।

ગંધક (सं) गंन्धक,

ગંધધાણ (सं.) अति दुर्गन्ध, सख्त बदबू ।

ગંધપુષ્પ (सं.) चन्दन और फूल, चन्दन के बुरादे और फूलों से तयार किया हुवा द्रव्य ।

ગંધરપ (सं.) गंधर्व, गवैया, बजैया, गायक ।

ગંધર્વ (सं.) अच्छा गवैया, देवताओंका गायक ।

ગંધર્વવિવાહ (सं.) प्रेमपाणिय, आठ प्रकार के विवाहों में से एक जिसमें कुमार और कुमारी की इच्छा ही अपेक्षित होती है और किसी प्रकारका सार्वजनिक कृत्य नहीं किया जाता ।

ગંધર્વવેદ (सं.) सामवेद का उपवेद जिसमें गानविद्या का वर्णन है ।

ગંધસાર (सं.) चन्दन, संदल, इत्र या सुगन्धित पदार्थोंका सत्व ।

ગંધાતું–યલુ (वि.) सड़ा, गळा, बदबूदार । बासदार ।

ગંધાવું (कि.) बदबूकरना, असह्यबदबू निकालना, पादना, सड़ाना ।

ગપશપ (सं.) मामूली वातचीत, बातचीत, बकबक, झूठी सच्ची बात ।

ગપાસ (सं.) अबुद्धि सम्वाद, गड़बड़ाहट, बकझक, अफवाह, किम्वदन्ती, उड़ती खबर ।

ગપાગપી (सं.) घूंसा घूंसी, (क्रि. वि.) पोशीदगीसे, गुप्तता पूर्वक ।

ગપ્પાષ્ટક (सं.) झूठीबात, अफवाह, किम्बदन्ती, बकवाद, टेंटें ।

ગપ્પીદાસ (सं.) गप्पी, समाचार पत्रों या अखबारोंका बेचने वाला, कहानी कहने वाला, बकबक करने वाला । [गलती, अपराध ।

ગફલત (सं.) लापरवाही, भूल,

ગફલત કરવી–ખાવી (सं.) बेपरवाही दिखाना, गलती करना भूलकरना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગફલતી (वि.) बेपरवाह, लापरवाह, बेफिक्र । [सादा ।
ગબડગંડ (सं.) भोला, सीधा,
ગબડવું (क्रि.) पकड़ना, मरोड़ना घुमाना ।
ગબડાવવું (क्रि.) साथ साथ धुमवाना, शीघ्रता करना, पास पास घुमाना । [दौड़ ।
ગબડ્ડી-રડી (सं.) कबड्डी, तेज
ગબદુલ (वि.) मोटे डीलडौल का।
ગબર (सं.) एक पहाड का नाम, दृढ, मजबूत ।
ગબરૂ (वि.) सुन्दर, रूपवान, खूबसूरत, पूर्ण और रसयुक्त ।
ગબાર (सं.) गड्ढा ।
ગબ્બ લઇને (क्रि.) जल्दी से, चतुरता से ।
ગબ્બર (वि.) धनवान, दाल रोटी से खुश, धनी, धनाढ्य ।
ગભરાટ (सं.) बेचैनी, घबराहट, खौफ, दर्द, दुःख, संकट ।
ગભરાવું (क्रि.) घबरा जाना, चौंक जाना ।
ગભા (सं.) कफ, खकार, बळगम।
ગભાણ (सं.) ढोरों का बाड़ा, पशुओं के चरने की भूमि ।
ગભારો (सं.) मंदिर का वह भीतरी कमरा जिस में मूर्तियाँ रखी होती हैं। निज मंदिर ।
ગમ (सं.) तर्फ, बाजू, ओर, झुकाव, रुख, इच्छा, परख, पूरा ज्ञान, धैर्य, सब्र, नम्रता, रंज, (उप.) ओर, के पास, समीप को ।
ગમગીન (वि.) चिंतित, चिंतातुर, रंजीदा, शोकयुक्त ।
ગમગીની (सं.) रंज, खेद, शोक ।
ગમભા (सं.) अरुचि, घृणा, अनिच्छा ।
ગમત (सं.) खेल, तमाशा, विनोद, विलास, मनोरंजन ।
ગમત કરવી (क्रि.) खेल अथवा विनोद करना ।
ગમતું (वि.) विलासिता विनोद ।
ગમન (सं.) चलन, चाल, हरकत, कूच, रवानगी । [आवागमन ।
ગમનાગમન (सं.) जाना और आना,
ગમવું (क्रि.) पसन्द करना, स्वीकार करना, मानना, सुख चैन करना । [वीरता, ढिढाई ।
ગમા (सं.) शक्ति, बल, पौरुष,
ગમાર (सं.) बेहूदा, मूर्ख, शठ गंवार ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગમાવવું (क्रि.) खो देना, गँवा देना, बर्बाद कर देना, उड़ा देना, व्यर्थ व्यय करना, लुटाना।

ગમી (सं.) शोक, रंज, (क्रि. वि.) ओर, के पास, को, समीप ।

ગમે તે (क्रि. वि.) जैसा चाहा, इच्छित । [प्रकार, कैसे भी ।

ગમે તેમ (क्रि. वि.) किसी भी

ગંભીર (वि.) गहन, गहिरा, अथाह, संजीदा, गुप्त, धीर, सब्र ।

ગંભીરતા–રાઇ–પણું (सं.) विचार शीलता, सहन शीलता, धैर्य भारीपन ।

ગમ્ય (वि.) शक्य, गमन योग्य, संभाव्य, जाने योग्य ।

ગયણ (सं.) स्वर्ग, आकाश, आस्मान ।

ગયવર (सं.) बड़ा हाथी ।

ગયું (क्रि.) गया, गुजरा, (वि.) भूत, गुज़रा ।

ગર (सं.) गूदा, बीज, गरी, तत्व, पवित्र विचार, गुप्त विचार, मंत्री। कर्ता की द्योतक प्रत्यय ।

ગરક (वि.) डूबा हुवा, ग्रसित, बोरा हुवा, दबा हुवा ।

ગરકવું–થઇ જવું (क्रि.) गाहिरा, दफनाया जाना, डूबना, दबाना ।

ગરગટ (सं.) छोटा आदमी, ठिगना।

ગરગડી (सं.) छोटी घरन, छोटी गरारी, गर्री ।

ગરઘરણું (सं.) पुनार्विवाह ।

ગરચવું (क्रि.) भकोसना, ठूंसना, गले तक भरना, नाक तक भरकर खा लेना ।

ગરજ (सं.) आवश्यकता, जरूरत स्वार्थपरता, स्वार्थ परवाह, ध्यान, ख्याल ।

ગરજ સારવી (क्रि.) आवश्यकता पूर्ण करना, गरज रफा करना ।

ગર્જના (सं.) भयानक ध्वनि, मेघनाद, भयानक गड़गड़ाहट ।

ગરજ પડવી (क्रि.) विवश होना, गरज पड़ना या होना ।

ગરજવંત (वि.) लाचार, विवश, स्वार्थी, ऐसा व्यक्ति जिसे गरज हो, ग़रीब ।

ગરજવું (क्रि.) गरजना, साँड की तरह डकारना ।

ગરજો (सं.) नुकीला हथियार, काँटा, कण्टक ।

ગરણીજી (सं.) जैनतपस्विनी,

ગરણું (सं.) साफी, छन्ना ।

ગરથ (सं.) रुपया, धन, आमदनी, द्रव्य ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગરદ (वि.) मोटा, भीड़, गाड़ा हुवा, खोया हुवा। पकड़ा हुवा, (सं.) धूल।

ગરદન (सं.) गळा, कंठ।

ગરદ મારવું (क्रि.) सिर काटना, नष्ट करना, बरबाद करना।

ગરદી (सं.) भीड़,

ગરનાળું (सं.) पटी हुई, मोरी, जमीन के अन्दर ही अन्दर नाली।

ગરણી–બો (सं.) एक गीत, वह जिसे स्त्रियाँ चक्कर में नाचते समय गाती हैं।

ગરભ (सं.) हमल, गर्भ,

ગરમ (वि.) गर्म, उष्ण, क्रुद्ध, नाराज, उस्का हुवा, भड़का हुवा,

ગરમનરમ (वि.) न अति उष्ण, न अति ठंडा, शीतोष्ण,

ગરમર (सं.) एक औषधि या जड़ी विशेष, अचार में डाली जानेवाली एक वस्तु।

ગરમ મસાલો (सं.) गरम मसाला जो शाक तरकारियों में डाला जाता है।

ગરમાગરમ–મી (वि.) अत्यंत गरम,

ગરમાળો (सं.) नासूर, एक प्रकारका व्रण जो मुंह से बन्द होकर दूसरी ओर से बहने लगे।

ગરમી (सं.) गर्मी, ताप, उष्णता, गुस्सा, रोग विशेष उपदंश रोग,

ગરમું (सं.) एक प्रकारका वर्तन,

ગરલ (सं.) सर्प इत्यादिका विष, जहर, हलाहल।

ગરવું (वि) बड़ा, गरूरी अहंकारी, घमण्डी, (क्रि.) टपकना, झरना, चूना प्रवेश करना।

ગરાડ (सं.) खाई, गड्ढा, (वि.) बडा। [लतिया

ગરાડી (वि.) लिप्त, वशीभूत,

ગરાડો (सं.) गड्ढा, खाई,

ગરાસ (सं) निर्वाहके लिये दीहुई भूमि। [राजपूत।

ગરાસિયો (सं.) जमीनवाला

ગારયો (सं.) सिरा, चोटी,

ગરીબ (वि.) दीन, गरीब, निर्धन दरिद्र, सुशील, सभ्य, सीधा, कोमल, नम्र, मृदु।

ગરીબ ગરબા–ગુરબા (सं.) दीन, (इकठ्ठे) भिक्षुक।

ગરીબનવાજ (वि.) दाता, उदार पुण्यात्मा।

ગરીબ પરવર (वि.) दीनबन्धु, दीनरक्षक, अर्जी में लिखाजाने वाला एक मानसूचक शब्द।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગરીબાઇ, ગરીબી (सं.) दरिद्रता, दीनता, नम्रता, आजिजी नर्मी ।

ગરૂડ (सं.) गरुड पक्षी, पक्षिराज, विष्णुवाहन । [विष्णु भगवान।

ગરૂડગામી—ધ્વજ, ડારૂઢ (सं.)

ગરૂર (वि.) गर्व, अहंकारी घमण्ड,

ગુરૂવાર सं.) गुरुवार, बृहस्पतिवार,

ગરોદર (वि.) गर्भवती, गर्भिणी

ગરોળી (सं.) छिपकली, विस्तुइया, पल्ली ।

ગર્જના (सं.) मेघनाथ, गर्जन,

ગર્દભ—ગર્ધપ (सं) गधा, गदहा, खर ।

ગર્ભ (सं.) हमल, गूदा, जरायू ।

ગર્ભદ્વાર (सं.) गर्भ का द्वार गर्भस्थान।

ગર્ભનાડી (सं.) नाल, नाभी से लगी हुई एक नस जो बालक के साथ बाहर आती है ।

ગર્ભપાત (सं.) गर्भ नाश, गर्भ क्षय, गर्भश्राव, गर्भ का गिर जाना

ગર્ભધારણ (सं.) सगर्भ, हमल रहना ।

ગર્ભવંતી—વતી (क्रि. वि.) सगर्भास्त्री, पेटवाली औरत ।

ગર્ભવાસ (सं.) गर्भमें निवास, पेट में वास । [ऊपर की झिल्ली ।

ગર્ભવેષ્ઠન (सं.) ज़ेर, गर्भ के

ગર્ભવેદના (सं.) गर्भ का कष्ट, बच्चा जनने के पूर्व का दर्द, प्रसूति पीड़ा ।

ગર્ભાશય (सं.) स्त्रीके पेट में वह स्थान जहां पर रजोवीर्य के योग से गर्भ ठहर कर बढ़ता रहता है।

ગર્ભશ્રાવ—સ્ત્રાવ (सं.) देखो ગર્ભપાત

ગર્ભાધાન (सं.) १६ संस्कारों में प्रथम संस्कार, सन्तानोत्पत्ति के लिये स्त्री समागम, गर्भस्थान।

ગર્ભશ્રીમંત (वि.) (सं.) धनी, द्रव्य पात्र ।

ગર્ભસ્થાન (सं.) देखो ગર્ભાશય

ગર્ભિત (सं.) गर्भ युक्त, गर्भवती।

ગર્વ (सं.) घमण्ड, दर्प,

ગર્વિષ્ઠ (सं.) पूर्ववत्

ગલ (सं.) मछली पकड़ने का आँकडा, आंकड़ा, वलिया, गडढ्, जहरीलापसीना,

ગલકું (सं.) तरकारी विशेष,

ગલગોટા (सं.) गेंदा, गेंदा वृक्ष या उसके पुष्प, हज़ारा ।

ગલજીભી (सं.) तरकारी विशेष।

ગલત (वि.) झूठ, असत्य,

ગલપટો (सं.) गुलबन्द, रूमाल, डुपट्टा, गलेका वस्त्र,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગલખા (सं.) पटाखा, हल्ला, होहल्ला ।

ગલખો (सं.) धावा, चढाई, आ- आक्रमण, कोलाहल, शोर ।

ગલાલ (सं.) गुलाल [भ्रष्ट,

ગલિત (वि.) गिरा, टपका, पतित

ગલી (सं.) कूचा, सकरापथ, दो पहाड़ों के बीच की तंग जगह ।

ગલીકુંચી (सं.) तंग और तिरछी आड़ी गली, कूचा, गली कूचा ।

ગલીચ (वि.) मैला, म्लेच्छ, गन्दा

ચી (सं.) कूड़ा, मैल, गन्दगी,

ગલીચો (सं.) गलीचा, ऊन से बना हुवा रुवेंदार और नयना भिराम विछौना । [करना, हंसाना

ગલીપચી કરવી (क्रि.) गुदगुदी

ગલેફ (सं.) ढकना, खोल, खोली

ગલેબંધ (सं.) गुलूबन्द,

ગલેરી (सं.) छज्जा, रंगमहल

ગલોફાં–ફું (सं.) गालका भी- तरी भाग, गलाफू, [नेका धनुष ।

ગલોલ (सं.) गुलेल, कंकरी फेंक-

ગલ્લો (सं.) रुपयों की सन्दूक, खखाजा, तिजोरी, सन्दूक, पिटारा।

ગલ્લાંતલાં (सं.) बहाना, टाल मटोल,

९

ગવડાવું–વવું (क्रि.) गीत गवाना,

ગવન (सं.) एक प्रकार का वस्त्र जिसे स्त्रियां ऊपर से पहिनती हैं।

ગવાવું (क्रि.) बातें कराना, गाना गवाना । [प्रमाण ।

ગવાહી (सं.) साक्षी, साक्षित्व,

ગવાળો (सं.) वण्डल, चमड़े की थैली या सन्दूक, कपड़ों की गड़- बड़ । कपड़ों का वण्डल

ગવાક્ષ (सं.) हवाआने का छेद, गोल खिड़की,

ગવૈયો (सं.) गायक, गानेवाला,

ગહન (वि.) गहिरा, घना, जिस में प्रवेश न किया जा सके। गुप्त, छुपा।

ગહું (सं.) गेहुँ, गोधूम ।

ગહુંસો (वि.) गेहुँवा रंग, भूरा,

ગળગળવું (क्रि.) दयालु हृदय से विनती करना, हाहा करवाना, गिड़गिड़ाना ।

ગળગળિત, ગળગળું (वि.) द्रवित, पिघला, नम्र, आधीन, (सं.) नि- कल पड़ना, फूट निकलना.

ગળચટુું (वि.) चटोरा,

ગળચવો (सं.) गले का सोने का बना जेवर । स्वर्ण आभूषण जो गले में पहिना जाता है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગળાચિ (सं.) कंठ, गिरगटी, हलक़, वायुद्वार, स्वांस लेने का छेद, गला, नरेटी ।
ગળણી (सं.) चलनी, झरना
ગળતકોઢોડ (सं.) गलित कुष्ट, एक प्रकार का कोढ़ रोग ।
ગળપણ (सं.) मिठास, मिष्टता, मधुरता,
ગળફો (सं.) कफ़, बल गम,
ગળવું (क्रि.) हड़पना, निगलना, पतलाहोना, पिघलना, चूना, टपकना । [जड़ का गूदा ।
ગળસુડા (सं.) मसूड़ा, दातों की
ગળા કાપુ (वि.) विश्वासघाती, बेईमान, कपटी, गला काटनेवाला ।
ગળી (सं.) उच्चारण, शब्द, नील ।
ગળીજવું (क्रि.) निगल जाना,
ગળીયારો (सं.) नीलगर, नीलसे रंगनेवाला ।
ગળીયેર (सं.) नील से रंगा हुवा,
ગળીયો (सं.) हठी–जिद्दी बैल, गरिया बैल ।
ગળું (सं.) गला, कंठ,
ગળું કાપવું (क्रि.) धोका देना, कपट करना, छलना, टगना, गला काटना ।
ગળું પકડવું (क्रि.) गले में खरखरी होना या आवाज बैठना ।
ગળું ફાસવું (क्रि.) गला घोटना, फाँसी लटकाना । [पहिनना ।
ગળે ઘાલવું (क्रि.) माथे मढ़ना,
ગળે નાખવું (क्रि.) दवाव डालना, मंजूर करने को मजबूर करना ।
ગળે પડવું (क्रि.) झूठा दोष लगाना, झूठा दावा करना, पीछे पड़ना । [वाला ।
ગળેપડુ (सं.) झूठा दोष लगाने-
ગળેહાથ (सं.) एक प्रकार की शपथ, दाढी को हाथ से छूकर सौगन्द खानेवाला ।
ગળ્યું (सं.) मीठा, मिष्ट,
ગાઉ (वि.) बागीचे का कुआ । कोष, कोश
ગાંગડી (सं.) एक छोटा टुकड़ा
ગાંગરવું (क्रि.) झिड़कना, फटकारना, रँभाना ।
ગાંગા (सं.) जबड़ा,
ગાંગાતલ્લાં (सं.) पशोपेश, दुविधा, दुब्धा ।
ગાંગો (सं.) घूमता फिरता तेल बेचनेवाला, चलता फिरता तेली ।
ગાંજવું (क्रि.) धोखा देना जीतना,
ગાંજાખોર (सं.) गांजा पीने वाला।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગાંજો (सं.) गांजा, भांग, सन।

ગાંઠ (सं.) ग्रंथि, गढान, बंधन, संयोग, जोड़, मेल,

ગાંઠવું (वि.) निजी, खानगी थैली का।

ગાંઠડી (सं.) गांठ, बन्डल, पुलन्दा, द्रव्य, जायदाद।

ગાંઠ બાંધવી (क्रि.) ग्रंथि लगाना, स्मरण करना, द्रोही होना, अंटस रखना।

ગાંઠ વાળવી (क्रि.) बांधना, अनुकूल होना, याद करना। गांठ लगाना।

ગાંઠવું (क्रि.) गांठ लगाना, आज्ञा मानना, ध्यान देना।

ગાંઠિયો તાવ (सं.) गठियाज्वर, ग्रंथिज्वर। [जड़ की गांठ।

ગાંઠીયો (सं.) एक टुकड़ा, जड़,

ગાંડ (सं.) पेंदा, पिछला, गुदा।

ગાંડ આંગળી કરવી (क्रि.) चिढ़ाना, खिजाना, दुख देना, पीड़ा देना।

ગાંડગુલામી (सं.) नीच सेवा, कमीना गुलामी, नीच खुशामद।

ગાંડ ચાલવી (क्रि.) नलोंका हट जाना, नाभि सरकना, दस्त लगना।

ગાંડપર હાથ મુકી સુઈ રહેવું (क्रि.) कुछ परवाह न करना, बेफिक्र होकर रहना। [खुद मतलब।

ગાંડભરૂ (सं.) स्वार्थी, खुदगर्जी,

ગાંડમાં ભરાવું (क्रि.) खुशामद करना, चापलूसी करना, लल्लो पत्तो करना [मन्दबुद्धि, पागल।

ગાંડા (सं.) मूर्ख, बेवकूफ, शठ,

ગાંડાઈ (सं.) पागल पन, मूर्खता, शठता, बेवकूफी।

ગાંડિયું (वि.) मूर्ख,

ગાંડી ગુજરાત આગે લાત પીછે બાત=बुरे कुत्ते के लिये मारी बोझ। नष्ट देव की भ्रष्ट पूजा।

ગાંડીવ (सं.) अर्जुन का प्रसिद्ध गांडीव धनुष।

ગાંડું (वि.) देखो ગાંડા

ગાંડો (वि.) मूर्ख, विपथगामी,

ગાંદરૂ (सं.) गोचर भूमि, गाँव की वह सीमा जहां मवेशी खड़े होते हैं।

ગાંધર્વ (सं.) देखो गंधर्व [विवाह।

ગાંધર્વલગ્ન (सं.) देखो गंधर्व

ગાંધી (सं.) पंसारी, औषधि विक्रेता, महात्मा मोहनदास कर्मचंद गांधी।

ગાંધીવટું (सं.) व्यापारियों का बुलावा, निरर्थक बात करना।

ગાગર (सं.) गगरा, घड़ा, कलश, घट

ગાજ (सं.) एक प्रकार का कपड़ा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગાજર (सं.) एक प्रकार की भाजी, गाजर,

ગાજરગોટો (सं.) कूकरमुत्ता,

ગાજરિયું (सं.) एक बड़ा चिन्ह जो मस्तक पर रहता है। "U"

ગાજવીજ (सं.) विजली की चमक और मेघनाद । [ड़ाना ।

ગાજવું (क्रि.) गर्जना, गड़ ग-

ગાજીમરદ (सं.) सैनिक, बहादुर, योद्धा, वीर सिपाही,

ગાઠું (वि.) पराजित, थका हुवा।

ગાડદી (सं.) सिपाही, गार्ड, रक्षक।

ગાડર (सं.) भेड़ भेड़ी [धसान ।

ગાડરિયો પ્રવાહ (सं.) भेड़िया

ગાડવું (क्रि.) दफनाना, गाड़ देना, अनुमान करना ।

ગાડીવાળો (सं.) गाड़ीवान, गाड़ी हांकनेवाला ।

ગાડું (सं.) भारवाही गाड़ी, किराये पर चलने वाली गाड़ी ।

ગાઢું (सं.) मोटा

ગાણું (सं.) गायन,

ગાત્ર (सं.) अङ्ग

ગાત્ર ભંગ (सं.) अंग भंग,

ગાથા (सं.) कविता, गीत, गायन

ગાદલું (सं.) गद्दा, गदेला, रुई का गदेला ।

ગાદી (सं.) गद्दी, गायन ।

ગાદીની દોલત (सं.) राज्य खजाना राज्य कोष ।

ગાન (सं.) गायन, गीत

ગાનાર (सं.) गवैय्या, गानेवाला।

ગાફેલ (सं.) गाफ़िल, वेहोश, बे-फिक्र, असावधान । [छेद ।

ગાબડી (सं.) छोटाछिद्र, सूराख,

ગાબડી (મુકવી) (सं.) भाग दौड़।

ગાબડું (सं.) छिद्र, हानि, टोटा, छोटा छेद ।

ગાભ (सं.) देखो ગર્ભ

ગાભણી (सं.) देखो ગર્ભિણી

ગાભરૂં (वि.) घबराया हुवा, व्याकुल । [घबराजाना

ગાભરૂં પડવું (क्रि.) व्याकुल होना

ગાભો (सं.) गूदा, तांबे या पी-तळ का सीकचा, कपड़ा जो पगड़ी में काम आता है, निकम्मावस्त्र

ગામ (सं.) ग्राम, गांव, कस्बा,

ગામ ત્યાં ઢેડવાડો =गुलाब में कांटे, काटों में फूल ।

ગામગરાસ (सं.) जाय दाद गैर मनकूला यानी मकान वा जमीन वगैरह ।

ગામ ગોર (सं.) गांव का पुरोहित।

ગામડી (सं.) देशी, स्वदेशी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગામડિયો (सं.) ग्रामीण, ग्रामवासी, गांव का रहने वाला, गँवार।
ગામડીયો (वि.) जंगली, गंवारू। वेहूदा।
ગામડું (सं.) छोटा गाँव, पुरवा।
ગામદેવી (सं.) ग्राम देवी।
ગામમાં પેસવાના સાંસા ને પટેલને ઘેર ઉનાપાણી=भीख और पिछोर पिछोर।
ગામોટ (सं.) गांव के पुरोहित
ગામોતર (सं.) गांव के नियम से विरुद्ध।
ગામ્ભીર્ય (सं.) गंभीरता,
ગાય (सं.) गऊ, कोमल, नम्र, सीधा सादा, [निष्पाप, निर्दोष,
ગાય જેવું (वि.) सीधा, कोमल,
ગાયત્રી (सं.) वेदमाता, वेदका पवित्र मंत्र, गुरु मंत्र।
ગાયન (सं.) गान, गाना, गीत,
ગાર (सं.) कीचड़, कीच,
ગાર (सं.) ठंडा, [प्रत्यय
ગાર (सं.) कर्ता बतलानेवाली
ગારદી (सं.) सिपाही, सैनिक, पहिरेवाला। [लानेवाला, सपेरा।
ગારૂડી (सं.) बाजीगर, सांप खि-
ગારો (सं.) स्त्रियों के पहिनने का वस्त्र विशेष। गीला गोबर का ढेर। कीचड़, कीच।

ગાલ (सं.) कपोल, गंड स्थल,
ગા'લ (सं.) भोजन करने को बैठे हुए मनुष्यों की पंक्ति।
ગાલી (सं.) गली, कूंचा, कुवचन, गाली गलौज़।
ગાલીચો (सं.) देखो ગલીચા
ગાલ્લી (सं.) देखो ગાડું, ३० मण का तौल। [गाड़ी।
ગાલ્લું (सं.) देखो ગાડું भारकस
ગાવડી (सं.) देखो ગઉ, प्यारी गाय।
ગાવડોલ (सं.) सबसे ऊपर का,
ગાવદી (सं.) गवड़ैल, मैला, गन्दा, मूर्ख।
ગાવું (क्रि.) गाना, चरचा करना,
ગાળ (सं.) गाली, दुर्वाक्य, बाकी, तलछट, मैळ। [नाम करना।
ગાળ દેવી (क्रि.) गाली देना, बद-
ગાળવું (क्रि.) गलाना, टपकाना, छानना, व्यय करना। [गलौज़।
ગાળાગાળી (सं.) पारस्परिक गाळी
ગળિયું (सं.) कामचोर, काम से जी चुरानेवाला, पशु के गले के लिए छोटा फन्दा।
ગાળી નાંખવું (क्रि.) गला देना, पिघाल देना, बेफायदा खर्च कर डालना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગાળો (सं.) फन्दा, कमरा, भीतरी, अन्तर, एक प्रकारकी औरतों की पोशाक। साफ रूई।

ગિગળા-લાવું (क्रि.) घबरा जाना।

ગિરચ (वि.) पास, घना, मोटा, भीड़, भिच्चड़।

ગિચ્ચોગિચ્ચ (क्रि. वि.) दबाकर, ठूंसकर, खूब भीड़, गचापच, खचापच भीड़।

ગિદૃડ (सं.) सुस्त, काहिल, भारी।

ગિદો (सं.) घूँसा

ગિબત (वि.) दोष, अपवाद, कलंक, निंदा, अपयश।

ગિબત કરવી (क्रि.) निंदा करना, दोष देना, कलंक लगाना।

ગિબતખોર (सं.) निंदक, दोष लगानेवाला,

ગિબવું (क्रि.) घूँसे से मारना, मुठ्ठी बांध कर पीटना।

ગિબાગિબ (क्रि. वि.) घूँसों से धमाधम्म पीटना।

ગિરદ (सं.) धूळ, कचरा,

ગિરફ્તાર (वि.) कैद, बंधक, लीन, निमग्न। [लनिता, निमग्नता।

ગિરફ્તારી (सं.) पकड़ाधकड़ी,

ગિરવી (वि) गिरो, बन्धक, रहन, गहने।

ગિરવી મુકવું (क्रि.) गिरो रखना, बन्धक रखना, गहने धरना।

ગિરા (सं.) वाणी। [पहाड़ी।

ગિરી (सं.) पर्वत, भूधर, पहाड़,

ગિરિધર (सं.) पहाड़ को धारण करनेवाला, श्रीकृष्णचन्द्र।

ગિરીશ (सं.) शिव, महादेव।

ગિરેબાજ (सं.) एक प्रकारका कवूतर जिसके सिरपर कलगी होती है। [काम।

ગિરોખત (सं.) गिरवी आदि का

ગિલ્લી (सं.) गळी, कूचा, गुदगुदी, गुळ गुली, गिल्ली (खेलनेकी)

ગિલ્લીદંડો (सं.) लड़कों का एक खेल गिल्ली दण्डा।

ગિલ્લો (सं.) अपवाद पत्र, निंदा, कलंक, गाली, धिक्कार।

ગિલોડાં (सं.) एक प्रकारकी तरकारी।

ગીત (सं.) गान, भजन।

ગીત ગાવું (क्रि.) भजन गाना, गीत गाना।

ગીધ (सं.) गिद्ध, गृद्ध।

ગીરો (वि.) वन्धक, गिरवी, रहन,

ગીરોનુ (सं.) निजी, खुदका,

ગીર્વાણુ (वि.) स्वर्गीय, पवित्र, (सं.) संस्कृत भाषा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગુંગણું (सं.) नाकसे बोलना,
ગુંગળાઇ મરવું (क्रि.) गला घोटकर मरना। घबराकर मरना।
ગુગળાવું (क्रि.) घबराना, सांस रोककर मरना। [गूँगा।
ગુંગું-ગો (सं.) मूक, वाणी रहित,
ગુંચ (सं.) पेच, लपेट, उलझ, झंझट, परेशानी, गोरखधन्धा।
ગુંચવણ (सं.) पेच, लपेटन उलझाव,
ગુંચવણમાં આવી પડવું (क्रि.) झंझट में पड़ना, उलझनमें पड़ना।
ગુંછળું (सं.) धागों की लच्छी, धागोंका गुच्छा।
ગુંજ (वि.) गुप्त, खानगी, घरू, (सं.) प्रतिध्वनि, प्रति शब्द।
ગુંજા (सं.) रस्सी में घास की ग्रंथि, घूंघची, परिमाण विशेष।
ગુંજાશ (सं.) लियाकत, सामर्थ्य, शक्ति योग्यता पहुँच।
ગુંથવું (क्रि.) गूँथना, बटना, जोड़ना, बिनना।
ગુથાવું (क्रि.) अधिकार प्राप्त होना, रोक रखना, उलझा रखना, फँसा रखना।
ગુંદર (सं.) गोंद, गाद,
ગુંદરપાક (सं.) गोंद द्वारा तयार किया हुवा भोज्य पदार्थ।
ગુંદવું (क्रि.) पीटना, मारना, गूँधना, माड़ना, ओसनना।
ગુંદું (सं.) फल विशेष।
ગુ (सं.) मल, गोबर, विष्ठा, गू।
ગુઇ (सं.) एक छोटा छेद जो खेलने के काम में आता है, गुच्ची।
ગુગળ (सं.) गुग्गल, सुगन्धित गोंद।
ગુગળી (सं.) ब्राह्मणों की एक जाति, पुजारी, पुरोहित, कृपण, कंजूस।
ગુચપુચ (क्रि. वि.) घुसफुस, कानाफूसी, गुप्त रीति से। (सं.) फुस फुसाहट।
ગુચવાવું (क्रि.) फँसना, उलझना, पंकड़ में आ जाना।
ગુચ્છા (सं.) लट, जुल्फें, गल गुच्छा।
ગુચ્છો (सं.) समूह, गुच्छा, गांठ फूल।
ગુજ (वि.) गुप्त, घरू, खानगी (सं.) कील, नाखून।
ગુજરવું (क्रि,) मरना, निकलजाना, बीतना। [जीविका, रोज़ी।
ગુજરાન (सं.) बसर, निर्वाह,
ગુજરાન કરવું (क्रि.) बसर करना, निर्वाह करना, गुज़ारा करना।
ગુજરી (सं.) एक प्रकार की चूड़ी जिसे स्त्रियां पहिनती हैं। बाजार, हाट, मेला, पैठ, स्त्री,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગુજરી જવું (क्रि.) मरजाना, निकलजाना, गुज़रजाना ।
ગુજરવું (क्रि.) खर्च होना, नष्ट करना, दिखलाना ।
ગુજાયો (सं.) देखो **ગુજરાન** ।
ગુટકો (सं.) छोटी किताब, ईश्वर की प्रतिमा का पीतल की डिब्बी में रखा हुवा चित्र ।
ગુટિકા (सं.) गोली, वटिका,
ગુડવું (क्रि.) काटना
ગુડી (सं.) चैत्र मास का प्रथम दिन, सीधा खड़ा किया जानेवाला दंड ।
ગુડી પડવો (सं.) चैत्र मास का प्रथम दिन ।
ગુડો (सं.) मातम शोक प्रदर्शन (मृत्यु समय में) पतली हड्डी गेंद,
ગુણ (सं.) लक्षण, सिफत, तारीफ, खूबी, विशेषता, लाभ, असर, प्रभाव धनुष की डोरी, ज्या, बाजे का तार, रस्सी, नस, टाट ।
ગુણક (सं.) गुणा करनेवाला ।
ગુણકા (सं.) वेश्या, रण्डी, सहेली
ગુણકાંક (सं.) गुणक,
ગુણકારી (वि.) लाभप्रद, फायदेमन्द।
ગુણ ગુણ (सं.) भिन भिन, नाक में गुन गुन ।
ગુણપાટ (सं.) टाट, तप्पड़ ।
ગુણપાડ (सं.) कृपा, दया, अनुकम्पा।
ગુણવંત-વાન (सं.) गुणी, प्रवीण, निपुण, विद्वान, तेजस्वी प्रसिद्ध ।
ગુણવાચક વિશેષણ (सं.) वह विशेषण जो गुण का द्योतक हो (व्याकरण में)
ગુણવું (क्रि.) गुणा करना ।
ગુણકાર (सं.) लाभ, फल, गुणाकार जरब । [ज़रब ।
ગુણાંક (सं.) गुण न फल, हासिल,
ગુણાઢ્ય (सं.) गुणयुक्त, धार्मिक, और प्रतिष्ठित ।
ગુણી (सं.) धर्मात्मा, उपकार माननेवाला गुणी । [घड़ा, मटका ।
ગુણિયો (सं.) नकल करनेवाला,
ગુણ્યાંક (सं.) गुणक, मजरूब ।
ગુદસ્ત (वि.) गुजरा हुवा, गया बीता।
ગુદા (सं.) गाँड, गुदा ।
ગુનેગાર (वि.) अपराधी, दोषी,
ગુનેગારી (सं.) सजा, दंड जुर्माना।
ગુપચુપ (क्रि. वि.) गुप्त रीति से चुपचाप ।
ગુપ્ત (सं.) छुपा, अप्रकट, ढका हुवा, लुका, वैश्य जाति का अल्ल।
ગુપ્તદાન (सं.) अप्रकट, पुण्य, ऐसा दान जो छुपा हुवा हो ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ગુપ્ત ધન (सं.) छुपा हुवा खजाना अप्रकट द्रव्य। [गुप्त बात।
ગુપ્ત ભેદ (सं.) गुह्यत्व, एकांतता
ગુપ્તી (सं.) अस्त्र विशेष, लकड़ी जिसमें छुपे रूप से तलवार होती है।
ગુફા (सं.) कन्दरा, माँद, खोखली जगह। [लुटाना, गँवाना।
ગુમ કરવું (क्रि) खोना छुपा देना,
ગુમજ (सं.) गुम्वज़,
ગુમડું (सं.) फोड़ा फुन्सी, छाला गिलटी, सूजन। [शक सन्देह,
ગુમાન (सं.) गर्व, घमण्ड, दर्प,
ગુમાની (सं.) घमंडी, दर्पयुक्त, अहंकारी।
ગુમાર (सं.) मूर्ख, जंगली, गँवार।
ગમાવવું (क्रि.) खोना, नष्ट करना, बरबाद करना, गंवाना।
ગુમાસ્તી (सं.) नौकरी, गुलामी, सेवा। [नौकर, सेवक।
ગુમાસ્તો (सं.) मुहर्रिर, क्लर्क,
ગુરગુરવું (क्रि.) गुर्राना, घुर घुराना।
ગુરજ (सं.) गदा, लाठी, लुहांगी, लड़ाई का शस्त्र विशेष।
ગુરખ (सं.) छोटा कुत्ता, स्पेनियल डॉग। [गदा। लुहांगी।
ગુરદો (सं.) गुर्दा, लोह की मँढी
ગુરવું (क्रि.) गुर्राना, घुड़कना,
ગુરૂ (सं.) मंत्र गुरु, शिक्षक, आचार्य, कुल गुरु, पुरोहित, वृहस्पति।
ગુરૂ (सं.) लम्बा, बड़ा, दीर्घ, भारी, मान्य।
ગુરૂત્વ (सं.) भारीपन, गंभीरता,
જાનથી મારવું-લેવો (क्रि.) जान से मारना, वध करना, कत्ल करना । [जान पहिचान ।

જાન પિછાન (सं.) परिचय,

જાનમાલ (सं.) जीवन और धन ।

જાનવર (सं.) જનાવર पशु, ढोर, प्राणी, जीव । [भीतरी ।

જાની (वि.) दिली, अन्दरूनी ।

જાનીવાસો (सं.) बरातियों के ठहरने का स्थान, जनवासा ।

જાનુ (सं.) घुटना, जानू ।

જાપ (सं.) देखो જપ ।

જાપતો (सं.) रोक, अटकाव, बन्धेज, जाब्ता, बन्दोवस्त, ध्यानावस्थित ।

જાફત (सं.) दावत, भोज, जेवन, आदर, सत्कार, विलास ।

જાફરાન (सं.) केसर ।

જાફાટ (सं.) बेपरवाही, असावधानी अनिश्चितता ।

જામ (सं.) प्याला, कटोरा, याम, प्रहर, राजा, सुराही, झझ्र ।

જામગરી-ગીરી (सं.) बन्दूककी टोपी ।

જામણ (सं.) जमान, जमानेकी वस्तु, पानी दूध आदि जमानेका पदार्थ।

જામદાની (सं.) एक प्रकारका सूतीवस्त्र । [हाकिम, खजानची ।

જામદાર (सं.) सर्वजनिक कोषका

જામદારખાતું (सं.) सार्वजनिक खजाना । [यामिनी ।

જામની-મિની (सं.) रात्रि, रात,

જામફળ (सं.) नाशपाती, अमरूद।

જામવું (क्रि.) जमना, इकट्ठा होना, एकत्र होना, ठोस होना, मिले होना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જામીન (સ્ત્રી.) जामिन, प्रतिभू, जमानतदार ।
જામીન કરવો (क्रि.) जमानतदार करना, जमानत करना ।
જામીનખત (सं.) जमानत की चिठ्ठी, जमानतका तमस्सुक, नियम पत्र । [होना । जिम्मेवार होना ।
જામીન થવું (क्रि.) जमानतदार
જામીનગીરી (सं.) जमानत ।
જામો (सं.) बड़ा कुबा, जामा, वस्त्र विशेष, सभावस्त्र । [विशेष ।
જાયફળ (सं.) जायफल, औषधि
જાયા (सं.) पत्नी, भार्या, गृहिणी ।
જાયી (सं.) पुत्री, तनया, आत्मजा ।
જાયો (सं.) पुत्र, बेटा, तनय, आत्मज ।
જાર (सं.) ज्वार, ज्वारी, धान्य विशेष । यार, आशना, उपपति, आशिक । [कारी ।
જારકર્મ (सं.) व्यभिचार, जिना-
જારણ-મારણ (सं.) मंत्रोंद्वारा मारण मोहन । निर्बलता या मृत्यु । [छिनाल, विषयी ।
જારી (सं.) व्यभिचारी, जिनाकार,
જારી કરવું (क्रि.) चालू करना, शुरू करना, आरंभ करना ।
જારી થવું (क्रि.) लाचार होना, बेवश होना, आरंभ होना, शुरू होना ।
જારી રાખવું (क्रि.) चलाते रहना, गतिमें रखना, जारी रखना चालू रखना ।
જારૂં (सं.) व्यभिचार, छिनाल ।
જાલમ (सं.) निर्दय, कठोर, जुल्मी, अन्याय, कड़ा, सख्त ।
જાવક (वि.) जो बाहर भेजी जावेगी, जानेवाली ।
જાવત (क्रि. वि.) जब, जिस समय, जबतक, थोड़ेमें ।
જાવતચંદ્ર દીવાકર (क्रि. वि.) जबतक सूर्य और चंद्र विद्यमान हैं, हमेश, प्रलयकालतक, सृष्टि विनाश पर्य्यन्त ।
જાવત નિશાની (सं.) संक्षेपचिन्ह ।
જાવંત્રી (सं.) जावित्री ।
જાવેદાન (वि.) हमेशा के लिये, सदा सदा के लिये । [नित्यता ।
જાવેદાની (सं.) सनातनत्व,
જાસુદ-સ (सं.) गुप्तचर, भेदिया, जासूस, हरकारा ।
જાસ્તી (वि.) अधिक, विशेष, (सं.) सख्ती, कड़ाई, उग्रता, कठोरता, बढ़ती, बढाव ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જાસૂદી (सं.) जूते का फूल, जूते पर लगाया जानेवाला फूल ।

જાહન્નમ (सं.) नर्क, यमलोक, जहन्नुम ।

જાહેર (वि.) प्रकट, खुला, जाहिर ।

જાહેરકામ (सं.) सार्वजानिक कार्य, प्रकट कार्य ।

જાહેરખબર (सं.) विज्ञापन, विज्ञप्ति, इश्तिहार ।

જાહેર કરવું (क्रि.) प्रकट करना सूचित करना, जाहिर करना ।

જાહેરથવું (क्रि.) उघड़ना, प्रकट होना, आगे आना ।

જાહેરનામું (सं.) ढँढोरा, डुग्गी, मुनादी, डौंडी, इश्तहार ।

જાહેરાત (क्रि. वि.) खुल्लमखुल्ला, साफसाफ, प्रत्यक्ष ।

જાહેલ (सं.) अज्ञान, हठी, जिद्दी, क्रोधी, बदमाश, जाहिल ।

જાહોજલાલી (सं.) ठाठ, धूम-धाम, शानशौकत, वैभव, ज्योति, चटक। [पाश, फन्दा ।

જાળ (सं.) जाल, बचाव, पालन,

જાળવવું (क्रि.) बचाना, पालना, रक्षा करना, हिफाजत करना।

જાળી (सं.) झँझरी, झरोखा, खिड़की, जाल सरीखी, मोहरा ।

જાળીઉં (सं.) वत्ती, वाती पलीता । [का, जालीवाला ।

જાળીદાર (वि.) जाली के काम

જાળું (सं.) मकड़ी का फाँद, झिल्ली, जाला, आँख का जाला ।

જીઆન (सं.) हानि, टोटा, नुकसान ।

જીઆફત (सं.) देखो જાફત,

જીઆવર (सं.) दूल्हा, वर, बींद ।

જીકર (सं.) हठ, जिद्द, वादानुवाद, शास्त्रार्थ ।

જીગર (सं.) दिल, हृदय, मन, कलेजा, हृत्पिण्ड ।

જીગોડા (सं.) कुत्ते, गाय, आदि पशुओंकी जूँ, चिचड़ी ।

જીજ્ઞાસા (सं.) पुछार, प्रश्न, मनोगत, जाननेकी इच्छा ।

જીજી (क्षं.) माता, मा जननी ।

જીજીમા (सं.) बड़ीमा, दादी, नानी, माता से बड़ी स्त्री ।

જીડ (सं.) आमकी गुठली का छिलका ।

જીડવું (सं.) गद्दी ।

જીત (सं.) जय, विजय, शत्रु पराजय, शत्रुहार, शत्रुपराभव ।

જીતવું (क्रि.) जयलाभ करना, जीतना, विजय श्री प्राप्त करना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જીતખોર (वि.) जिद्दी, हटी, दिक करनेवाला ।

જીતનાર (सं.) जेता, विजयी ।

જીતપત્ર (सं.) विजयपत्र, जय पत्र, जीतका साक्षी पत्र ।

જીતીલેવું (क्रि.) जीतलेना, आधी न करना, वश करना, हराना ।

જીતેંદ્રિય (वि.) इन्द्रियजीत, जिसने इन्द्रियों को वश करलिया हो, शान, वशी, अकामी ।

જીદ (सं.) हठ, जिद्द, सरकशी ।

જીદ કરવી (सं.) हठ करना, जिद्द करना, अड़ना आग्रह करना।

જીંદગાની-ગી (शं.) जीवन, उम्र, आयु ।

જીદ્દી (सं.) हठी, आग्रही ।

જીન (सं.) काठी, जिन्द, प्रेत, खोगर । [गोलोक ।

જીનત (सं.) स्वर्ग, वैकुण्ठ,

જીનગર (सं.) काठी बनाने वाला, जीन बनानेवाला ।

જીન નાખવું (क्रि.) काठी कसना, तय्यार होना ।

જીનપોષ (सं.) काठी ढाँकने का वस्त्र, काठी का वस्त्र ।

જીન્નસ (सं.) वस्तु, पदार्थ, द्रव्य।

જીબ્ભી (सं.) टुकड़ा, लगाम ।

જીંથ્યા (सं.) गोखर, बनैला गधा ।

જીભ-ડી-લડી (सं.) जिह्वा, जबान।

જીભ હલાવવી (क्रि.) अल्प भाषण करना, थोड़ासा बोलना ।

જીભાળ (वि.) गन्दे मुहँ का, मैले मुहँवाला ।

જીભી (सं.) जहाज का पाल, जीभी, जीभ का मैल साफ करने की ।

જીરાયેત (सं.) कृषि कार्य, खेती, किसानी, जराअत ।

જીરાપાક (सं.) जीरापाक, जीरे द्वारा बना हुवा पक्वान्न, सुगंधित ।

જીરાફ (सं.) अफ़रीका का एक चोपाया जिसकी अगली टाँगे पिछलीकी अपेक्षा छोटी होती हैं, एक प्रकारका ऊँट । [चाँवल ।

જીરોસાળ (सं.) एक प्रकारका

જીરાભરીવાળું (सं.) मसालेदार, खुशबूदार, तीक्ष्ण, चटपटा ।

જીરૂં (सं.) जीरक, ज़ीरा एक सुगन्धित वस्तु ।

જીર્ણ (सं.) प्राचीन, पुराना, वृद्ध, बूढा, परिपक्व, जर्जरीभूत ।

જીલદ (सं.) पुस्तक की जिल्द, पुस्तक का आवरण, गत्ता, पुठा ।

જીલદદાર (सं.) दफ्तरी, जिल्द बांधनेवाला । [प्रांत ।

જીલ્લો (सं.) जिला, डिस्ट्रिक्ट,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જીવ (सं.) प्राण, आत्मा, जिय, जी, प्राणधारी, चेतन, जानदार जन्तु, द्रव्य, धन ।

જીવ આપવો-કાઢવો (क्रि.) अपने प्राणोंको बलि करना, आत्मघात, प्राणोत्सर्ग । [ज्ञात होना ।

જીવ ઉંચો થવો (क्रि.) उदासी

જીવ ઉડી જવો (क्रि.) पागलसा हो जाना, होश उड़ना, घबराजाना ।

જીવ ખોટો થવો (क्रि.) नाखुश होना, नाराज होना, रुष्ट होना, अप्रसन्न होना ।

જીવ ખાવો (क्रि.) तंग करना, सताना, दिक् करना, थकाना ।

જીવજાન-લગ (क्रि.) दिली, जिगरी, अति प्रिय, प्राणप्रिय, प्यारा, कठिन कार्य करना, फिक्र करना, चिंता करना, सावधानी से काम करना, उदार होना, धर्मात्मा होना, शान्त होना, ढीठ होना, बहादुर होना नाराज होना, अप्रसन्न होना, प्रयत्न करना, सताना, जीव खाना, मरना, मारना, बध करना, कंजूस होना, कृपण होना, उदास होना ।

જીવના સમ (सं.) अपनी कसम, मेरी सौगन्ध, अपनी शपथ ।

જીવજંત-તુ-ડું (सं.) कीड़े मकोड़े प्राणी, जानवर ।

જીવત (सं.) जीवन जीव, जिन्दगी।

જીવતર (सं.) पूर्ववत्

જીવતદાન (सं.) जीवनदान, अभय वचन, प्राण रक्षा, प्राणदान ।

જીવતું (सं.) जीवित, जिंदा, चैतन्य।

જીવત (वि.) पूर्ववत्

જીવંત કરવું (क्रि.) जिलाना, जीवित करना, जिन्दा करना, साहस दिलाना ।

જીવતા રહેવું (वि.) जीवित रहना, जिन्दे रहना, कायम रहना ।

જીવતો જાગતો (वि.) राजीखुशी, जीवित और जागृत, जीता जागता,

જીવતો જીવ (सं.) जीवित प्राणी, चैतन्य जीव अमृत जीव ।

જીવદાર (वि.) द्रव्यपात्र, रुपये पैसेवाला, जिन्दा, जीवित ।

જીવન (सं.) जीविका, रोजी, भोजन, अस्ति, स्वत्व ।

જીવનગાળો (सं.) जीविका, रोजी, रोटी, कपड़ा, निर्वाह ।

જીવનમુક્તિ (सं.) मोक्ष, नजात ।

જીવનમુક્ત (वि.) जीवन दशामें ही ज्ञानार्जन की सहायतासे ब्रह्म को साक्षात्कार किये, इस जन्म ही में संसार बंधन सेमुक्त, महात्मा ।

જીવનાર (सं.) जीनेवाला ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જીવનવસ્તુ (सं.) जीविका, स्वत्व।

જીવપ્રાણુ (सं.) आत्मा और जीव जीवन और आत्मा ।

જીવમારવો (क्रि.) काम क्रोध को शमन करना, जीव हिंसा करना।

જીવયોનિ (सं.) छोटे छोटे जानवरों की श्रेणी । [मृत, मुर्दा ।

જીવરહિત (वि.) निर्जीव, वेजान,

જીવલગ (वि.) प्यारा, दुलारा, प्राणधिक प्रिय, प्रिय ।

જીવવું (क्रि.) जीना, जिन्दा रहना, जीवित रहना, जिन्दा होना ।

જીવસટોસટનું (वि.) खतरनाक, भयहेतुक, जोखिमका ।

જીવહત્યા (सं.) वध, कतूल, जीवनाश, हिंसा ।

જીવાઇ (सं.) मुकर्रर जीविका, रोजी, आजीविका !

જીવાડનાર (सं.) संरक्षक, रखवाला, ईश्वर ।

જીવાડવું (क्रि.) आत्म रक्षा करना, निमित्त करना, जीना, रहना ।

જીવાત (सं.) जीव, कीड़े मकोड़े।

જીવાત્મા (सं.) आत्मा, प्राण, जीव, रूह । [तेज ।

જીવાળ (सं.) साहसी, तीव्र, स-

જીહ્વા (सं.) जबान, जीभ, रसेन्द्रिय ।

જીહ્વાગ્રે (क्रि. वि.) जबान के सिरेपर, जीभ के अग्र भाग पर ।

જીવિકા (सं.) निर्वाह के कारण, गुजारे के सवव । [घरु ।

જીવેજાન (वि.) दिली, जिगरी,

જુ (सं.) जूँ, चीलर,

જુક્તિ (सं.) तदवीर, जुमत, हथौटी, कारण, हुनर, योग्यता, रीति ।

જુખામ (सं.) सर्दी, जुकाम, ठंड।

જુગ (सं.) युग्म, दो, जोड़ा, युग, ४ युग, १२ वर्ष की अवधि ।

જુગજુગ (क्रि. वि.) चिरकाल तक हिलते हुए, काँपते हुए ।

જુગટું (सं.) जुआ, द्यूत, जूवा ।

જુગદંબા (सं.) देखो જગદંબા

જુગદીશ (सं.) देखो જગદીશ

જુગમ (सं.) युग्म, यो इकठे, दो एकत्र ।

જુગલ (सं.) दो, जोड़ा, दोहरा ।

જુગાર (सं.) जूवा, द्यूत, जुआ ।

જુગારી (सं.) जुआरी, जुआ खेलनेवाला

જુગોજુગ (क्रि. वि.) प्रत्येक समय, हर अवस्थानें, सदैव नित्य, सदा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જુજ-વ (वि.) थोड़ा, कम, अल्प, कुछ, तुच्छ, छोटा, हलका।

જુજવું (वि.) अलग, जुदा, निराला, भिन्न, न्यारा, रंग विरंग, नानावर्ण।

જુઠ (सं.) असत्य, मिथ्या, गलत, अशुद्ध, झूठा

જુઠણ (सं.) उच्छिष्ट, भोजन से बचा हुवा, जूठन, जूठा [झूठ।

જુઠાણું (सं.) असत्य, मिथ्या,

જુઠાસે ગન (सं.) झूठकिस्म, झूठी सागन्ध उठा, मिथ्याशपथ।

જુઠું-ઠ્ઠું (सं.) झूँठा, असत्य।

જુઠુ કહેવું (क्रि.) झूठा कहना, मिथ्या कहना, असत्य कथन।

જુઠો (सं.) मिथ्यावादी, असत्य वक्ता झूँठा। [गट्ठा।

જુડી-ડો (सं.) पुलिन्दा, बण्डल,

જુતી (सं.) पन्हैयाँ, पदत्राण जूती।

જુતીખોર (वि.) जूती खानेवाला, सदा पिटोकरा, सदादोषके योग्य।

જુતીપેઝાર (सं.) घेतली जूती, चपोरा जूता, ढीली जूती, स्लीपर।

જુતીમારવી (क्रि.) जूतियोंसे पीटना, दोष लगाना, धिक्कारना।

જુથ-ડુ (सं.) भीड़, झुंड, जन समूह।

જુદાઈ (सं.) वियोग, पार्थक्य, अलगाव, भिन्नता।

જુદું (वि.) अलग, पृथक, भिन्न।

જુધ-દ્ધ (सं.) संग्राम, रण लड़ाई, जंग, समर।

જુનું (सं.) पुराना, प्राचीन।

જુનુંખખ (वि.) बिलकुल जर्जरित, जराजीर्ण।

જુનુંપાનું-પુરાનુ (वि.) पुराना, वृद्ध, जर्जर,।

જુનોપાપી (सं.) पुराना पापी, प्रसिद्ध पापी, [वक्तता।

જુબાં-બાન (सं.) देशभाषा बोली,

જુબાની (सं.) साक्षी, गवाही।

જુમખો (सं.) गुच्छा, झव्बा फुंदना लटकन। [तमाम।

જુમલે-લ્લે (क्रि. वि:) इकठ्ठे, सब

જુમ (सं.) बेहोशीकी हालत, गफलत ऊँघ, नींद, झपकी।

જુમ્મો (सं.) जिम्मेवारी, उत्तर दायित्व, अधिकार।

જુમલો (सं.) रकम, जोड़, टोटल।

જુમલ્લો (सं.) पूर्ववत्,

જુમેરાત (सं.) वृहस्पति वारकी रात्रि,

જુરત (सं.) शक्ति, बल, साहस।

જુરીએત (सं.) पूर्ववत्,

જુલમ (सं.) अन्याय, अनीति, दबाव सख्ती, उपद्रव, कठोरता।

જુલમાત (सं.) पूर्ववत्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જુલમકરવો (क्रि.) अनीति करना, अन्याय करना, सख्ती करना ।

જુલમગાર (सं.) अन्यायी, जालिम, निर्दय, पाषाण हृदयी ।

જુલમી (सं.) पूर्ववत्,

જુલાબ (सं.) विरेचन, जुल्लाब, पेटसाफ करनेवाली, धमकी, घुड़की,

જુવતી (सं.) स्त्री, जवान स्त्री ।

જુવંતી (सं.) पूर्ववत्

જુવા (सं.) एक प्रकार का कीड़ा ।

જુવખાનું (सं.) जुवा खेलने का घर, द्यूत गृह ।

જુવાખોર (सं.) जुवारी, द्यूत प्रेमी ।

જુવાન-જોધ-પટ્ઠો (सं.) तरुण, जवान, युवक, हट्टाकट्टा, बली ।

જુવાની (सं.) यौवन, तरुणावस्था ।

જુવાર (सं.) ज्वार, अन्न विशेष ।

જુવાળ (सं.) ज्वारभाटा, पानी का चढाव, पानी का बढाव ।

જુવું (सं.) द्यूत, जूवा, पासेका खेल।

જુસરી (सं.) जुआ, जूड़ी, बैलोंके कांधोंपर रखनेकी, नाथना ।

જુસ્સો (सं.) हलचल, घबराहट ।

જુહાર (सं.) प्रणाम, नमस्कार ।

જે (सर्व.) कौन, क्या, जो, वे, विजय, जीत ।

જેકાંઈ (क्रि. वि.) जोकुछ ।

જેકોઈ (क्रि. वि.) जो कोई, जोभी।

જેગમ (क्रि. वि.) जहाँकहीं, जिधर,

જેગોપાલ (सं.) प्रणाम सूचक शब्द।

જેજે (सर्व.) जोजो, जोकुछ, जय जय ।

જેજેકાર (सं.) जयजयकार, जीत अभ्युदय, आशीर्वादार्थक शब्द ।

જેટલું (क्रि. वि.) जितना,

જેટલે (क्रि. वि.) जब, तबतक।

જેટલે સુધી-લગી (क्रि. वि.) जबतक, उस समयतक, तबतक । जहाँतक । [मास, ज्येष्ठमास ।

જેઠ (सं.) पतिका बड़ाभाई तृतीय

જેઠાણી (सं.) जेठकीस्त्री, पतिके बड़ेभाईकी पत्नी ।

જેઠીપુત્ર (सं.) सबसे बड़ा पुत्र ।

જેઠીમધ (सं.) ज्येष्ठीमधु, मधुली ।

જેઠીમધનો સીરો (सं.) मधूलीका रस, एक प्रकारकी मीठी जड़का रस।

જેઠેકાણે (वि.) जिसजगह, जिसस्थान, जहाँ कहीं, जहाँ, यत्र।

જેણીગમ (क्रि. वि.) देखो જેગમ,

જેણે (सर्व.) कौन, किसने, जो, जिसने। [चीज।

જેતે (क्रि. वि.) कुछभी, काई

જેપ્રમાણે (क्रि. वि.) जिस तरह जिस रीति से, अनुसार, जैसे हो ।

જેમ (सं.) पूर्ववत्,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જેમકે (क्रि. वि.) जैसेकि, अर्थात् यानी, उदाहरणार्थ ।
જેમતેમ (क्रि. वि.) जैसे तैसे, यथातथा ।
જેમતું તેમ (क्रि. वि.) वैसाका वैसा, जैसाका तैसा, ज्यों का त्यों ।
જેર (वि.) वशीभूत, जीताहुवा,
જેરકડી (सं.) लगामकी कड़ी, लगामकी जंजीर ।
જેર કરવું (क्रि.) वशकरना, आधीन करना, जीतना ।
જેરદસ્ત (सं.) कमजोर, दुर्वल, अशक्त, छोटा, नीचा, मातहत ।
જેરબંધ (सं.) फीता या वस्त्र जो घोड़ेकी लगामके बांधा जाता है कोड़ा चाबुक, हंटर, प्रतोद ।
જેરવવું (सं.) सहना, ठहरना, सुधारना, पचाना ।
જેલ (सं.) कारावास, वन्दीखाला, जेलखाला, कारागार ।
જેવડું (क्रि. वि.) इतना ऊँचा, जितना ऊँचा, [अलङ्कार
જેવર (सं.) आभूषण, भूषण,
જે વખતે, જે વારે, જેવેળા (क्रि. वि.) जबकभी, जिससमय, जब ।
જેવું (क्रि.) जैसा, समान, ऐसाकि ।
જેવું તેવું (क्रि. वि.) जैसा तैसा, ऐसा वैसा, जैसाका तैसा, तथा, वही ।
જેષ્ટ (सं.) देखो જેઠ, જેષ્ટિકા ।
જેશ્રીકૃષ્ણ (सं.) देखो જેગોપાળ,
જેસલી (सं.) हळ, हर, कृषियंत्र ।
જેહેર (सं.) विष, हलाहल, द्रोह, विद्वेष, क्रोध, गुस्सा ।
જેહેર આપવું (क्रि.) विष देना, जहर देना, विषपान कराना ।
જેહેર ઉતરવું (क्रि.) विषके नशेसे छुटकारापाना, विषउतरना ।
જેહેર કચુરો (सं.) कुचला, एक विषैली औषधि विशेष ।
જેહેરખાવું (क्रि.) विष पान करना।
જેહેર ચઢવું (क्रि.) विष द्वारा बेहोश होना, जहरका नशा होना ।
જેહેરી (सं.) विषाक्त, विषपूर्ण, विषैला जहरी द्वेषी ।
જૈન (धर्म) बौद्धधर्म, जिनधर्म ।
જો (अ.) यदि, अगर, बशर्तेकि, इस दशामें (क्रि.) देखना, निहारना, अवलोकन करना ।
જોઈતુ (वि.) आवश्यक, जरूरी, चाह इच्छा, प्रयोजनीय, उचित ।
જોઈયે (क्रि.) चाहिये, होना चाहिये लाजमी होना, आवश्यक है ।
જોઈજવું (क्रि.) देखजाना, निगह करजाना ।
જોઉં (क्रि) देखूं तो, देखनेदो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જોક (सं.) जौंक, जळजंतु विशेष ।

જોકે (अ.) तिसपरभी, तथापि, बावजूदेकि, तौंभी ।

જોખ (सं.) तोल, माप, भार, परिमाण, वजन,

જોખમ (सं.) दायित्व, भार, रक्षा काभार, चिंता. शङ्का, उत्तरदातृत्व धन, सोना, चाँदी, रत्न ।

જોખમઉતારવો (क्रि.) बीमा करा-देना, जिम्मेवारीसे अलग होना ।

જોખમકારી (वि.) हानिप्रद, जोखिमका, खतरनाक, भयहेतुक ।

જોખમદાર (क्रि.) जवाबदार उत्तर दाता, जिम्मेवार । [परखी ।

જોખમાપ (सं.) मापतौल देखा-

જોખમાવું (क्रि.) नुकसान पाना, कष्ट उठाना ।

જોખવું (क्रि.) तौलना, वजन करना, पीटना, सख्त मारमारना ।

જોગ (सं.) संयोग, जोड़, मेळ, (वि.) योग्य,

જોગટી (सं.) योगिन, जादूगरनी, डाइन तपस्विन, महंतनी, साध्वी ।

જોગટો (सं.) तपस्वी, योगी, बैरागी ।

જોગવાઈ (सं.) मौका, अवसर, योग ।

જોગું (वि.) योग्य, उचित, ठीक।

જોજન (सं.) योजन, ४ कोसका परिमाण । [धान होवो,

જોજો (विस्म.) देखो देखो, साव-

જોટવાં (सं.) पैरके अंगूठे में पहिननेका चाँदीका छल्ला ।

જોટો (सं.) जोड़ा, दो । [दोस्ती,

જોડ (सं.) जोड़ा, जोड़ मित्रता,

જોડકું (सं.) जोड़ा, दो,

જોડણી (सं.) कहानी, अक्षरविन्यास मेल, जोड़, सम्बन्ध उच्चारण ।

જોડલા (सं.) बारह, दो एक साथ उत्पन्न ।

જોડવું (क्रि) जोड़ना, संग्रह करना, इकठ्ठा करना, एकत्र करना, बैल जोतना, मिलाना, बैलों पर जूड़ा रखना, नाथना ।

જોડા (सं) जूती जोड़ा, दो जूतियां।

જોડાક્ષર (सं) संयुक्ताक्षर, मिले हुए अक्षर।

જોડાજોડ (क्रि. वि.) पास पास, निकट निकट, सटकर।

જોડી (सं.) देखो જોડ

જોડીયો (सं.) साथी, संगी, सहकारी।

જોડું (सं.) जोड़ा, स्त्रीपुरुष, पति पत्नी । [सहित ।

જોડે (क्रि. वि.) साथ, के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જોડા (सं.) जूता, पदत्राण, जोड़ा।

જોણું (सं.) देखना, नजर, निगाह, दृष्टि, देख।

જોત (सं.) ज्योति, प्रभा, सौंदर्य, प्रकाश जलती हुई बत्ती, तेज, दीप्ति।

જોતર (सं.) जोत, जूड़ी, बैलों क कंधों पर रखकर गले में बांधने के पट्टे। पट्टा।

જોતરવું (क्रि.) बैल जोतना, जूड़ी, रखना, जोड़ना, जोतना।

જોતાવારમાં (क्रि.) तुरंत, फौरन, अभी, देखते देखते।

જોધ (सं.) पुष्ट, तगड़ा, मोटा, बलवान, योद्धा, लड़ाका, भट।

જોધ્ધો (सं.) योधा, देखो જોધ

જોબન (सं.) यौवन, जवानी, तरुणावस्था, तरुणाई, स्तन।

જોબનવંતુ (वि.) तरुण, जवान,

જોબના-નવંતી (सं.) जवान स्त्री मदमाती स्त्री, तरुण युवती।

જોબનીઉં (सं.) देखो જોબન।

જોબાવું-ઇજવું-ભોછુટવો (क्रि.) पसीना निकळना, पसीना छूटना, स्वेद प्रवाह होना।

જોમો (सं.) पसीना स्वेद, श्रमजल।

જોમ (सं.) क्रोध, फूट।

જોર (सं.) शक्ति, बल, ताकत, प्रभाव, पौरुष, वेग, प्रचण्डता।

જોર કરવું (क्रि.) ताकत करना, विवश करना, दबाना, आड़ना, रोकना। [शक्ति का प्रयोग करना।

જોર મારવું (क्रि.) जोर लगाना,

જોરકસ (वि.) पुष्ट, बली, खेळ, कबड्डी आदि।

જોરજબરાઈથી, જોરશેર (क्रि. वि.) बलसे, जबर्दस्तीसे, हठात्, बळात्।

જોરાવર (सं.) शक्तिमान्, बळवान् हृष्ट, पुष्ट, मजबूत।

જોરાવરી (सं.) जबर्दस्ती, बरजोरी।

જોરૂ (सं.) पत्नी, गृहिणी, स्त्री।

જોરો (सं.) अधिकार हक, बल, दबाव, ताकत।

જોવડાવવું (क्रि.) दिखाना बताना,

જોવા જેવું (क्रि. वि.) देखने योग्य, आकर्षण, दृश्य, द्रष्टव्य।

જોવું (क्रि.) परीक्षा करना, जाँचना, देखना, ध्यान देना, सोचना, खयाल करना।

જોશ (सं.) कर्म, प्रारब्ध, होनहार, उबाल, खदखदाहट, क्रोध, गर्मी।

જોશી (सं.) फलित ज्योतिषी, भविष्यवक्ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

જોસ-સ્સો (सं.) क्रोध, गुस्सा ।

જોસતાન-દાન (सं.) बस्ता, स्लेट किताब कापी इत्यादि रखने का बेग । थैली, बसता, बसना ।

જોળ (सं.) यमक, यमज, जुड़े हुए ।

જ્યાદે (क्रि. वि.) देखे જ્યાદા

જ્વર (सं.) बुखार, ताप ।

જ્વલિત (वि.) जळता हुवा, प्रज्वालित ।

જ્વાળા (सं.) आग, अग्नि, हुताशन, आग की लपट, आँच, लौ ।

જ્વાળામુખી (वि.) जिस के सिरेपर आग हो, आग के मुहँवाला ।

ઝ

ઝ=गुजराती वर्णमाला का बीसवां अक्षर ९ वाँ व्यञ्जन ।

ઝખ (सं.) मछली, मच्छी, मीन ।

ઝગઝગતું (वि.) जगमगाता, प्रकाशमान, चमकदार, चमकीला ।

ઝગમગવું (क्रि.) जगमगाना, चमकना, प्रकाशितहोना ।

ઝગઝગાટ (सं.) चमक, प्रकाश । तेज, जगमगाहट, लावण्य, उजलाई।

ઝગમગ (सं.) चमक, प्रभा ।

ઝગર (वि.) अकेला, एकान्त अंधेर।

ઝઘડો (सं.) लड़ाई, झगड़ा टंटा, फसाद ।

ઝઝણાટ (सं.) आगकी खलवली,

ઝઝણી (सं.) सनसनाहट, झनझनाहट ।

ઝંઝેડવું-ઝેડવું (क्रि.) घृणायुक्त वर्ताव करना, हिलाना, झंझोरना ।

ઝટ (क्रि. वि) जल्दीसे, फुर्तीसे, क्षणमें, तुरंत ।

ઝટકવું (क्रि.) लूटना, अपहरण करना, छिनालेना, धोकेसे लेलेना, भुलावादेकर लेलेना ।

ઝટકો (सं.) रगड़, खींच, खिंचाव लूट, हरण, घूँसा, काट ।

ઝટઝટ-પટ (क्रि. वि.) जल्दी, बिनाविलम्बके, तुरंत, तत्क्षण ।

ઝટાપટી (सं.) लड़ाई, झगड़ा, छीना झपटी, विवाद, टंटा,

ઝડ (सं.) झुकाव, रुख, इच्छा ।

ઝડકો (सं) चीर, खसोटन, फाड़ ।

ઝડપ (सं.) शीघ्रता, झपट।

ઝડપવું (क्रि.) झपटना, छीनना, पकड़ना । [विवाद ।

ઝડાકો (सं) आकस्मिक चोट,

ઝડી (सं.) पानी की लगातारवर्षा ।

ઝણુકાર-રો (सं.) झंकारध्वनि ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઝણઝણવું (क्रि.) झनझनाना, झणत्कार करना, झनझन करना।

ઝતુન (सं.) व्यग्रता, हठ, जिद्द,

ઝંદ (सं.) एकभाषा, झेंदभाषा।

ઝપઝપ-ઝપ (क्रि. वि.) अचानक अकस्मात, एकाएक। [घूँसा।

ઝપટ (सं.) जल्दी, शीघ्रता, त्वरा,

ઝપાઝપી (सं.) क़तल, वध, नाश।

ઝપાટવું (क्रि.) गटकजाना, लीलजाना, मारना, पीटना।

ઝપાટો (सं.) आँधी, झोंका, वायु वेग, झपाटा, सपाटा।

ઝપેટવું (क्रि.) मारना, पटकना,

ઝબકવું-કીઉઠવું (क्रि.) चौंकउठना, चमक उठना, डरजाना,

ઝબકારો (सं) अचानक प्रकाश।

ઝબકોળવું-ઝબોળવું (क्रि.) पानीमें डुबोना, पानीमें डुबोकर हिलाना।

ઝભલું (सं.) बच्चोंका पहिननेका वस्त्र, बच्चोंकी ऊपरी पोशाक।

ઝભ્ભો (सं.) जामा, सभावस्त्र।

ઝમક (सं.) तुक, यमकाशब्द, काफिया, यमक, कविता।

ઝમઝમ (क्रि. वि.) झमझम की आवाज सहित, जलने की ध्वनि युक्त। ध्वनि विशेष।

ઝમઝમાટ (सं.) चरपरा और गर्म वस्तु खालेने की जलन।

ઝંપ (सं.) विश्राम, आराम, चैन।

ઝંપલાવવું (क्रि.) कूदना, गिरना।

ઝંપવું (क्रि.) आराम करना, विश्राम करना, आनंद भोग करना, चैन करना।

ઝંપાપાત (सं.) आकस्मिक पतन।

ઝરડી નાંખવું (क्रि.) नोंच डालना, खुरेच डालना, कुरेदना।

ઝરણ (सं.) पानी का झरन पानी का बहाव, जमीन में से पानी आना।

ઝરમર (सं.) हलका मेह, फुहारों की वर्षा, छोटी छोटी बूंदो की वृष्टि।

ઝરમરીઉં (सं.) रेशमी कपड़ा। गाछ नामक वस्त्र।

ઝરવું (क्रि.) पिघलना, चूअना, टपकना, धीरेबहना, झरना।

ઝરૂખો (सं.) झरोखा, गवाक्ष, ड्योढी, बरामदा।

ઝરો (सं.) फव्वारा, फुँहारा, बहनेवाला, पानी की तलैया।

ઝલાવું (क्रि.) पकड़े जाना,

ઝલે (सं.) चमक, प्रकाश।

ઝલેહદાર (वि.) चमकीला, चमकदार, प्रकाशमान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઝવેર (सं.) जवाहिरात, मणि मा-णिक्य, हीरा पन्ना ।

ઝવેરી (सं.) जौहरी ।

ઝગકવું (क्रि.) चमकना, चमचमा-हट करना, दमकना । [કાટ

ઝગકાટ-ઝગારાટ (सं.) देखो ઝગ-

ઝળવું (क्रि.) जलना, दग्ध होना, भस्म होना ।

ઝળાંઝળાં (सं.) चमक। [गाह

ઝાંખ (सं.) धुंधलापन, दृष्टि, नि-

ઝાંખરૂં (सं.) एक प्रकार की क-ण्टकयुक्त झाड़ी, कंटीला पौदा ।

ઝાંખવું (क्रि.) घूरना, ताकना, टकटकी ।

ઝાંખી (सं.) दर्शन, झलक, विचार।

ઝાંખું (सं.) धुंधला, सन्द, सुस्त; उदास, पीला, रंजदा ।

ઝાંઝ-ઝ (सं.) झँजीरा, मंजीरा, झाँक, ताल वाद्य विशेष, क्रोध ।

ઝાંઝ ચડવી (क्रि.) गुस्सा होना, कुपित होना, चिढ़ना ।

ઝાંઝર (सं.) घुंघरू, मजीरे, झाँझ,

ઝાંઝવાં (सं.) मृग तृष्णा, धोका।

ઝાંનમ (सं.) देखो જહાનમ

ઝાંપડો (सं.) मेहतर, गलियों का झाड़ने बुहारनेवाला । [फाटक ।

ઝાંપો (सं.) पैठ, द्वार, आरंभ,

ઝાંય (सं.) छाया, साया, पर-छाहीं, प्रतिविम्ब ।

ઝાંસવું, ઝૂંસવું (क्रि.) वेदिल से देना, अनिच्छापूर्वक दान ।

ઝાંસો (सं.) क्रोध, अपने शरीर-पर आफत या कष्ट स्वयं कर लेना।

ઝાકઝમાળ (वि.) स्वच्छता और पवित्रता, साफसुथरापन ।

ઝાકમઝોળ (सं.) प्रसन्नता, हर्ष, खुशी, आनन्द ।

ઝાકળ (सं.) जाड़ा, पाळा, ओस, सवनम, तुसार, तुहिन ।

ઝાજ-ઝ (सं.) जहाज, वड़ी नाव, वड़ीनौका, जलपोत, जलयान ।

ઝાઝું (वि.) अधिक, जियादः वहुत । ઝાઝુ (वि.) पूर्ववत् ।

ઝાટકવું-ઝાડવું (क्रि.) झाड़ना, झटकना, कचरा बुहारना, दोष देना, दुतकारना, गालीदेना ।

ઝાડ (सं.) पेड़, वृक्ष ।

ઝાડકણ (सं.) फटनेकेवाद बची हुई धूल, पिछोरन ।

ઝાડઝુડ (सं.) झाड़पोंछ ।

ઝાડપાન-પાલો (सं.) वनस्पति, शाकजाति ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઝાડવું (क्रि.) बुहारना, झाड़ना, दोषदेना, फटकारना, पौदा, छोटा वृक्ष ।

ઝાડી (सं.) कँटीलापौधा, जंगल ।

ઝાડુ (सं.) बुहारी, झाड़नेकी चीज़, जिससे कचरा साफ किया जाता हो ।

ઝાડુ કરનાર (सं.) मेहतर, भंगी, झाड़नेवाला, साफ करनेवाला ।

ઝાડુઝપાડવું (क्रि.) झाडु निकालना, कचरा साफ करना ।

ઝાડુખાવું (क्रि.) हारना, अपमानित होना, चूकना, भूलना ।

ઝાડેજવું-ફરવું (क्रि.) टट्टीजाना, पाखानाजाना, मलोत्सर्ग करना निकटजाना, पासजाना ।

ઝાડો (सं.) पाखाना, दस्त, मलोच्छार, तलाशी ।

ઝાડો બંધ થાય તે (सं.) काबिज, कब्ज करनेवाले, मलावरोधक ।

ઝાડો લાગવો-ઉતરવો (क्रि.) दस्तलगना, पाखाना होना ।

ઝાડો લેવો (क्रि.) ध्यानपूर्वक तलाशीलेना, दिललगाकर ढूँढना ।

ઝાપટ (सं.) थप्पड़, चपत, चाँटा ।

ઝાપટવું (क्रि.) झाड़ना, धमकाना, डांटना, घुड़कना ।

ઝાપટું (सं.) वर्षा की बौछार, पानी की झड़ी ।

ઝાંપ (सं.) अंधेरा, शोक, जाली ।

ઝાંપળ (सं.) अंधेरा, उदासी ।

ઝાંપળો-પો (सं.) सदरद्वार, गांवमें या कस्बे में घुसने का मार्ग या फाटक ।

ઝાભરી (सं.) फुनसी, ददोरा, फोड़ा, छाला, गूमड़ा, एक प्रकार का फोड़ा ।

ઝાભવું (क्रि.) तरल औषधि में या पानी में गर्म पत्थर आदिको डुबोना ।

ઝાયલ (वि.) आगसा, क्रोधी ।

ઝારવું (क्रि.) गर्म पानी से धोना ।

ઝારી (सं.) सुराही, पानी भरने का कुंजा, करवा ।

ઝારો (सं.) एक पात्र विशेष जो रसोई के काम आता है । लोहे का बना पतला गोल तवा सा जिसमें छेदही छेद होते हैं और एक डंडा पकड़ने को लगा रहता है, झर, झारा ।

ઝાલર (सं.) किनारा, गुच्छेदार किनारा, घंटा, घड़ियाल, दाल विशेष ।

ઝાલવું (क्रि.) झालना, पकड़ना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઝાવલી–ળી (सं.) घास, फूस ।

ઝાડી (सं.) शुभचिंतक, हितेच्छुक ।

ઝાળ (सं.) अग्नि की लपट, झल, शोहले, आग की लौ ।

ઝાળણુ (सं.) किसी धातु विशेष से चिपकाया हुवा । झालन ।

ઝાળવું (सं.) जोड़ना, टाँका देना,

ઝીંકવું (क्रि.) पटक देमारना, बल पूर्वक फेंकदेना टकराना ।

ઝીંગુર (सं.) झिल्ली, घुरघुरा, कीट विशेष ।

ઝીંઝુઓ (सं.) एक प्रकार का घास ।

ઝીણાસ (सं.) खूबी, उत्तमता, सौंदर्य्यता, उत्कृष्टता, अति सूक्ष्मता ।

ઝીણું (वि.) उत्तम, पतला ।

ઝીત (सं.) जीत, विजय, जय ।

ઝીતવું–મેળવવી (क्रि.) हराना, जीतना, पराजय करना ।

ઝીપવું–લવું (क्रि.) पकड़ना, शब्द पकड़ना । [अडियल, आग्रही ।

ઝીપટી (वि.) हठी, हठीला, जिद्दी

ઝીલ (सं.) वह बड़ा पानीभरा हुवा भाग जो समुद्र के किनारे हो । नीची जमीन, मिट्टी का एक बड़ा पात्र ।

ઝીલત (वि.) भरा पूर्ण ।

ઝીલો (सं.) झिल्ली, पतलीतह ।

ઝીલવું (क्रि.) लेना, झेलना, पकड़ना ।

ઝીલો (सं.) मिट्टी की सुराही याकरवा ।

ઝુઝવું (क्रि.) लड़ना, जूझना, झगड़ना, विवाद करना ।

ઝુટવું–વીલેવું (क्रि.) झपटलेना ।

ઝુંડ (सं.) समूह, ठेर, समुदाय, इकट्ठे, यूथ, दल, ठट्ठ, मण्डल ।

ઝુંડવું (क्रि.) पीटना, मारना,

ઝુંડો (सं.) झंडा, ध्वजा, पतका ।

ઝુંપડી (सं.) झोंपड़ी, कुटी, मढ़ी, घास, फूस का घर ।

ઝુંકવું (क्रि.) ऊँघना, झपकी लेना ।

ઝુમ (सं.) हलचल, घबराट, व्यग्रता,

ઝુમખો (सं.) गुच्छ, गुच्छा, झब्बा ।

ઝુમર–મ્મર (सं.) वतियों का झाड़, झाड फानूस ।

ઝુમવું–તીજવું (क्रि.) घूरना, इशारा करना ध्यान देना, झूमना, डगमगाना, लड़खड़ाना ।

ઝુરવું (क्रि.) झूरना, लटजाना, कुम्हलाना, मुरझाना, झुकना ।

ઝુરાપો (सं.) रंज, गम, उदासी, मुर्झायी दशा ।

ઝુલ (सं.) झूल, कपड़े की गोट ।

ઝુલતું–લટકતું (वि.) लटकता, हुवा, झूलता हुवा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઝુલફાં (सं.) जुलफें, बालों की लटी । [ऊँघना ।

ઝુલવું (क्रि.) लटकना, झूलना,

ઝુલાખાવા (क्रि.) झूलना, झूले की हर्कत, लहराना, हिलना ।

ઝુલ્લાખાવા (सं.) पूर्ववत्

ઝુલો (सं.) झूला, लटकन, हानि ।

ઝુંસરી (सं.) जूड़ी, जुआ, जूड़ा ।

ઝૂસ્તી (सं.) विवाद, झगड़ा, टंटा ।

ઝૂમ (सं.) हलचल, घबराहट, व्यग्रता ।

ઝૂમ્મર (सं.) देखो ઝુમ્મર

ઝેણ (सं.) उत्तम धूळ या बुरादा ।

ઝેચુ (सं.) धूल, गर्दा ।

ઝેર (सं.) विष, जहर, क्रोध, द्रोह ।

ઝોસવું (क्रि.) देखो ઝાંસવું

ઝોક (सं.) मोड़, झुकाव, टेढ, रुख, इच्छा, आँखोंमें अकस्मात, धूळ आदि का गिरना ।

ઝોકંડા (सं.) आनन्द, खुशी ।

ઝોકવું (क्रि.) ठोंकना, झोंसना, फेंकना ।

ઝોકાવવું (क्रि.) अंधे की भांति प्रवेश, फेंकना, चलाना ।

ઝોકું (सं.) झोंका, ऊंघ ।

ઝોટડી (सं.) जवान भैंस, तरुण महिषी ।

ઝોટી લેવું (क्रि.) देखो ઝુટવું

ઝોડ—ળ (सं.) दुरात्मा, पापात्मा

ઝોરણો (सं.) चमड़े की थैली, थैला, झोला, थैली ।

ઝોળી (सं.) पूर्ववत्

ઝોળું (सं.) भीड़, झुंड,

ઞ

ઞ=गुजराती वर्णमाला का २१ वां अक्षर, १० वां व्यंजन ।

ટ

ટ=गुजराती वर्णमाला का बाईसवां अक्षर, ग्यारहवां व्यंजन ।

ટકટક (सं.) टिकटिक की आवाज, बड़बड़ाहट, वकझक (क्रि. वि.) इकटक दृष्टि ।

ટકટકીયું (सं.) बक्की, बिना प्रयोजन बोलनेवाला ।

ટકવું (क्रि.) चालू रखना, जारी रखना, ठहरना, बहुत देर के लिए ठहरना, टिकना, जमजाना ।

ટકાઉ (वि.) टिकाऊ, बहुतकाल तक चलनेवाला, दिनों तक ठहरने वाला । [व्यर्थ ।

ટકાનું (वि.) धेलेका, निकम्मा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ટકાવ (सं.) टिकाव, ठहराव, चलाव, चिरस्थायित्व ।

ટકો (सं.) तीन पाई, तीन पैसे, एक प्रतिशत, फीसैकड़ा एक ।

ટકોરખાનું (सं.) नक्कार खाना, नौबत खाना ।

ટકોરો (सं.) डंका, घड़ी का शब्द, चोट, टंकार, ध्वनि । [मज़ाक ।

ટકોળ (सं.) खेल, तमाशा, ठट्ठा,

ટકાળીઉં (सं.) मजाकी, खिलाड़ी ठठ्ठेबाज़ । [ठेलाठेली,

ટક્કર (सं.) मुँड भेड़, ठोकर, कुन्दा, हिस्का, बराबरी, मुकाबला।

ટક્કર મારવી (क्रि.) कपाल से टकराना, ठोकर मारना, ढकेलना, रेलना, पेलना, ओड़ मारना, मुकाबिला करना, सामना करना, बराबर में खड़ा होना ।

ટક્કર લેવી (क्रि.) टकराना, टकर लेना, सामने खड़ा होना, ठोकर झेलना ।

ટગ-ટગ-મગ-ટગર-મગર (क्रि. वि.) हक्काबक्का रह कर घूरना, उतरे मुख से टकटकी पूर्वक देखना।

ટગુમગુ (वि.) शरीरऽस्थिमात्र अवशिष्ट, अस्थिपंजर मात्र रह जाना । [रैरा वक्त ।

ટંક (सं.) निश्चित समय, मुक-

ટંકણખાર (सं.) सुहागा ।

ટંકશાળ (सं.) टकसाल, रुपया पैसा ढालने की जगह, सिक्के ढालने का स्थान टङ्कनशाळा, मुद्राळय।

ટંકાર (सं.) ज्या शब्द, धनुष के रोदे का शब्द, चिल्ले का शब्द, झनकार ।

ટંકોટંક (क्रि. वि.) समयपर, भरपूर, ठीकठीक पूर्ण, सम्पूर्ण ।

ટંગડી (सं.) टाँग, पैर,

ટંગાઈ રહેવું (क्रि.) टंगजाना, लटक जाना, फँस जाना, रुक जाना।

ટચ (सं.) कसौटी, शोध ।

ટચ લઈને (क्रि. वि.) क्षणभर में, पल में, निमिष मात्र में, तत्क्षण।

ટચકડી, ટચકો (सं.) टंकार, ध्वनि, चुचकार, ढोल का शब्द, थाप ।

ટચલી આંગળી (सं.) सबसे छोटी अंगुली, कनिष्ठका अंगुली ।

ટચાક (वि.) शून्य, निरर्थक, व्यर्थ।

ટટવાણી (सं.) छोटी घोड़ी ।

ટટવું (सं.) छोटा घोड़ा, टट्टु ।

ટટળવું (क्रि.) आशायुक्त होकर खींचना, आराम रहित होना,विश्राम हीन होना, चिल्लाना, चिचियाना ।

ટટાર (वि.) सीधा, खड़ा, ऊपर की ओर सीधा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ટટ્ટી (सं.) बांसो की आड़, बांस की अथवा घास फूसकी बनी दीवार पाखाना, संडास, शौचालय

ટટ્ટુ (सं.) घोड़ा, टट्टू।

ટંટાખોર (वि.) झगडालू, लड़ाका

ટંટો (सं,) झगड़ा, लड़ाई, विवाद ।

ટંટો કરવો (क्रि.) झगड़ा करना, विवाद करना, लड़ाई करना ।

ટંડેલ (सं.) जहाज़ का कप्तान ।

ટપ કરીને (क्रि. वि.) क्षण भर में, तुरन्त, फौरन्, तत्काल ।

ટપકવું (क्रि.) टपकना, झरना, चुवना, झरना, रिसना, बूंदबूंद करके गिरना ।

ટપકાવવું (क्रि.) टपकाना, बूंद बूंद कर के डालना, बूंदें डालना।

ટપકું (सं.) बूंद, बिन्दू, कतरा, धब्बा ।

ટપકો (सं.) लग्न, जन्मकुंडली ।

ટપટપ કરવી (क्रि.) गपशप करना, बातचीत करना, चर्चा करना, बकना ।

ટપટપી (सं.) उस्तरा तेज करने का फीताया चमड़ा रेज़र स्ट्रैप,

ટપલો (सं.) सिर पर चपत, कलंक, निन्दा, दोष, मिट्टी के बर्तन ठोकनेकी थप्पी ।

ટપવું (क्रि.) उछलना, कूदना, छलांग भरना ।

ટપસીઆં (सं.) फटी हुई जूतियां, पुरानी फटी हुई जूतियां ।

ટપાટપી (सं.) झगड़ा, विवाद, टंटा।

ટપાલ (सं.) डाक, पोस्ट ।

ટપેરવું (क्रि.) पीटना, मारना ।

ટપોટપ (क्रि. वि.) तुरंत, तत्काल, फौरन ।

ટપ્પો (सं.) फासला, अन्तर, एक प्रकार का गीत, लोकवाद, अफ़वाह ।

ટબુડી (सं.) एक छोटा पानी का बरतन।

ટમટમવું-ળવવું (क्रि.) देखो ટટળવું

ટળવું-ળી જવું (क्रि.)हट जाना, चले जाना, गायब होना, स्वस्थ होना ।

ટાંક (सं.) $\frac{1}{72}$ सेर, सेर का ७२ वां भाग, निब, लेखनी की पत्ती, लोहलेखनी, पेनहोल्डर, समय ।

ટાંકણી-ચણી (सं.) आलपिन, पिन, कील, खूंटी, टांगने की ।

ટાંકણું (सं.) योग, मेल, ऐन वक्त, तातील, छुट्टी का दिन, ठीक अवसर, मौका, छोटी टांकी, छोटी छेनी, छोटी रुखानी ।

ટાંકવું (क्रि.) सीना, जोड़ना, नोट करलेना, छेनी या टाँकीसे टाँकना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ટાંકી (सं.) छोटी तळैया, मैथुन सम्बन्धी बीमारी, उपदंश, आतशक।

ટાંકું (सं.) जलाशय, तालाव सरोवर।

ટાંકો (सं.) सीवन, टाँका बखिया।

ટાંગ (सं.) पग, पैर।

ટાંગવું (क्रि.) लटकाना, टाँगना, लगाना, नत्थी करना।

ટાંગાટોળી (सं.) टाँग और हाथ पकड़कर लटकाते हुए लेजाने की क्रिया।

ટાંચ (सं.) रोक, छेंक, कमी, घटी, न्यूनता, लेखनी की पत्ती, निब।

ટાંચ મારવી (क्रि.) अलग करना, मिलाना, अपनाना।

ટાંચવું (क्रि.) ढकेलना, भोंकना, कोंचना, अल्पव्यय करना, कम-खर्च करना, चिपटना।

ટાંટીઆ (सं.) पग, पैर, पांव, टांग।

ટાંટીઆ કાઢવો (क्रि.) छुटकारा पाना, नौकरी से प्रभाव हीन कर के हटाना। [का झुंड, टांडा।

ટાંડું (सं.) व्यौपारियों या यात्रियों

ટાંણું (सं.) तेवहार, उत्सव अवसर।

ટાંપ (सं.) चिन्ह, निशान, विराम का चिन्ह, पूर्ण विन्दुका चिन्ह।

ટાંપવું (क्रि.) घूरना, ताकना।

ટાંચકો (सं.) अंगकी कड़कन एक प्रकारका खिलौना, हड्डियोंका चटखन शब्द, औषधि विशेष।

ટાટ–પટી (सं) टाट, टाटपट्टी, थैला, गूदड़, सनकाबना एक प्रकारका बिछावन।

ટાપટીપ (सं.) दुरुस्ती, मरम्मत।

ટાપસી (सं.) बातचीत के बीच में अपने लिये बोलने का कृत्य।

ટાપસીપુરવી (क्रि.) बातचीत में दख़लदेना, बीच में बोल उठना।

ટાપુ (सं.) टापू, द्वीप, ज़जीरा।

ટાયડું–રડું (सं.) छोटा घोड़ा।

ટાઢાડ (सं.) शीत, ठंड, जाड़ा।

ટાઢાડક (सं.) ठंडाई, शीतलता, तोषण, तसल्ली, संतोष।

ટાઢાડાદેવા (क्रि.) बट्टा लगाना, कलंक लगाना, धब्बा लगाना।

ટાઢાડી ઉઘરાણી (सं.) बुरी उघाई, बुरी उधार, बुराऋण।

ટાઢાડીઓતાવ (सं.) जूड़ी, जाड़े का बुखार, कम्पज्वर।

ટાઢાડી શિયળ–શિળી (सं.) श्रावण मास के प्रत्येक पक्ष की सप्तमी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ટાઢાડું (वि.) ठंडा, सीला, शीतल, धीमा, मंद, शान्ति, मौन, चुप्पी ।

ટાઢાડાં પાડવું (क्रि.) ठंडा करना, बुझाना, नष्ट करना, शांत करना,

ટાઢાડેક (सं.) देखो ટાઢાડક शीतलता [पीड़ा, झमेला ।

ટાહેલું (सं.) बकवाद, बकबक,

ટાલ–ળ (सं.) केशहीनता, गंज ।

ટાલ પડેલું (वि.) गंजे सिरका, गंजा

ટાલકું (सं.) सिरका मुकुट ।

ટાળણ (सं.) बची हुई चीज, छटतीकी वस्तु, बची खुची ।

ટાળવું (सं.) हटाना, छांटना, सरकाना, रद्दी करना, खारिज करना, आराम करना, स्वस्थ करना, नापसंद करना ।

ટાળો (सं.) बहाना, टालमटोल ।

ટિંગાટોળી (सं.) देखो ટાંગાટોળી ।

ટિંગાવું (क्रि.) देखो ટંગાવું

ટિચવું (क्रि.) मारना, पीटना, (नफरत) खाना ।

ટિકટ–કિટ (सं.) टिकट, प्रवेशाधिकार पत्र, डाक विभाग के टिकट, स्टाम्प, सूचक पत्र, परचा ।

ટિક્કડ (सं.) मोटी, रोटी, रोट, रोटा।

ટિક્કત (सं.) काम, नौकरी, शिफारिश, जीविका, पोषण, सहारा ।

ટિક્કી (सं.) सफलता, अर्थसिद्धि, कृतार्थता, फायदा, ब्याज ।

ટિકલ (सं.) खुशी, दिल्लगी, आनंद, बनावट, पाखंड ।

ટિખલી (वि॰) रसिक, ठठ्ठेबाज, मसखरा, खिलाड़ी [नाटा ।

ટિચકું (वि.) कम, छोटा, ठिगना,

ટિટિઆણ (सं॰) चिल्लाहट, कोलाहल, हाहाकार, शोर ।

ટિટોડી (सं.) बरही, एक प्रकारकी चिड़िया ।

ટિપણી (सं.) याददास्त, स्मरणार्थ, कुछ लेख, टिप्पणी नोट, पिटाई ।

ટિપણું, ટીપણું (सं.) पंचाङ्ग, जंत्री, पत्रा ।

ટિપરી (सं.) आधसेर का माप ।

ટિપ્પણ (सं.) संक्षिप्त स्मरण लेख।

ટિંબ (सं) विराम, विराम चिन्ह ।

ટિંબરવા (सं.) एक प्रकार का फल टिमरू, तेंदू, [उत्तराधिकारी ।

ટિલાયત (सं॰) युवराज, वली अहद,

ટીંબો (सं.) टेकड़ा, टेकड़ी, पहाड़ी।

ટીકા (सं.) विवरण, किसी विषयका भावार्थ, कठिन शब्द का सरलार्थ ।

ટીકા કરવી (क्रि.) टिप्पणी करना, अर्थ करना, सरलार्थ बनाना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ટીકાકાર (सं.) टीका करनेवाला ।
ટીકી-કડી (सं.) चांदी या सोने की छोटी सीटिकिया ।
ટીકો (सं.) देखो ટીલું
ટીડ (सं.) टिड्डी, टीड़ी ।
ટીપ (सं.) सूची, फेहरिस्त, कैद, बंधु आई [मारना ।
ટીપવું (क्रि.) कूटना, पीटना,
ટીપું (सं.) बिन्दू, बूंद, टपका, कतरा ।
ટીમણ (सं.) सूखा भोजन । [टीका।
ટીલું-લક (सं.) तिलक, चन्दन,
ટીશી-ટ્રેસી (सं.) चोटी, कळी, कलिका, शेखी, रंगीला, बांका छैला, अलबेला ।
ટૂંક-કું (वि.) संक्षेप, सारांश, मुख्तासिर, अल्प, कम, थोड़ा ।
ટૂંટણું (वि.) टूटे हाथोंका, टूंटा,
ટૂંટિયા (सं.) घुटनों के जोड़ में से पैरोंको झुकाने की क्रिया ।
ટૂંટીઉં (सं.) एक बीमारी विशेष ।
ટૂંપવું (क्रि.) उठाना, चुनना, नोंचना,
ટૂંપીઓ (सं.) एक प्रकार की माला, हारकी एक जाति विशेष ।
ટૂંપો (सं.) फंदा, फांसी,

ટુંપો ખાવો (सं.) गले में खुद फांसी लगाना, गले में फन्दा लगाना ।
ટુંપો દેવો (क्रि.) फांसी देना, गले में फन्दा डाल कर लटकाना।
ટુંબો (सं.) निन्दा, तिरस्कार, धिक्कार ।
ટુચકી (सं.) चिमटी, थोड़ीसी खाल पकड़कर नाखूनसे दबाना ।
ટુકડાખાઉ-ખોર (सं.) द्वारद्वारका भिक्षुक, मँगता ।
ટુકડી (सं.) टोली, साथ, भाग, खण्ड, बटवारा ।
ટુકડો (सं.) टुकड़ा, हिस्सा, भाग।
ટુચકો (सं.) एक छोटासा दिल बहलानेवाला वखान या वर्णन ।
ટુટ (सं.) फूट, वियोग, अलगाव, नाराजी, अप्रसन्नता, [नहीं ।
ટુટક (वि.) बेमेल, टूटाहूवा, एकसाँ
ટુટફાટ (सं.) जुदाई, विलगता नाराजी अप्रसन्नता । [फटना।
ટુટવું (क्रि.) टूटना, खंडखंड होना
ટુમટુમી (सं.) किसी विज्ञप्ति यासूचनाके लिये ढोलपीटना, ढमढम ।
ટુમણ (सं) जादू टोना, टुटका ।
ટુવાલ (सं.) रूमाल, तौलिया अंगोछा ।
ટંટો (सं) गर्व, घमण्ड, अहंकार, बच्चेका रुदन ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ટક (सं.) आत्मसम्मान, बड़प्पन, मर्यादा, दृढता, मजबूती, स्थिरता।

ટકણુ (सं.) आश्रय, सहारा, खंभा ।

ટકરો (सं.) टेकड़ा, पहाड़ी, उठी हुई भूमि, ऊँची जमीन ।

ટકવું (क्रि.) आश्रयलेना, आराम करना, टिकना, झुकना ।

ટકાવવું (क्रि.) टिकाना, आश्रय-देना, सहारा देना, ठहराना ।

ટકી-લું (वि.) जिद्दी, पुष्ट, दृढ, अपनी बातको रखनेवाला, आत्माभिमानी । [यता, थंभा ।

ટેકો (सं.) सहारा, आश्रय, सहा-

ટેકાઆપવો (क्रि.) सहारादेना, आश्रय देना, मदददेना, सहायता करना।

ટટી (सं.) तरबूज, खरबूजा ।

ટટું (सं.) पैरका मांसयुक्त भाग ।

ટટો (सं.) शाह बलूतका फल, कड़कने वाला ।

ટેડું (वि.) टेढा, तिरछा, आड़ा, मुड़ाहुवा, झुकाहुवा ।

ટેપ (सं.) नापनेका फीता, टेव, आदत कैदका फैसला या हुक्म ।

ટેબલ (सं.) मेज, ढलुवाँमेज, डेस्क ।

ટેભો-ભો सीवन, टाँका, बखिया ।

ટેભોમારવો (क्रि.) सीना, टाँकालगाना ।

ટેરવું (सं.) अग्रभाग, सिरा, नोंक ।

ટેરો (सं.) पर्दा, मुसहरी ।

ટેવ (सं.) आदत, झुकाव, रुख, चलन व्यवहार, अभ्यास, बर्ताव ।

ટેવપાડવી (क्रि.) आदत, डालना, बान डालना, अभ्यास करना ।

ટેવવું (क्रि.) अटकल करना, अन्दाज करना, कयास करना, आदत डालना, अनुमान करना ।

ટેહેલ (सं.) सेवा, वन्दगी, खिदमत गौरसे देख भाल ।

ટેહેલીઓ (सं.) सेवक, नौकर, भृत्य सम्बाद दाता ।

ટૈડકો (सं.) क्रोध और घृणा ।

ટૈડપડ (सं.) टिर्र, गर्व, घमण्ड, जल्दी, शीघ्रता ।

ટાંચણું (सं.) सूआ, छेद करने का औजार, बरमा । [ललकार ।

ટાકુ-ણી (सं.) आँकुस, आव्हान,

ટાકરી (सं.) घण्टी के भीतर का छोटा लटकन, याजीम ।

ટાકવું (क्रि.) आंकुस मारना ।

ટાચ, ટાંચ (सं.) सिरा, अग्रभाग, नोंक, चोटी ।

ટાચકું (सं.) गोळ चोटी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ટાચવું (क्रि.) छेद करना, निन्दा करना, अंकुश मारना ।

ટાટા (सं.) हानि, घाटा, नुकसान, गले का टेटुवा, नरेटी ।

ટાટા પકડવે।–સહાવે। (क्रि.) कंठ, पकड़ना, कंठ को टेटुवे के पास से पकड़ना ।

ટાડે। (सं.) एक प्रकार का कड़ा (आभूषण) टड्डा ।

ટાણા–ણું (सं.) जादू, टोना, टुटका, निन्दा, तिरस्कार ।

ટાપ (सं.) लोहे का टोप, इंग्रेजी टोपी, भोजन बनाने का पात्र, छाता, छतरी, बन्दूक ।

ટાપચી (सं.) निकम्मी कढाई,

ટાપરું (सं) नारियल की गरी, नारियल का गोला, खोपरा ।

ટાપલો (सं.) डलिया, टोकरी ।

ટાપી (सं.) शिरत्राण, टोपी ।

ટાપીવાળે। (सं) अंग्रेज, योरोपियन, आंग्ल देशी ।

ટાપુ (सं.) टोप, टोपा, निकम्मी टोपी, आँखों का ढक्कन, पलक।

ટાપલી (सं.) एक छोटा बर्तन जो मुख्यत या पानीपीने के लिये होता है।

ટાલ્લો (सं) एक बड़ा लक्कड़ का खूँटा जो दीवार में गड़ा हो ।

ટાલ્લેમુકવું (क्रि.) परवाह न करना ध्यान न देना, खयाल न करना ।

ટાળ (सं.) हँसी ठठ्ठा, भेष, नकल, दिल्लगी, मजाक, खेळ ।

ટાળકી–ળી (सं.) दल, जथा, झुंड, टोली, मण्डली ।

ટાળીયો (सं.) भाँड, ठठोलबाज स्वाँगी, मसखरा, हँसोड़ ।

ટાળું (सं.) झुंड, भीड़, समूह, यूथ, दळ, सभा, समिति ।

ટાળેટાળાં (सं.) यूथ, दळ, सेना, कटक, रिसाला ।

ટૌકે। (सं.) खेल, तमाशा ठठ्ठा, कोकिलशब्द, कोयल की आवाज ।

ઠ

ઠ=गुजराती वर्णमाला का तेईसवां अक्षर, १२ वाँ व्यंजन ।

ઠસાવું (क्रि.) मजबूती जोड़ा हुवा, एकदम खूब भक्षण किया हुवा, ठँसना ।

ઠકઠક (सं.) कोलाहल, हो हल्ला ।

ઠકરાઈ–त (सं.) राजपूतकी मर्यादा, बड़प्पन, स्वामित्व, प्रधानता, ठकुराई ।

ઠકરાણી–ળી (सं.) ठाकुर की स्त्री, ठकुराइन, प्रधान की स्त्री ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઠકરાણું (सं.) देखो ઠાકોર

ઠક્કર (सं.) भाटिया आदि जातियों की एक पदवी ।

ઠગ (सं.) गठकटा, चोर, धोका देकर चोरी करनेवाला, प्रतारक, धोकेबाज, भुलावा देकर चोरनेवाला।

ઠગબાજી-વિદ્યા (सं.) ठगई, धूर्तता, ठगका काम, माया, छल, कपट ।

ઠગવું (क्रि.) ठगना, भुलाना, धोका देना, प्रतारण करना ।

ઠગવેડા (सं.) दुष्ट कृत्य, नीच कार्य।

ઠગાઈ (सं.) देखो ઠગબાજી

ઠગારૂ (सं.) ठग, छली, कपटी, (वि.) कपटी, छलिया ।

ઠગાવું (क्रि.) ठगाना, धोका खाना, ठगा जाना, प्रतारित होना ।

ઠઠ (सं.) यूथ, समूह, झुंड, भीड़।

ઠઠમળવી (क्रि.) झुंड होना, भीड़ भाड़ होना, भीड़ लगाना, इकठ्ठा होना,

ઠઠળવું (क्रि.) निर्बल होजाना, शक्तिहीन होना, कमजोर होना ।

ઠઠારવું (क्रि.) सँवारना, सज़ाना, सज्जित करना, शृंगार करना ।

ઠઠારો (सं.) ठाठ, धूमधाम, शान शौकत, दिखावा ।

ઠઠ્ઠાખોર-બાજ (सं.) मसखरा, मजाकी, खिलाड़ी, आनन्दी ।

ઠઠ્ઠામશ્કરી, ઠઠ્ઠા (सं.) हँसी दिल्लगी, मजाक, परिहास, मनोविनोद।

ઠણકારવું (क्रि.) झनकारना, भड़काना, टीसमारना ।

ઠણકો (सं.) भड़क, धड़क, नये प्रकार की चाल ।

ઠણ ઠણ (सं.) ठन्ठन् शब्द, शून्यता, छूछापन, रिक्तता ।

ઠપકવું-કાવું (क्रि.) मारना, टकराना, खटखटाना, थपथपाना ।

ઠપકો (सं.) दोष, ऐब, धब्बा, कलंक, दाग, बदनामी, धिक्कार, डांट, फटकार, घुड़की ।

ઠપકો મુકવો-દેવો (क्रि.) दोष देना, कलङ्क लगाना, बदनामी देना ।

ઠપકેઃ રહેવો (क्रि.) पीछे कलंक या दाग छोड़ देना । [थपथप ।

ઠપઠપ (सं.) ठोकने का शब्द,

ઠમકવું (क्रि.) सुडौल चाल, स्वाभाविक ऐंठन से चलना, ठुमक चाल चलना ।

ઠમકો (सं.) ठुमका, अकड़ की चाल, नाचके समय पैरों द्वारा ताल प्रदर्शन।

ઠમઠમાટ (सं.) गर्व, अहंकारा, कोरा ठाठ, खाली धूमधाम, टूकर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઠરઠામે-ઠેકાણું (सं.) उचित स्थान पर, निश्चित निवास स्थानपर, ठिकाने ।

ઠરવું (क्रि.) ठहरना, जमना, दृढ होना, सहना, तय होना, फैसल होना, बैठना, उतरना, धीमा पड़ना, शांत होना, ठिठुर जाना, ठंड से जम जाना ।

ઠરાવ (सं.) ठहराव, तय, निपटाव, इरादा, निर्णय, प्रस्ताव, मन्तव्य कौल, करार ।

ઠરાવપત્ર (सं.) इकरारनामा, विचारपत्र, निर्णयपत्र, डिगरी, कुड़की।

ઠરાવવું ठहराना, तयकरना, निश्चयकरना, निर्णयकरना, दृढ करना, जमाना, नियुक्त करना ।

ઠરીઠામ (सं.) देखो ઠરઠામ

ઠરેલ (वि.) निश्चित, ठहरा हुवा, बुद्धिमान, चेतन्य, दृढ़, स्थिर, अटल ।

ઠસ-સાઠસ (क्रि. वि.) परिपूर्ण, गलेतक भराहुवा, खूब भराहुवा ।

ઠસ્કદાર (वि.) अहंकारी चटकीला, मिथ्या महत्व प्रदर्शक, अकड़ू ।

ઠસકો (सं.) चाल, ढंग, ठसक खांसी ।

ઠસવું (क्रि.) दिलपर, प्रभाव, होना, मनपर अंकित होना, घुसना ।

ઠસાવવું (क्रि.) मुहर करना, चिन्ह करना, छापना, घुसेड़ना ।

ઠસીનેભરવું (क्रि.) ठूंसठूंस कर भरना, लबालब भरना, ऊपरतक भरना ।

ઠળીઓ (सं.) बीज, गुठली।

ઠાંસવું (सं) खांसना, धांसना, छापना, घुसेड़ना, चढाजाना, घुड़कना, खूब भरना, खूब ठांसना ।

ઠાંસો (सं.) खांसी, खोखला ।

ઠાકરીઓ (सं) एक प्रकार का विच्छु ।

ઠાકોર (सं) मूर्ति, ठाकुरजी, देव, मुख्य, पदवी मुख्यतया राजपूतों आदि क्षत्रियों के लिये ।

ઠાકોરજી (सं.) देवता, मूर्ति।

ઠાકોરદ્વાર-મંદીર (सं.) देवस्थान, मंदिर देवालय, मूर्तिगृह ।

ઠાગે (सं.) धोका, छल, चालाकी।

ઠાઠ-માઠ (सं.) ठाठबाठ, धूम धाम, दिखाव, मर्यादा, पदवी ।

ઠાઠ ચ્વો (क्रि.) संवारना, सजाना, बड़ाइ करना, बढ़ानां ।

ઠાઠડી (सं.) मुर्दों को लेजाने की गाड़ी, अर्थी, संगाती ।

ઠાઠું (सं) पंजर, ठठरी, ढांचा, शरीरऽस्थिमात्र, आस्थि पंजर ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઠાણુ (सं.) अस्तबल, घोड़े बंधने की जगह, चोंचला। [बर्तन।

ઠામ (सं.) स्थान, जगह, स्थळ,

ઠામઠામ-ભેઠામ (क्रि वि.) प्रत्येक जगह, जगह जगह ।

ઠામ બેસવું-પડવું (क्रि.) आराम लेना, विश्राम लेना, आराम होना, पुनर्विवाह करना। [कुहर, बढई।

ઠાર (सं.) जाड़ा, पाला ओस,

ઠાર કરવું (क्रि.) वध करना, मारना, कतल करना ।

ઠારવું (क्रि.) ठिठरना, ठंड से जमना ठंडा होना, संतुष्ट करना, बुझाना । [कार होना ।

ઠાલવવું (क्रि.) खाली होना, बे-

ઠાલું (वि.) खाली, रीता, व्यर्थ, गैर जरूरी, अनावश्यक ।

ઠાવકું (वि.) दृढ, स्थिर, अटळ, अचल, बुद्धिमान, चतुर, मेली, जानकार ।

ઠિકરું (सं.) मिट्टी के वर्तन का टुकड़ा, फूटा हुवा बर्तन, ठीकरा ।

ઠિંગડુ (सं.) कपड़े का छोटासा टुकड़ा।

ઠિંગણું (सं.) बावना, ठिंगना, छोटा, नाटा, छोटे कदका । [हंसी।

ઠિસીઆરી (वि.) मजाक, दिल्लगी

ઠીક (वि.) उचित, मुनासिब, योग्य (क्रि. वि.) बहुत अच्छा, अच्छा

ઠીકઠાક (क्रि. वि.) सुप्रबन्ध, समुचित प्रबन्ध, ठीक बन्दोबस्त, उचित ।

ઠીઠી (सं) जल्दी की हंसी में दांत दिखाने का कार्य, हंसी, अट्टहास।

ઠીઠું (वि.) निकम्मा, निरर्थक, बेकाम ।

ઠીબ (सं.) टूटे हुए मिट्टी के बर्तन का नीचेका चपटा भाग ।

ઠુંગણુ-ગો (सं.) कलेवा, उपभोजन, भूना हुवा अन्न, चवेना, सिका अन्न ।

ઠુંઠાવવું (क्रि.) ठंड की अधिकता से ठिठुरना, शीत से काँपना।

ઠુંઠું (वि.) ठूँठ ठूँठी डंठल।

ઠુંડી (सं.) ठुड्डी, ठोडी, चिबुक।

ઠુમરી (सं.) गीत की जाति विशेष ।

ઠુસકી (सं.) हिचकी ।

ઠેકડી (सं.) हँसी ठठ्ठा, नकल।

ઠેકડો મારવો (क्रि.) ठेका भरना, कूदना, फाँदना, उछलना ।

ઠેકવું (क्रि.) छलांग भरना, मारना, कूच जाना, उछलना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઠેકાણું (सं.) घर, मकान, निवास स्थान, जगह, हाजिरी, नेव, बुनियाद, कारण, उद्गम स्थान, पता, मुकाम, दफ्तर, कार्यालय ।

ઠેકાણું કરવું (क्रि.) उपयोगी करलेना, काम के योग्य बनालेना ।

ઠેકાણે (उप०) बजाय, जगहपर, वास्ते, अपेक्षा ।

ઠેકાણે કરવું (क्रि.) उचित स्थानपर स्थापित करना, छुपाना ।

ઠેકાણે થવું (क्रि.) उचित स्थानपर होना, अपने आपको छुपाना ।

ઠેકાણે પડવું (क्रि.) मुकामपर पहुंचना, जीवन मार्ग पार करना ।

ઠેકાણે રહેવું (क्रि.) दूरदर्शी होना, विचारशील होना, परिणामदर्शी होना। [तक ।

ઠેઠ (क्रि. वि.) आखिरतक, अंत-

ઠેઠજવું–પોહોચવું (क्रि.) ठेठ पहुंचना, सिरेपर पहुंचना, स्थानपर पहुंचना । [क्रिया ।

ઠેપલું (सं.) मीठी रोटी, मीठीटि

ઠેપાડું (सं.) धोती ।

ઠેબો–ભો (सं.) देखो ટેબે ।

ઠેરવવું (क्रि.) निश्चय करना, ठहराना, तयकरना, हलकरना इरादा करना ।

ઠેરાવ (सं.) ठहराव, प्रस्ताव फैसला, निर्णय, विचार, इकरार, कौल, करार, टीका, सगाई, मंगनी ।

ઠેલમઠેલા (सं.) धक्कमधक्का, रेला।

ઠેલવું (क्रि.) रेलना, धकेलना, घुसेड़ना।

ઠેલાઠેલ (सं.) देखो ઠેલમઠેલા,

ઠેસ (सं.) ठोकर, हानि, टोटा, गांठ सुई, कील, खूटी ।

ઠાંસવું (क्रि.) खांसना ।

ઠાંસો (सं.) कफ, कास, श्वास, खांसी, घूसा, मुक्का । [कलंक ।

ઠોક (सं.) चोट, घूंसा, दोष,

ઠોકર (सं) देखो ઠેસ ।

ઠોકરખાવી (क्रि.) ठोकर खाना, नसीहत लेना, पाठ सीखना ।

ઠોકરાવું (क्रि.) ठुकराना, लात मारना, अटकल करना ।

ઠોઠ (सं.) मूर्ख, मन्द बुद्धि ।

ઠોબરૂં–રુ (वि.) बेढंगा, भद्दा, बेडौल ।

ઠોબારી (वि.) देखो ઠોક

ઠોર (सं.) घर, मकान, निवास स्थान, ठौर नामक पक्वान्न, मिठाई विशेष ।

ઠોર કરવું (क्रि.) वध करना, मारना, कतल करना ।

ઠોળિયો–ળીયો (वि.) मूर्ख, पागल गंवार, हंसोड़ा, ठठेबाज ।

ઠોવાવું (क्रि.) रोकना, ठहराना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઢોળીયું (वि.) मूर्ख, गंवार, पागल, बेवकूफ, बुद्धिहीन ।

ઢોળીયાં (सं.) एक प्रकार की कानों में पहिनने की बाली ।

ડ

ડ=गुजराती वर्णमाला का चौबीसवां अक्षर, तेरहवां व्यंजन ।

ડંશ-સ (सं.) डंक, चभक, जहरीला कांटा, गुप्त स्पर्श ज्ञान, बैर, विरोध, डाह, लाग, द्वेष ।

ડંશવું-સવું (क्रि) काटना, डंक मारना ।

ડંશી-સી (वि.) द्रोही, अहितकारी बदला लेनेवाला, प्रत्युपकारेच्छु ।

ડકાળ (सं.) अकाल, दुर्भिक्ष।

ડક્કો (सं.) घाट, बांध, पुश्ता ।

ડખો (सं.) चलवा, लम्बीचाल, डेग, कदम, पदविन्यास ।

ડગમગ-ડગુંમગું (वि.) चञ्चल, अस्थिर, कांपनेवाला, डावांडोल, चलायमान, स्थिर न रहनेवाला । [दुबिधा ।

ડગડગો (सं.) पशोपेश, शक सन्देह

ડગર (सं) मार्ग, रास्ता, पथ, पद्धति, पैड़ा, पहिये की लकीर ।

ડગરાં (सं.) पशु, ढोर, मवेशी, चौपाये जानवर ।

ડગલી-લો (सं.) फितूई, फतूई, कोट, अंगरखी ।

ડગલું (सं.) पाद चिन्ह, सीढी।

ડગવું (क्रि.) हिलना, कांपना भटकना ।

ડગળું (सं.) जो दुखदायी भैंस या गाय के गले में लकड़ी या लकड़ी का टुकड़ा बांधा जाता है ।

ડંકો (सं.) बड़ा ढोल, पणव ।

ડંખ (सं.) देखो ડંશ

ડંગ (वि.) चकित, विस्मित, आश्चर्यान्वित, अचंभित ।

ડંગી (सं.) नाव, छोटी नाव, डोंगी।

ડંગો (सं.) बलवा, दंगा, हुल्लड़, गुलगपाड़ा, बखेड़ा, बगावत ।

ડંગોરો (वि.) लाठी, सोटा, डण्डा,

ડચ (वि.) मुखसे " नहीं " प्रदर्शित करने के लिए टिचकारी, पशु हांकने की टचकारी ।

ડચકવું (क्रि.) चमकना, चौंकना, झिझकना, डरना । [टचकारी ।

ડચકારી (सं.) " ना " प्रदर्शक

ડચકીયું-કું (सं.) डर या रंजका आकस्मिक आघात ।

ડચ્ચો-ટ્ટો (सं.) काग, डाट, कार्क।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ડઝન (सं.) दर्जन, बारह, १२,
દંડ (सं.) दण्ड, जुर्माना ।
દંડવુ (क्रि) दण्ड देना, जुर्माना लेना । [जुर्माना देना ।
દંડાવું (क्रि.) दण्डित होना
ડડુકો (सं.) एक मोटा सोटा, भारी लाठी । [धमकी,
ડપકાણું-મણુ (सं.) घुड़की,
ડપકી (सं.) डुबकी, बुड़की, गोता।
ડપકો (सं.) बूंद, बिन्दु, धब्बा, दाग, डर, भय, खौफ ।
ડપટવું-ટીએસવું (सं.) गुप्त कारणों से अधिकार प्राप्त करलेना । घुस बैठना । [का थैला ।
ડપોટો (सं.) शक्कर इत्यादि भरने
ડપોણું (सं.) लाठी, छड़ी ।
ડફ-ણું (सं.) खँजरी, डफ, चंग।
ડફડાવવું (क्रि.) चलाना, फेंकना, पानी में खमकाना या उसकाना ।
ડફણાવવું (क्रि.) गाड़ना, दफन करना । [शठ ।
ડફોળું-પફુલ (वि.) मूर्ख, गँवार,
ડફાંસ (सं.) गप्प, झूंठ, अफवाह।
ડબકાંખાવાં (क्रि.) लुढककर गिरना औंधे होकर गिरना, ढलकना, गुलाचें खाना । [ડપકાણું ।
ડબકાણું-મણું (सं.) देखो
ડબકી-બકું (सं.) देखो ડપકી ।
ડબડબ (वि.) तेजी से, शीघ्रता से ।
ડબડું (सं.) चमड़े का थैला ।
ડબાડબખાવું (क्रि) गड़पगड़प खाना, जल्दी से निगलना, हड़पना ।
ડબી-બ્બી (सं.) डिबिया, छोटी सन्दूक या डिब्बा ।
ડબો-બ્બો (सं.) छोटी सन्दूक, डब्बा, कागज की लालटेन, ग्रास, पगड़ी, पशुओं का हाता ।
ડબોવવું (क्रि.) डुबोना, बोरना, बुड़ाना, गोता खिलाना नष्ट करना।
ડમકો (सं.) एक प्रकार का डफ ।
ડમડમ (सं.) ढमढम, पणव शब्द।
ડમરૂ (सं.) एक प्रकार का ढोलक डमरू, वाद्य विशेष ।
ડંફાણ (सं.) बकवक, बकवाद ।
ડંભક (सं.) धर्म विरुद्धता ।
ડંબર (सं.) मिथ्या दिखावा, ढोंग, टीमटाम, नुमायश, दिखावा ।
ડર (सं.) भय, भीति, शंका, आतङ्क ।
ડરડર (क्रि. वि.) धड़कन, फड़कन।
ડરવું-રપવું (क्रि.) भयखाना, डरना । [नाक, डरावना ।
ડરામણું (वि.) भयानक, खौफ-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ડરાવવું (क्रि.) डराना, भय प्रदर्शित करना।

ડલી-ળી (सं.) ऊनका कपड़ा या नमदा जो काठी के पहिले घोड़े पर रखा जाता है।

ડંફ-ખ (सं.) एक बड़ा हरा मच्छर, या मक्खी, धातु का जोड़ या झालन।

ડાંખલી-ળી (सं.) शाखा, डाल, पल्लव, डाली, टहनी। [लाठी।

ડાંગ (सं.) एक बड़ा, मोटा लठ्ठ

ડાંગર-ગેર (सं.) ढोर, छिलकों युक्त चावल।

ડાંડ-ગો (वि.) अकेला, बेशरम, निर्लज्ज, खुले मुखका।

ડાંડગાઇ-ગી (सं.) बेईमानी, दुष्टता, डंडीपना।

ડાંડિયું (सं) फटे हुए कपड़े को निकालकर फिर से जोड़ा हुवा कपड़ा, पल्ले घाला हुवा कपड़ा।

ડાંડિયો (सं.) छड़ी का छोटा सा टुकड़ा, चिल्लाने वाला, ढिंढोरा पीटनेवाला, निलर्ज्ज जन्तु, वेहूदा, गँवार।

ડાંડી (सं.) तराजू की डंडी, छोटी छड़ी, डंडी, छोटा ढोल, सीधा खड़ा, खम्भा। [दण्ड, खंभा।

ડાંડો (सं.) मूठ, हत्था, लम्बा

ડાંસ (सं.) मच्छर, डाँस।

ડાક (सं.) डाक, मेल।

ડાકચોકી (सं.) डाक की चौकी या मुकाम।

ડાક્ટર (सं.) वैद्य, हकीम।

ડાકણ (सं.) डाइन, डाकिन, डाकिनी। [बिगुल।

ડાકલુ (सं.) एक प्रकार की तुरही,

ડાકિયો (सं.) भुखमरा, पेटू, खाऊ।

ડાકો (सं.) लुटेरों का आक्रमण, डाका।

ડાખલુ (सं.) देखो ડાકલું।

ડાગળી ખસવી (क्रि.) देखो ડાગળી ચસવી

ડાગળી ચસવી (क्रि.) पागल होना।

ડાગળો (सं.) तमाशा करनेवाला चंचल खिलाड़ी, भाँड, नट।

ડાઘ (सं.) धब्बा, निशान, दाग बैर, डाह, बट्टा, कलंक, गाड़ी।

ડાઘા ડુઘા (सं.) धब्बे, दाग।

ડાઘી-ઉં (वि.) द्रोही, ईर्षालु।

ડાઘીઓ (सं.) जंगली कुत्ता, बनैला कुत्ता, अति क्रूर श्वान।

ડાઘુ (सं.) वह जो मृतक की अर्थी उठाता है या मृतक संस्कार में सम्मिलित होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ડાઘેલ (सं.) अंकित, दागलगा हुवा, धब्बा, लगाया हुवा, कलंकित।
ડાઘો (सं.) धब्बा, दाग, कलंक।
ડાચું (सं.) जबड़ा, मुख, शकल।
ડાચો (सं.) देखो ડચ્ચો।
ડાટ (सं.) नाश, बर्बादी ।
ડાટણું (सं.) चौखट ।
ડાટો (सं.) देखो ડચ્ચો।
ડાટવાળવો (क्रि.) बर्बाद करना, नाश करना, नष्ट भ्रष्ट करना ।
ડાટવું (क्रि.) गाड़ना, जमीन के नीचे छुपाना, मट्टी देना ।
ડાકું ભરવું-મારવું (क्रि.) काटना, कुतरना, दांत से काटना ।
ડાબાજમણી (क्रि. वि.) दाहिने और बायें, दायें बायें, दक्षिण और बाम ।
ડાબીયળ (वि.) बायीं तरफ ।
ડાબું (वि.) बायाँ, बाम ।
ડાબેરી (वि.) देखो ડાબીયળ
ડાભ (सं.) एक प्रकार की घास, दर्भा, कुशा, पवित्र घास ।
ડામ (सं.) गर्म वस्तु का दाग, जली हुई गर्म वस्तु द्वारा दग्ध ।
ડામદેવા (क्रि.) अपमान करना, गाली देना, निन्दा करना, ताना देना, दग्ध करना .

ડામ ચાંપવા (क्रि.) पूर्ववत्
ડામચીઓ (सं.) लकड़ी का टिकटी, लकड़ी की बनी तिपाई ।
ડામણ (सं.) पशु की आगे की और पीछे की एक एक टाँग बाँधने की रस्सी ।
ડામર (सं.) डम्मर, डामर नामक एक दुर्गन्ध युक्त और काला तरल पदार्थ ।
ડામવું (क्रि.) गर्म वस्तु द्वारा दग्ध करना, डाम देना, बांधना, कलंक लगाना ।
ડામાડોળ (वि.) हिलता हुवा, अस्थिर, डगमग, चलायमान, डांवा डोल ।
ડામેલ (त्रि.) डाम दिया हुवा, [दग्ध ।
ડારો (सं.) धमकी, घुड़की ।
ડાહાપણ (सं.) चतुरता, होशियारी विचार, बुद्धि ।
ડાહ્યો (सं.) चतुर, बुद्धिमान, अ- [क्लमन्द ।
ડાહીનો ઘોડો (सं.) अन्धे की लाठी ।
ડાહી રીતે (क्रि. वि.) बुद्धि मानी से, अक्लमन्दी से, बुद्धिद्वारा ।
ડાળ-ળી (सं.) शाखा, डगाली, टहनी, पल्लव ।
ડાળાં-પાંખડાં (सं.) पल्लवयुक्त शाखा, पत्तों सहित टहनी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ડિંગ (सं.) ढेर, समूह, डींग, शेखी, गपशप ।

ડીંગલુ (सं.) लक्कड़ का टुकड़ा, ठूंड।

ડીંગી (सं.) डोंगी, छोटी नाव ।

ડીંડવું (सं.) देखो ઝીંડવું ।

ડાગળ (सं.) लोकवाद, चर्चा, अफवाह, गपशप, किम्वदन्ती ।

ડીચ-કું (सं.) गांठ, ढेर, राशि, टाल, पेड़कातना जिस से पतियां निकलती है, डंठा ।

ડીટ-ડીટી (सं.) स्तन, चूची की घुंडी, स्तन मुख, बोवों की ढेपुनी ।

ડીફાં (सं.) मोटी छोटी छड़ियां या लठ्ठ ।

ડીફી નાંખવું (क्रि.) किसी न किसी प्रकार खतम करना, किसी तरह पूरा कर डालना ।

ડીબું (सं.) शरीर का निकला हुवा भाग, सूजन, फुलाव, गिलटी ।

ડીઓ (सं.) सिसकी, आह ।

ડીમચુ (सं.) देखो ઢીમચુ

ડુંગર (सं.) पहाड़, पर्वत, भूधर. गिरि, टेकड़ी, पहाड़ी ।

ડુંગરવટ (वि.) पहाड़ी की, पार्वती,

ડુંગરી (सं) टीला, छोटी पहाड़ी ।

ડુંગળી (सं.) प्याज, कांदा,

ડુંગો (सं.) धूम्रपान करने की नली, हुक्का, चोर, नाव ।

ડુંચવું (क्रि.) चूसना, होठों से पीना ।

ડુંટી (सं.) नाभि, तोंदी, ढुंडी ।

ડુંડું (सं.) अन्न की बाल, अन्न का सिरा, झब्बा, फुंदना, लटकन, मुकुट, चोटी ।

ડુંભી (वि.) चालाक, मक्कार, धूर्त।

ડુચ્ચો (सं.) मैल, कचरा।

ડુકરો-ક્કર-રી (सं.) सुअर, बराह।

ડુગડુગી (सं.) ढोलक, तम्बूरा, मृदंग, तबला । [चम्मच ।

ડુવો (सं.) चमचा, डोई, करछुल,

ડુચો (सं.) गूदड़ की बनाई हुई गेंद, डट्टा, डाट ।

ડુળાઈ જવું (क्रि.) खराब होना, बुरी तरह पकाया जाना ।

ડુપટ્ટો (सं.) डुपट्टा, कंधोंपर डालने का उपवस्त्र, रूमाल ।

ડુબકી (सं.) देखो ડપકી

ડુબવું (क्रि.) डूबना, बूड़ना, मग्न होना, सूर्यास्त होना, छिपजाना ।

ડુબી જવું (क्रि.) देखो ડુબવું

ડુબાવવું-બાડવું (क्रि.) डुबाना, बोरना, डुबोना ।

ડુબામણું (वि.) अति गहिरा, बहुत औंडा, गंभीर, अगाध, अथाह ।

ડુબાસ (सं.) जहाज़ का दलाल ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ડુમકો (सं.) छोटा ढोल, ढोलकी।
ડુમચી (सं.) काठी, जीन ।
ડુમાસ (सं.) एक प्रकार का वस्त्र ।
ડુમો (सं.) धड़क, भड़क ।
ડુલવું–લીજવું (क्रि.) डूबना, लुढकना, औंधजाना ।
ડૂલ (सं.) हानि, घाटा, टोटा ।
ડેડવું (सं.) पानी का सांप, पनियर सर्प ।
ડેર (सं.) देर, देरी, विलम्ब,
ડેરો (सं.) तम्बू, पटमण्डप, कुछ दिनोंके रहने का स्थान, कपडे का घर, विदेश का वासस्थान, घर ।
ડેરો કરવો (क्रि.) डेरा डालना, मुकाम करना ।
ડેરો નાંખવો (क्रि.) तम्बू गाड़ना, पटमण्डप खड़ा करना ।[કરવો
ડેરો મારવો (क्रि.) देखो ડેરો
ડેહેકાણી (सं.) गँवडैल, गँवार, मूर्ख, बेवकूफ। [तबेला,
ડેહેલો (सं.) हाता, घुड़साळ,
ડોઇઓ (सं.) एक प्रकारका चमचा ।
ડોક (सं) गर्दन, कंठ, गला ।
ડોકરો (सं) बूढ़ा, वृद्ध, ज़ईफ़ ।
ડોકામારી (सं.) उपद्वार ।
ડોકાવવું, ડોકીઆં કરવા (क्रि.) कुटिलतासे देखना, ताकना, झाँकना ।
ડોકી (सं.) देखो ડોક [मस्तक,
ડોકું (सं.) सिर, सबसे ऊंचा,
ડોકું કાપવું (क्रि.) धोकेसे पकड़ा देना, विश्वासघात करना, सिर काटना, मूंड काटना ।
ડોચકી (सं.) देखो ડોક
ડોચકું (सं.) देखो ડોકું
ડોંડિયો (सं) देखो ડાંડિયો
ડોફાલો (सं.) वदसूरत, पगड़ी।
ડોબરૂં (सं.) फूटा बर्तन ।
ડોબું (सं.) बूढी भैंस या भैंसा, (वि.) मूर्ख, अज्ञानी, जड़, सिड़ि, सिर्री ।
ડોયો (सं.) देखो ડોઇઓ ।
ડોલ (सं.) मस्तूळ, डोल, डोलची ।
ડોલચી (सं.) छोटा डोलची, कपडे का या किरमिच का डोल ।
ડોલવું (क्रि.) हिलना, लहराना, झूलना, फिरना, घूमना ।
ડોળું (सं.) देखो ડોકું ।
ડોશો (सं.) विचारीहुई मुराद ।
ડોસલાં (सं.) पारसियों के छुट्टी के दिन ।
ડોસી (सं.) बुडिया, वृद्धा, बूढी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ડોસીવાણીઓ (सं.) कपड़े बेचने वाला, बजाज, वस्त्रविक्रेता ।

ડોસું ડગરૂં (वि.) बूढ़ा डोकरा,

ડોસો (सं.) वृद्ध, बूढा आदमी ।

ડોહ (सं.) पानी का गड्ढा ।

ડોહવું-ળવું-ળી નાંખવું (क्रि.) मोटा बनाना, मैला करना, गड़बड़ करना, अत्यन्त निकटसे तळाश करना, दुहना, दूध निकालना ।

ડોળ (सं.) सूरत, शक्ल, ढंग, चेहरा, मार्ग, तर्ज, ठाठ, डौळ ।

ડોળદાર (वि.) ढंगदार, योग्य, सुन्दर ।

ડોળવવું (क्रि.) हिलाना, झुलाना ।

ડોળા ઉઘાડવા (क्रि.) हौश हवा-समें लाना, ज्ञान कराना, चैतन्य करना ।

ડોળા કાઢવા (क्रि.) तेवरी चढाना. घुड़कना, आँखेबताना । [देखना,

ડોળા ફેરવવા (वि.) क्रोधयुक्त

ડોળી (सं) डोली, झूलतेहुए पळने की छोटी किस्म, नाश, लोप, एक प्रकारके बीजे जिनसे तेल निकलता है ।

ડોળીઉં (सं.) एक प्रकारका तेल, रेंडीका तेल, अण्डीका तेल ।

ડોળો (सं.) नेत्र, आंख, नयन, दृष्टि, बीनाई, नजर, आंखकी पुतली या तारा ।

ઢ

ઢ=गुजराती वर्णमाला का पच्चीसवां अक्षर, १४ वां व्यंजन ।

ઢ (वि.) मन्द, मूर्ख, सुस्त ।

ઢગ (सं.) ढेर, राशि, समूह ।

ઢગરો (सं.) चूतड़, पुठ्ठा, पिछला हिस्सा, सिपाही ।

ઢગલે ઢગલા (वि.) बहुत, अधिक, विशेष, ज्यादा, अत्यन्त ।

ઢગલો (सं.) देखो ઢગ

ઢગો (सं.) बैल, मूर्ख, बेवकूफ,

ઢંકાવું (क्रि.) ढांकना, पास होना, चुप होना, वेष्ठित होना, खामोश होना । [चालचलन, आचरण।

ઢંગ (सं.) ढब, रीति, प्रकार प्रथा,

ઢકેલવું (क्रि.) धक्का देना, घुसेड़ना, खोंचना, रेलना, ढकेलना ।

ઢકેલો (सं.) धक्का, रेला, ठूंसा ।

ઢકેલચંદ (सं.) बेपरवाही से काम करनेवाला, असावधान ।

ઢકેલાવું (क्रि.) धक्का खाना, धके-लेजाना । [अजीब, बहुत बड़ा ।

ઢંઢાર (वि.) अद्भुत, अपरिमित,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઢંઢેરા (सं.) ढंढोरा, डुग्गी, मुनादी, इश्तिहार ।

ઢંઢેરા ફેરવવો (क्रि.) ढंढेरा, फिरवाना, प्रकट करना ।

ઢંઢોળવુ (क्रि.) दायें और बांये तरफ फेरना । [आकृति ।

ઢપ-બ (सं.) ढौल, ढंग, गढन, गठन,

ઢબુ-બ્બુ (सं.) अधन्ना, दो पैसे का सिक्का । [शब्द, ढमाढम ।

ઢમઢમ (सं.) ढोल की आवाज,पणव-

ઢમઢોલ (सं) खाली, रीता, दिखावा,

ઢસલું (वि.) भोला, सीधा, सादा ।

ઢસળું (वि.) पूर्ववत्, झुका हुवा

ઢળતું (वि.) देखो ઢળકતું

ઢળવું-ળી જવું-પડવું (क्रि.) बाहर आजाना, खिसक जाना, ढुलक जाना, लोभ जाना, लुढकना ।

ઢળાળ (सं.) ढलाव, ढालू मैदान ।

ઢળી જવું (क्रि.) देखो ઢોળાઈ જવું

ઢળેડું (सं.) बड़ा भारी पत्थर ।

ઢબ્યા (विस्म.) जावो तुम, निकल जावो, दुष्ट, बदमाश ।

ઢાંકણ ણી-ણું (सं.) ढक्कन अच्छादन, ढांकनेका । [पर्दा ।

ઢાંકપિછોડો (सं) घूँघट, ओट,

ઢાંકવુ (क्रि.) बन्दकरना, ढंक लेना अच्छादित करना, छुपाना ।

ઢાંકી દેવું, મુકવું, રાખવું (क्रि.) खामोश करना, सुनसान करना । ढांक कर रखना, छुपाकर रखना ।

ઢાંકી નાંખવું (क्रि.) अंधेरा करना, ग्रहण होना ।

ઢાંકોઢુંબ્યો (क्रि.) देख भालकर चीजों को यथास्थान संवार कर रखना ।

ઢાંકયું (सं.) परोसा, किसी के मकान से किसी के घरको लाया हुवा भोजन ।

ઢાંગરૂં (सं.) ककड़ी, खीरा ।

ઢાલ (सं.) रक्षक, ढाल, जो समय पर मदद दे, सहायक ।

ઢાળ (सं.) ढलाव, ढलान, उतार।

ઢાળકી (सं.) धातु का कठिन टुकड़ा । [फसल की लुनाई ।

ઢાળણી (सं.) अन्न की कटनी.

ઢાળવું (क्रि.) बटोरना, बूंद बूंद करके गिराना, छलकाना, ढलकाना बहाना, गळाना, पिघलाना, खेत काटना, घास काटना ।

ઢાળયુ (वि.) ढालू, तिरछा ।

ઢાળિયો (सं.) नाली, नहर लावक कटनी करनेवाला, फसल काटनेवाला ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઢીંગળી (सं.) गुड़िया, पुतली, लड़कियोंके खेलने की कठ पुतली ।

ઢીચણ (सं.) घुटना, जानू ।

ઢીંચણું (क्रि.) बेपरवाही से पीना, खुब पीना, ढोकना, चढ़ाजाना, सुड़कजाना, उचकजाना।

ઢીંક-કો (सं.) पठिपर थप्पड़,

ઢીમચું (सं.) एक मोटा और चौड़ा लकड़ का टुकड़ा ।

ઢીમસું (सं.) पूर्ववत्

ઢીમડું-ણું-મું (सं.) सूजन, फुलाव, गिल्टी, गुमड़ा, फोड़ा ।

ઢીમર-મ્મર (सं.) मछवाहा, ढीवर, धीमर ।

ઢીલ (सं.) देरी, विलम्ब, टालमटोल

ઢીલાપણું (सं.) सुस्ती, ढीलापना।

ઢીલીદોરી (सं.) ढीला बन्धन, मामूली रोक । [पोक ।

ઢીલું (वि.) ढीला, निर्बल, डर-

ઢીલું કરવું (क्रि.) खोलना, ढीला करना ।

ઢુંડિયો (सं.) जैन, धर्म का एक एक दयापाळन मत विशेष ।

ઢુંડવું-ઢવું (क्रि.) तलाश करना ढूंढना, खोजना ।

ઢુંઢિયો (सं.) देखो ઢુંડિયો

ઢૂંસો-હો (सं.) गेहुं के आटे की एक मोटी रोटी जो वजन में १० सेर से अधिक हो, धुस्सा, दुशाला दरी ।

ઢૂંકડું (उप.) निकट, पास, नजदीक।

ઢેકા (सं.) स्तन, चूची, थन ।

ઢેકાઢૈયા (सं.) सूराख और गड्ढे, खुरदरापन, मोटापन ।

ઢેકો (सं.) तलवार के मूठ की गिरह, ग्रंथी, गांठ, गिरह, गढान ।

ઢેગી (वि.) सुस्त, काहिल आळसी।

ઢેકો (सं.) सूजन, फुलाव, गिलटी।

ઢેડ-ડો (सं.) मेहतर, भंगी ।

ઢેડ ફજેતી (सं.) बदनामी, सार्वजनिक अपमान । [भंगीपुरा ।

ઢેડવાડો (सं.) ढेडों के रहने का मुहल्ला

ઢેડી (सं.) ढेड की औरत, भंगिन।

ઢેડીઉં (क्रि.) अपमान करना ।

ઢેપું-ફું (सं.) पत्थर, ढेल , लौंदा,

ઢેબરૂં (सं.) मोटी रोटी, एक प्रकार की मसालेदार रोटी ।

ઢેલ (सं.) मोरनी, मयूरी ।

ઢેસરો-સો (सं.) गोबर का ढेर ।

ઢોંગ (सं.) छळ, कपट, पाखण्ड, बनावट, कपट वेष । [छळना ।

ઢોંગ કરવો (क्रि.) पाखण्ड, करना,

ઢોંગ ધતુરો (सं.) देखो ઢોંગ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ઢોંગી (सं.) छली, कपटी, पाखण्डी।
ઢોંગી સંન્યાસી (वि.) बनावटी साधु, नकली संन्यासी।
ઢોંચ (वि.) फटा, गला, सड़ा।
ઢોંઢફોડો (सं.) राज, संगतराश, खान खोदने वाला, पत्थर फोड़ा।
ઢોડો (सं.) पत्थर, पाषाण, मूर्ख।
ઢોકળાં (सं.) दाल और चाँवल के आटे का बनाया हुवा भोजन।
ઢોકળી (सं.) एक छोटी किंतु मोटी रोटी या टिकिया।
ઢોચકું (सं.) मृत्तिका पात्र, मिट्टी का बना बर्तन, सिर।
ઢોચકું ઉડાવવું-વી દેવું (क्रि.) शिरच्छेदन करना सिर काटना, मूंड काटना।
ઢોર (सं.) पशु, जानवर, चौपाये, (वि.) अज्ञान, मूर्ख।
ઢોલ (सं.) बड़ी ढोलकी, ढोल।
ઢોલક (सं.) पूर्ववत्।
ઢોલડી (सं.) रंगीन पालना, रंगा हुवा झूलना।
ઢોલી (सं.) ढोलवाला, ढोल बजाने वाला ढोल का पेशा करने वाला।
ઢોલીઓ (सं.) चारपाई, पलना।
ઢોલો (वि.) मूर्ख, बुद्धिहीन, शठ।
ઢોસું (सं.) भूसी, चोकर, बूर, मुलम्मा, कलई।
ઢોળ ચડાવવે (क्रि.) मुलम्मा करना, कलई करना पत्तर चढाना।
ઢોળવું (क्रि.) ढुलाना, औंधाना, डँडेलना, पलस्तर करना।
ઢોળાવ-વો (सं.) उतार, ढाल, ढलाव।
ઢોળી નાખવું-પાડવું (क्रि.) औंधाना, बिखेर देना, गाली देना, अपमान करना, तौहीन करना।
ઢોઓ (वि.) स्त्रीवत, क्लीब, जनाना। नपुंसक।

ણ

ણ–गुजराती वर्णमाला का छब्वीसवां अक्षर, पन्द्रहवां व्यञ्जन।

ત

ત–गुजराती वर्णमाला का सत्ताईसवां अक्षर, १६ वां व्यञ्जन।
તઇયાર (वि.) देखो તૈયાર
તઇયારી (सं.) देखो તૈયારી
તક (सं.) मौका, अवसर, गौ, माजरा, योग, मेल, ऐनवक्त।
તકતકતું (वि.) चमकीला, भड़कीला, प्रभायुक्त, प्रकाशमान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તકતકવું (क्रि.) खूब चमकना, चमकना, प्रकाशित होना ।

તકતો (सं.) देखो तખતો

તકદીર (सं.) किस्मत, भाग्य, प्रारब्ध ।

તકરાર (सं.) किस्मत, लड़ाई, झगडा, विवाद टंटा, अमेल, भेद।

તકરારખોર-રી (वि.) झंगडालू, विवादी, फसादी, लडाका ।

તકલેદી (वि.) निर्बल, कमजोर।

તકસીર-વીર (वि.) अपराध, जुर्म, दोष, कुसूर, गुनाह ।

તકવો (सं.) शक्ति, बल, पौरुष,

તકાજો (सं.) तकाजा, देनलेन के लिये आवश्यकता प्रदर्शित करना ।

તકાજો કરવો (क्रि.) तकाजा करना ।

તટાવવું (क्रि.) ताक बांधना, इरादा करना, निशाना बांधना ।

તકિયો (सं.) ओसीसा, बलीत, उपधान, सिरहाना, सिर के नीचे रखने की वस्तु ।

તકુબરી (सं.) गर्व, दर्प, घमण्ड,

તકુબી (सं.) किसी काम को थोड़े दिनके लिये रोकना या ठहराना ।

તખત-ખ્ત (सं.) मंच, काठकी बड़ी चौकी, सिंहासन, तख्त ।

તખ્તનશીન (सं.) राजा, अधिकार प्राप्त राजा, सिंहासनासीन भूपति । [पूरा पृष्ट ।

તખતી (सं.) पट्टी, कागज का

તખતો (सं.) पट्टा, तख्ता, शीशे का चौकोर टुकड़ा, दर्पण, चौखटे जड़ी हुई तस्वीर ।

તગડ (सं.) थकावट, पैदल, चाल ।

તગડો (सं.) तीनका अंक ।

તગાજો-દો (सं.) देखो તકાજો

તગારૂં (सं.) कुम्हार का गारा ले जाने का, नांद, कुंडा ।

તગણું (वि.) त्रिगुण, तिगुना,

તગાવી (सं.). तकावी, कृषकों को सरकार की ओर से अगाऊ ऋण।

તગેડવું (क्रि.) तेज हांकना, शीघ्रतापूर्वक चलाना ।

તંગ (सं.) घोड़े का तंग, कसके बांधा हुवा, कसा हुवा, (वि.) दबा हुवा ।

તંગાસ (सं.) देखो તંગી

તંગી (सं.) आवश्यकता, जरूरत, कमी, महंगी, घबडाहट, व्याकुलता, बैचेनी ।

તગ્રવગ્ર થવું (क्रि.) क्रोधमें चमकना, रोषपूर्ण होजाना ।

તજ (सं.) दारचीनी, दालचीनी, तेजपात ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તજવીજ (सं.) उपाय, तदबीर, तळाश, खोज, जांच, तहकीकात, बन्दिश, यत्न, उद्योग, प्रयत्न ।

તજવું (क्रि.) छोड़ना, त्यागना, दे डालना, निकाळ देना ।

તટ (सं.) किनारा, तीर, कूल, नदी का कछार ।

તટબંદી (सं.) गढ बनानेकी विद्या, किलाबन्दी, मोर्चाबन्धी । [ओर ।

તટસ્થ (वि.) मध्यस्थ, अलग, एक

તડ (सं.) जुदाई, भाग, तर्फ, पक्ष ।

તડકવું (क्रि.) डरना, चौंकना, कड़कना, तड़क जाना, दरार होना।

તડકો (सं.) धूप, सूर्य्यप्रकाश, गर्मी ।

તડતડ (क्रि. वि.) चंचलतापूर्वक, किसी वस्तुको भूनते समय या सेकते समय उसका तड़तड़ शब्द ।

તડતડવું (क्रि.) तडकना, कडकना, चिरना, दरार होना, फांक होना ।

તડતડિયો (सं.) आगकी चिनगारी ।

તડ પડવી (क्रि.) दरार होना, फांक होना, तड़कना, फटना ।

તડફડવું (क्रि.) देखो તરફડવું

તડબુચ (सं.) तरबूज, फळ विशेष मतीरा । [प्राप्ति ।

તડાકો (सं.) टक्कर, गप्प, लाभ,

તડાતડી (सं.) विवाद, झगड़ा, फसाद, बराबरी, स्पर्द्धा ।

તડિત (सं.) बिजली, विद्युत, सौदामिनी, चपला । [रंभाना, कड़कना।

તડૂકવું (क्रि.) गर्जना, डकारना,

તડૂકો (सं.) आकस्मिक गर्ज्जन ।

તડોવડ (वि.) समान, बराबर।

તણખલું–ખું (सं.) तिनका, तृण, घासकी पत्ती । [चिंगारी ।

તણખો (सं.) शोहला, पतिंग,

તણછ (सं.) एक प्रकारका शहतीर।

તણાવું (क्रि.) खिंचाहुवा, लिपटाहुवा, सिकुड़ाहुवा फजूल खर्चीसे दरिद्र होजाना ।

તણપાણુ (सं.) देखो પોણો ।

તણી (सं.) उसको, उसका (कवितामें)

તણાઈજવું (क्रि.) खिचजाना, तनजाना, अकड़जाना । [(कवितामें)

તણું (वि.) षष्ठीका प्रत्यय, का,

તતડવું (क्रि.) तड़कना, कड़कना ।

તતુડું (सं.) छोटी विगुल, तुरम, तुरही । [उसीक्षण, तुरंत ।

તત્કાળ (क्रि. वि.) उसी समय,

તતખેવ (क्रि. वि.) पूर्ववत् ।

તત્પર (सं.) उद्युक्त, अनलस, लगाहुवा, तदनन्तर ।

તત્પુરુષ (सं.) समास विशेष।

તત્ર (क्रि. वि.) तहाँ, वहाँ, उसस्थानमें, उस विषयमें ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તત્રાપિ (क्रि. वि.) तौभी, इतने परभी, उसपरभी, बिनानामके स्थानका सूचक शब्द ।

તત્વ (सं.) सत्य, तथ्य, सत्यता, सार, उद्देश्य, अन्वेषण, गूदा ।

તત્વબોધ (सं.) तत्वज्ञान, सत्य उपदेश, यथार्थ ज्ञान। [ब्रह्म विद्या ।

તત્વવિદ્યા (सं.) तर्कशास्त्र विद्या,

તત્વશોધક (सं.) तत्वज्ञानी, ब्रह्मज्ञ।

તત્વમસિ (सं.) ईश्वरत्व, खुदाई, वह तूहै ।

તત્વાંશ (सं.) सारांश, आत्मा, रूह।

તત્સમય (सं.) उसवक्त, उसकाल ।

તત્ક્ષણ (क्रि. वि.) उसीदम, उसीवक्त, तुरंत ।

તત્ક્ષણિક (क्रि. वि.) उसी वक्तका ।

તત્વજ્ઞાન (सं.) ब्रह्मज्ञान, सत्यज्ञान ।

તત્વજ્ઞાની-દર્શી (सं.) ब्रह्मज्ञानी, ब्रह्मज्ञ, तत्वविद्, फिलासफर ।

તથા (अ.) और (क्रि. वि.) तैसेही, वैसेही, इसकेबाद, उस प्रकार ।

તથાપિ (क्रि. वि.) तौभी, वैसा होनेपरभी, उस परभी ।

તથાસ્તુ (क्रि. वि.) वैसा हो, वैसाही हो, स्वीकारोक्ति ।

તથી (सं.) तिथि, चांद्र तिथि, तारीख।

તદઉપરાંત (क्रि. वि.) उसके बाद। तदुपरान्त, तत्पश्चात, तदनन्तर ।

તદ્દન (क्रि. वि.) सब, इकट्ठा, तमाम।

તદપિ (क्रि. वि.) देखो તથાપિ।

તદબીર (सं.) देखो તજવીજ ।

તદા (क्रि. वि.) तब, उस, समय।

તદાકાર-રૂપ (वि.) तदनुरूप, तादृश, तत्तुल्य, उसके समान, वैसाही।

તન (सं.) शरीर, बदन, जिस्म, अंग, पुत्र, बेटा, तनय ।

તનક (सं.) थोड़ा, कम, छोटा, अल्प।

તનખ (सं.) चबकदार दर्द, वह दर्द जिसमें टीस होती हो ।

તનખા (सं) तनख्वाह, किराया, आगकी चिंगारी ।

તનદુરસ્ત (सं.) स्वस्थ, निरोग ।

તનદુરસ્તી (सं.) स्वास्थ्य, नैरोग्य ।

તનમન (सं.) शरीर और दिल, मन और शरीर । [द्रव्य ।

તનમનધન (सं.) शरीर, दिल और

તનમનીઉં (सं.) कण्ठमें पहिननेका आभूषण, तिमनिया । [सुत ।

તનય (सं.) बेटा, लड़का, पुत्र,

તનયા (सं.) पुत्री, बेटी, सुता, आत्मजा।

તનયી (सं.) तम्बूकी रस्सी ।

તનિયો (सं.) कपड़ा, वस्त्र ।

તનુ (सं.) शरीर, देह, बदन, अंग।

તનુજ (सं.) पुत्र, बाळक, शिशु ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તનુજા (सं.) पुत्री, बेटी, तनया ।
તને (सर्व.) तुझे, तुझको ।
તનોડો (सं.) कानोंका आभूषण ।
તંત્ર-ત्त (सं.) धागा, सूत्र, तार, जादूटोना । [अचेत करना।
તતરવું (क्रि.) धोका देना, छलना,
તંતુ (सं) धागा, डोरा, सूत्र, कृमि-सरीखा धागा, रग, नस, नाड़ी, तागा, सूत । [श्रान्ति ।
તંદ્રા (सं.) ईषत् निद्रा, थकावट,
તંદ્રાલુ (वि.) क्लान्त, श्रान्त, थकित, निद्रातुर, आलस, निद्रालु ।
તન્મય (सं.) निर्दिष्ट, लिप्त, लीन, तल्लीन। [वण्य सम्पन्न युवती ।
તન્વંગી (सं.) कोमलांगी, रूपला-
તપ (सं.) तपस्या, शरीरकष्ट, शरीर संयमका उपाय, हरिभजन, गर्मी, उष्णता ।
તપખીર (सं.) हुलास, तवाखीर ।
તપખીરિયા રંગતું (वि.) तवाखीरके रंगसे मिलता हुवा ।
તપત (सं.) ज्वर, बुखार, ताप ।
તપવું (क्रि.) गर्म होना, तपना, चमकना, इंतजार करना, क्रोध होना ।
તપશ્ચર્યા (सं.) तप, तपस्या ।
તપસીલ (सं.) तफसील, विवरण, वर्णन, खुलासा जिक्र ।
તપસીલવાર (सं.) क्रमपूर्वक, ब्योरेवार।
તપસ્વી (स.) तपकरनेवाला, ऋषि, मुनि, वानप्रस्थाश्रमी, व्रतधारी ।
તપાવવું (क्रि.) तपाना, गर्मकरना, क्रोध भड़काना, किसीके द्वारा इंजतारी कराना, रोकना ।
તપાસ (सं.) तलाशी, ढूंढभाल, जांच पड़ताल, खोज, तहकीकात।
તપાસનાર (सं.) परीक्षक, ढूंढनेवाला, जांचनेवाला ।
તપાસવું (क्रि.) तलाश करना, चौकसी करना, जांच पडतालना, ढूंढना। [क्रोधमें भभक उठना।
તપી જવું (क्रि.) क्रोध होना,
તપેલું (सं.) तबेला, पात्र विशेष (वि.) तपाहुवा, गर्म कियाहुवा ।
તપેસરી-સ્વરી (सं.) देखो तपस्वी
તપોબળ (सं.) तपद्वारा प्राप्त शक्ति।
તપોવન (सं.) तपस्वियोंका आश्रम ऋषि मुनियोंके रहनेका वन ।
તપ્ત (वि.) उष्ण, संताप युक्त, तपाहुवा ।
તફડંકરવું (क्रि.) बेच डालना, छुपाना, गुप्त रखना । [छुपजाना ।
તફર કેથવું (क्रि.) गुप्त होना,
તફાવત (सं.) फर्क, फासला, अंतर, गलती, भूल, उपाय ।
તબક (सं.) पत्तर, तस्ता एक छोटा थाल, परात ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તબકડી (सं.) एक छोटी थाली रकाबी, छोटा पत्तर।

તબડાવવુ (क्रि.) उबालना।

તબલચી–જી (सं.) तवले बजानेवाला तबलिया।

તબલો (सं.) तबला, वाद्य विषेश।

તબિયત (सं.) स्वभाव रुचि, चाह।

તબીબ (सं.) वैद्य, हकीम।

તબેલો (सं.) अस्तबल, घोड़े, बांधनेका ठान।

તમ (सं.) अंधेरा, अधंकार, तिमिर, क्रोधया अंधापन।

તમણું (वि.) तिगुना, त्रिगुण, तिहेरा, तीनतहता।

તમતમુ (त्रि.) तीक्ष्ण, कटु, चरपरा, कडुवा।

તમને (सर्व.) तुमको, तुम्हारेको।

તમર–ભ્રમર (सं.) मूर्च्छा, चक्कर।

તમા (सं.) प्रयोजन, सम्बन्ध, चिन्ता निसवत। [तमाल।

તમાકુ (सं.) तमाखु, तम्बाकू,

તમાચો (सं) थप्पड, चपत; चाँटा।

તમામ (क्रि. वि.) बिलकुल, सब, (वि.) पूर्ण, सारा, सब।

તમામ કરવુ (क्रि.) पूर्ण करना,

તમામી (क्रि.) स्त्रियोंकी पौशाक जो रशम और स्वर्णसे मंडित हो।

તમામીઅત (सं.) परिपूर्णता, सम्पूर्णता, कामयाबी, योग्यता।

તમારીમેળે (सं.) तुह्मारे लिये, तुमही, आपही, अपने हीतईं।

તમારૂં (सर्व.) तुम्हारा, आपका।

તમાલ (सं) वृक्ष विशेष, कालाखैर।

તમાલપત્ર (सं.) तेजपत्र।

તમાશગીર (सं.) दर्शक, तमाशा देखने वाले, भांड। [खेल।

તમાશો–સો (सं.) दृश्य, कौतुक,

તમે (सर्व.) तुम, आप।

તમેણુ (सं.) बडाचूल्हा, भाड़।

તમોગુણ (सं.) त्रिविध गुणोंके अंतर्गत एकगुण विशेष, क्रोधान्धता।

તંબાકુ (सं.) देखो तमाकु

તંબુ (सं.) खीमा, डेरा, पट, मण्डप रावटी, छोलदारी, वस्त्रगृह।

તંબુતાણવે–મારવો (क्रि.) डेराखड़ा करना, खेमा लगाना।

તંબુરો (सं.) वाद्य विशेष, तानपूरा, तीन तारकी बीन।

તંબોળ (सं.) पान, ताम्बूल, खानेका पान, नागर वेलका पत्ता, तमोल।

તંબોળી (सं.) ताम्बूलि, पानका व्यापारी, पान बेचने वाला, तमोली।

તર (सं.) घाटनाव, छोटी खाडीया कोल, दूधकी मलाई, (वि.)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रसीला, सरस, ताजा, गीला, ओदा सीला, धनाढ्य, दौलतमन्द, मदोन्मत्त, नशेमेंचूर, आसूदा, बखूबी (क्रि. वि.) तब, उससमय।

તરકટ (सं.) बनावट, झूठ, पाखंड, धोका, कपट।

તરકટી (सं.) जालसाज, पाखण्डी (वि.) अधर्मी, बेईमान।

તરકડીઓ (सं.) आनन्दी, गँवार।

તરકડું-ડો (सं.) सिपाही सैनिक यवन, मुसलमान।

તરકવું (क्रि.) अटकल करना अन्दाजा करना, अनुमान करना।

તરકસ (सं.) तूण, निषंग, त्रोण, बाण रखनेका भाथा।

તરકારી (सं.) शाक, साग, भाजी।

તરખ (सं.) वादानुवाद, विवाद झगड़ा, तर्क।

તરકીબ (सं.) उपाय, यत्न तरीका हिकमत, तरतीब, तदबीर।

તરંગ (सं.) लहर, उर्मि, बीचि, ढेऊ, हिलकोरा, उमंग मौज, कल्पना, ख्याल। [जान्हवी।

તરંગીણી (सं.) गंगानदी, सुरसरि,

તરછોડવું-ડીનાંખવું (क्रि.) तुच्छ जानना, घृणा करना, नफरत करना।

તરજુમો (सं.) अनुवाद, उल्था, भाषान्तर।

તરડ (सं.) देखो તડ।

તરડાઈને બોલવું (क्रि.) क्रोधमें बोलना, गुर्राकर बोलना।

તરણ (वि.) तीन (सं.) कोईभी वस्तु जो पानीमें तैरती हो।

તરણિ (सं.) सूर्य, रवि सूरज।

તરણી (सं.) नाव, नौका।

તરણું (सं.) तृण, घास, तिनका।

તરત (क्रि. वि.) तुरंत, शीघ्र, फौरन, तत्क्षण, समयपर, समयमें।

તરતત્ર (सं.) अस्तित्व, सत्व, मूल, तत्व।

તરતીબ (सं.) प्रबन्ध, बन्दोबस्त।

તરતું (वि.) तैरता हुवा, यशवन्त सफल, भरापूरा।

તરનાર (सं.) तैरैया, तैरनेवाला।

તરપત (सं.) तृप्त, संतुष्ट, परितोषान्वित। [कृश।

તરપલું (वि.) दुबला, पतला,

તરફ (उप.) ओर, दिशा, पक्ष, बगल।

તરફડવું (क्रि.) लड़ना, छटपटाना।

તરફદારી (सं.) पक्षपात।

તરફેણ (सं.) तरफ, पक्ष।

તરબિયત (वि.) शिक्षित, पठित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection. Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તરબુચ–જ (सं.) तरबूज़, फल विशेष । [पत्तर ।

તરભાણું (सं.) ताम्रपत्र, तांबेका

તરવાડો (सं.) खजूर वृक्षके मदको खींचकर बाहिर निकालनेवाला ।

તરવાર (सं.) तलवार, खड्ग, कृपाण ।

તરવારની ધારપર રહેવુ (क्रि.) बड़ा सावधान रहना ।

તરવારિઓ (सं.) तलवार वाला, खड्ग धारी, तलवारसे लड़ने वाला ।

તરવું (क्रि.) तैरना, बहना, कामयाब होना, सफल होना, मुक्तिपाना मोक्ष पाना, बाहर आना ।

તરીજવું (क्रि) पार होजाना, तैर आना ।

તરસ (सं.) तृषा, प्यास, लालसा. अभिलाषा, लकडबग्घा, पशु विशेष।

તરસવું (क्रि.) बड़ी लालसा करना, तरसना, बदले के लिये ललायित होना । [पिपासित ।

તરસ્યું (सं.) प्यासा, तृषित,

તરાંક–રાક (सं.) तकुआ, डंठा ।

તરાગડી (सं.) तराझू, तखड़ी ।

તરાજવું (सं.) तौलने का पळड़ा, पूर्ववत् ।

તરાજુ (सं.) देखो તરાજવું ।

તરાપો (सं.) बेड़ा, लठ्ठों का बेड़ा । [सिखाना ।

તરાવવું (क्रि.) तैराना, तैरना

તરીઆવવું (क्रि.) तैरआना, ऊपर आना, सफलता पालेना ।

તરીઓ (सं.) पारीसे आने वाला ज्वर, आंतराज्वर ।

તરીપાર (सं.) पहुँचाव, देशनिकाला।

તરૂ (सं.) वृक्ष, पेड़, पादप, द्रुम ।

તરૂણ (सं.) नवीन, नूतन, युवा ।

તરૂણાવસ્થા (सं.) जवानी, यौवन।

તરૂણી (सं.) युवती, जवान स्त्री।

તરૂતલ (सं.) वृक्ष की जड़, पेड़ के पेड़ी के नीचे की भूमि ।

તરેલુ (सं.) दोजोड़ी बैलों के लिये जूड़ा या जूड़ी ।

તરેલા તાણવાં (क्रि.) बड़ा परिश्रम करना, अधम काम करना ।

તરેહ (सं.) भेद, प्रकार, अंतर, किस्म, भाँति, ढब, शक्ल ।

તરેહતરેહનું (वि.) किस्म किस्म का, भाँति, भाँति का, अनेक प्रकार का ।

તરેહવાર (वि.) भिन्न, न्यारा, नानावर्ण, चित्रविचित्र, सतरंगा ।

તરોપણુ (सं.) छोटा बर्मा, बर्मी, छिद्र करने का छोटा यंत्र,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તરોપો (सं.) नारियल, नारेल ।

તરૈવર (सं.) वृक्ष, गाछ, तरु, पेड़ ।

તર્ક (सं.) कल्पना, ख्याल, अनु-मान, बहस, दलील, अनुमान, अनुमानोक्ति ।

તર્કબાજ–ર્કી (वि. तेजबुद्धि, तर्क बुद्धियुक्त, नटखट, तर्ककारक नैयायिक । [न्यायविद्या ।

તર્કવિદ્યા (सं.) आन्वीक्षिकी,

તર્કશક્તિ (सं.) तर्क करने का बल ।

તર્કશાસ્ત્ર (सं.) दर्शन विशेष, न्यायशास्त्र, इल्मे मंतक़, फिला-सफी, तत्वज्ञान ।

તર્જની (सं.) प्रथम अंगुली, अंगूठे के पास की अंगुली ।

તર્ત (क्रि. वि.) देखो તરત

તર્પણ (सं.) देखो तृप्ति, देवताओं को जलाञ्जलि, मृतपुरुषों के नामो-च्चारण सहित जल देना ।

તર્પવું (क्रि.) खुशकरना, संतुष्ट करना । [हृष्ट ।

તર્પત (वि.) तृष्ट, संतुष्ट, प्रसन्न,

તર્ષિત (वि.) प्यासा, तृषित ।

તલ (सं.) शरीर पर का तिल, तिल, मसा । [तक, पर्यंत ।

તલક–ગ (क्रि. वि.) तक, जब

તલખ (वि.) चरपरा, कड़ुवा, तीखा, कटु । [इच्छा ।

તલપ (सं.) कूद, उछल, छलांग,

તલપવું (क्रि.) इच्छुक होना, तड़-पना, किसी वस्तु के लिये लालसा करना । [अधीर्यता ।

તલપાપડ (वि.) बेसब्र, बेचैन,

તલપીજવું (क्रि.) तड़पना, छटपटा जाना ।

તલફ (सं.) बुरी आदत ।

તલવાર (सं.) देखो તરવાર

તલસરા (सं. तिल के वृक्ष, झाड़ी ।

તલાક (सं.) त्याग, स्त्री पुरुष का छोड़ना, तिलाक ।

તલાકનામું (सं.) त्यागपत्र, तिलाक की दस्तावेज । [त्याग देना ।

તલ્લાક આપવી (क्रि.) तिलाक देना।

તલાટી (सं.) गांवकी सालाना माल गुजारी का मुनीम ।

તલાવટ (सं.) विद्या, गुण, उपाय,

તલાશ–સ (सं.) ढूंढ, खोज, इन्क्वायरी। [तिल्ली, पेटकी तिल्ली ।

તરી–લ્લી (सं.) तिल्ली, पिळही, ताप

તલ્લીન (वि.) लीन, गरक, मग्न, निमग्न, तन्मय । [यंत्र, मंत्र ।

તલેરામ (सं.) जादू, टोना, तावीज़,

તલેસમાત (सं.) देखो તલેરામ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તબ (क्रि. वि.) तब, उस समय, तौ।
તવંગર (वि.) धनाढय, दौलतमंद।
તબાહ (वि.) दुर्भाग्य, विपत्ति, आपद् , तबाही, बर्बादी ।
તબાહજવું (क्रि.) कमजोर होना, दुर्बल होना, मुर्झाना, पिघळना ।
તરાવું (सं.) पूर्ववत् [सभ्यता ।
તવાજુ (सं.) सुशीलता, नम्रता,
તવારીખ (सं.) इतिहास, वर्णन ।
તવી-વો (सं.) तवा, लोहेका गोल पत्तर जिसपर रोटीयां सिकती हैं।
તસકો (सं.) नकचढी, बोली ठोली, ताना, क्रोध, कोप, रोष ।
તસતસ્તુ (वि.) तंग, कसा, निकट ।
તસદી (सं.) तकलीफ, कष्ट ।
તસબી (सं.) माळा, सुमरनी ।
તસબીર (सं.) देखो **તસવીર**
તસમો (सं.) चमड़ेका फीता, चर्म पट्टिका । [लहर ।
તસર (सं.) लकीर, धारी, रेखा,
તસવીર (सं.) चित्र, फोटो, छबि, मूर्ति। [वैसा,
તસુ (क्रि. वि.) उसके समान, तैसा,
તસુ (सं.) $\frac{1}{24}$ गज, लम्बाई मापनेके लिये गजका २४ वां भाग, इंच ।
તસ્કર (सं) चोर, चौर, लुटेरा, चोट्टा अपहर्त्ता, दूसरेका धन हरण करनेवाळा ।

તસ્કરવું (क्रि.) चुराना, छुपाना, हरण करना, चोरना, लूटना ।
તસ્માત (क्रि. वि.) इसीलिये, कारणात् , इसकारण, इसी सबबसे ।
તહ (सं.) सावधिसंधि, क्षणिक संधि, सुलह, संधि, विश्राम, सुख, चैन ।
તહકીક (वि.) ठीक किया हुवा, निश्चित, स्थापित, ठहराया हुवा, मुकर्रर । [शंकाकी दशामें, शंकित।
તહકુબ (वि.) सन्देहकी हालतमें,
તહનામુ (सं.) सौदा, व्यौपार, व्यवसाय, लिखित संधिपत्र, लिखाहुवा सुलहनामा ।
તહીં (क्रि. वि.) वहीं, वहांही,वहां।
તળ (सं.) पेंदा, अधोभाग, तला, तलवा, तली, पेंदी ।
તળગટ (सं.) नेंवके लिये गाड़ा हुवा लकड़ीका लट्ठा ।
તળઘાટ (सं.) नीची भूमि, पहाड़की जड़ या तरेटी, पर्वतकी पेंदी ।
તળઘાટી (सं.) तराई । [कढ़ाई ।
તળણી (सं.) भूंनने या तलनेकी
તળપદ (सं.) ग्राम भूमि, वह भूमि जो ग्रामके निकट ग्रामसे सम्बन्ध रखती हो ।
તળબ્દું (वि.) स्वदेश का, देशीय ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તળવળ (सं.) बेचैनी, व्याकुलता।
તળવું (क्रि.) भूनना, तळना।
તળાઇ (सं.) तोशक, सुजनी, बिछौना। [हिसाब।
તળાટી (सं.) गाँव का लेखा या
તળાટું (सं.) माल गुजारी के खजानची का धन्धा।
તળાતળ (सं.) लोक विशेष, चौथा पाताल। [सर।
તળાવ (सं.) तालाब, सरोवर,
તળાવડી (सं.) तलैया, छोटा ताल।
તળાંસવું (क्रि.) चाँपना, दबाना।
તળી (सं.) जूते की तली।
તળીઆરું (सं.) पेंदी, पेंदा, तली।
તળીઉં (सं.) पेंदा, तलुवा (पैरका)
તળે (सं.) नीचे, उतरकर, तले नीचे की ओर, अधो भाग में कुछ कम।
તળેઉપર (उप.) उलट पुलट, नीचे ऊपर, दोनों तरफ।
તળેઉપર (सं.) बेचैनी, बेकली।
તળેટી (सं.) पर्वतकी पेंदी, पहाड़की तरेटी या तराई।
તક્ષક (सं.) बढई, लकड़ी काटने वाला, सर्पराज। [ओर
તાં (क्रि. वि.) वहां, उधर, उस
તાંત (सं.) तांत, रोदा, सूत्र, धागा, रेशा, तार, आँतोंद्वाराबना डोरा।
તાંતણો (सं.) धागा, सूत्र।
તાંદલજો-ળિયો (सं.) एक प्रकार का शाक, भाजी विशेष, तरकारी।
તાંદુલ (सं.) चांवळ,
તાંબડ માટી (सं.) लाल मिट्टी।
તાંબડી-ડો (सं.) ताम्रपात्र, ताँबेकी बनी तस्तरी, ताँबेका गोल पात्र। [करनेका पात्र।
તાંબાકુંડી (सं) एक प्रकारका स्नान
તાંબાનાણું (सं.) ताँबेका सिक्का, ताम्र मुद्रा। [विशेष।
તાંબુ (सं.) ताँबा, ताम्र, धातु
તાંબુલ (सं.) पान, नागरवेलका पान, पत्ते और पानका लपेटा।
તાંસળું-સિયું (सं.) भरतका बर्तन, काँसी और पीतलके मिश्रणसे बनाहुवा पात्र।
તાંહાથી (क्रि. वि.) उस स्थानसे, वहाँसे, उस समयसे।
તાંહાં લગી-સુધી (क्रि. वि.) वहाँ तक, तक, उस जगह तक।
તા (सं.) तख्ता, ताव, कागजका तख्ता, शब्दांतमें लगनेवाली गुण द्योतक प्रत्यय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તાઈ (सं.) धुननेवाला ।

તાઉ (सं.) बेपरवाह, बेफिक्र, असावधान, अपरिणामदर्शी, उतावला । [विशेष ।

તાઉસ (सं.) तारवाद्य, वाद्य

તાએફા (सं.) वेश्याका गाने बजानेका समाज, तवाइफ, नाचने वाली वेश्या ।

તાક (सं.) छाछ, तक्र, मठा, मही, दूधका पानी, तोड, गोरस, महेरी ।

તાકડો (सं.) अवसर, मौका, गौं ।

તાકવું (क्रि.) घूरना, ताकना, इकटक दृष्टिसे देखना । [पौरुष ।

તાકાત (सं.) शक्ति, बल, ताकत,

તાકીદ (सं.) जल्दी, शीघ्रता, हुक्म, आज्ञा, आदेश ।

તાકું (सं.) गुफा, गुप्तवास, तातील, विश्राम ।

તાકો (सं.) कपड़ेका सारा टुकड़ा ।

તાગ (सं.) धागा, सूत्र, गहिराई, मोटा खुरदरा सनीवस्त्र ।

તાગું (सं.) बलवा ।

તાજ (सं.) मुकुट, राजचिन्ह ।

તાજખાતુ (सं.) गुप्त, छुपाहुवा ।

તાજગી (सं.) राजी खुशी, नवीनता, कुशल क्षेम, कुशल आनन्द, सुख ।

તાજવું (सं.) तराजूके पलड़े ।

તાજવાળું (सं.) मुकुट वाला, राजा ।

તાજાકલમ (सं.) अभीका लिखा हुवा, थोड़े समयका लेख, पत्र आदिमें लिखचुकने के पश्चात् लिखाहुवा ।

તાજાપણું (सं.) शीतलता, नवीनता, ताजगी, मिठास ।

તાજીઓ (सं.) देखो તાબુત ।

તાજીમ (सं.) सुशीलता, नम्रता, इज्जत । [मोटा, भराहुवा ।

તાજું (वि.) नया, ताजा, तुरंतका,

તાજુંકરવું (क्रि.) ताजा करना ।

તાજુબ (वि॰) आश्चर्य विस्मय ।

તાજુબથવું (क्रि.) आश्चर्य होना, विस्मय होना ।

તાજુબી (सं.) आश्चर्य, अचंभा ।

તાજેકલમ (सं.) देखो તાજાકલમ ।

તાજેતર (वि.) ताजा, नया ।

તાજેશકરવી (क्रि.) प्रायाश्चित करना, दण्डित होना ।

તાજેસકરવી (क्रि.) पूर्ववत ।

તાજેસરથી (क्रि. वि) फिर आरंभसे, फिरसे, फिर शुरूसे ।

તાટ (सं.) टाट, (वि.) बंद, छुपा ।

તાટી (सं.) बाँसकी चौखट बाँसकी ताड़ी । [ताल वृक्ष ।

તાડ (सं.) ताड़, ताड़वृक्ष,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તાડવૃક્ષ (सं.) देखो ताड ।
તાડણ (सं.) धमकाना, मारना ।
તાડછું (सं.) पंखा बनानेके ताडकी पत्ती ।
તાડપત્ર (सं.) ताड़का पत्ता ।
તાડપત્રી (सं.) पूर्ववत्, एक प्रकारका कपड़ा, वस्त्र विशेष ।
તાડફળ (सं.) ताड़ वृक्षका फळ ।
તાંડવ (सं.) नृत्य, नटन, एक प्रकारका नृत्य । [ताड़ना करना ।
તાડવું (क्रि.) दण्डदेना, सजादेना
તાડી (सं.) ताड़वृक्षके फल का रस, मादक द्रव्य विशेष, तालरस ।
તાઢી (सं.) मृतककी भस्म ।
તાણ (सं.) मरोड़, ऐंठन, तङ्गी, कमी, महँगी, तकाजा, हठ, जिद्द, फूट, वियोग ।
તાણપડવી (क्रि.) झगड़ा होना, विवाद होना, टंटा होना ।
તાણવું (क्रि.) खींचना, अपने पक्षमें लेना, तानना ।
તાણાતાણ (सं.) खींच ताण, ऐंचा ताणी, घसीटना, और खींचना ।
તાણાભારવા (क्रि.) तानादेना, भला बुरा कहना ।
તાણીઓ (सं.) तार बनानेवाला ।
તાણીને (क्रि. वि.) जोरसे, खींचकर ।
તાણીતોડીને (क्रि वि.) बड़ी कठिनतासे, बड़े कष्ट पूर्वक ।
તાણું (सं.) तेरानवे ९३, ताना ।
તાણો (सं.) ताना, सूत या रस्सी द्वारा पूराहुवा ताना ।
તાણોવાણો (सं.) ताना बाना ।
તાત (सं.) बाप, पिता, जनक ।
તાતા (सं.) मोटी रोटी ।
તાતું (वि.) उष्ण, गर्म, ताता, गर्म मिजाज का, तेजमिजाज का ।
તાત્કાળ (क्रि. वि.) तुरंत, फौरन, तत्क्षण । [फानन, फौरन ।
તાત્કાલિક (वि.) उसी दम, आनन,
તાત્પર્ય (सं.) अभिप्राय, आशय, मर्म । [अर्थ, वाजबी ।
તાત્પર્યાર્થ (सं.) अभिप्राय का
તાતો (वि.) गर्म मस्तिष्क का ।
તાન (सं.) राग, स्वर, गान का एक अङ्ग विशेष, चाह, लालसा, अभिमान, घमण्ड, झपट ।
તાનો (सं.) ताना, वाग्वाण ।
તાપ (सं.) गर्मी, ज्वर, बुखार, तेज, हैरानी, ठाठ । [क्रोधी ।
તાપટ (वि.) तीक्ष्ण, कड़ा, आगसा,
તાપણી-ણું (सं.) भूमि पर जलाई हुई अग्नि, तपने के लिये जला हुई आग ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તાપવું (क्रि.) तपना, गर्म होना ।

તાપસ (सं.) योगी, तपस्वी, ऋषि, साधु, तप करने वाला ।

તાપસ કર્મ (सं.) साधुकार्य, ऋषिकर्म, तपस्वी के काम ।

તાફતો (सं.) एक प्रकार का रेशमी वस्त्र, रेशमी कपड़ा विशेष।

તાબડતોબ (क्रि. वि.) तुरंत, शीघ्र, फौरन ।

તાબુત (सं.) वह सन्दूक जिस में मुर्दा रख कर गाड़ते हैं, मूर्ति प्रतिमा, हसन और हुसेन के नाम पर बनाई हुई अर्थी, ताजिया, बाँस की खपाचयों द्वारा बनाया हुवा मकबरा—जो बहु मूल्य कागजों से वेष्ठित होता है और जिसे यावनी मास मुहर्रम में निकालते हैं ।

તાબે (क्रि. वि.) परतन्त्र, परवश, पराधीन ।

તાબે કરવું (क्रि.) आधीन करना, स्ववश करना, जीतना, हराना ।

તાબે થવું (क्रि.) वश होना, आधीन होना, अधिकार में होना ।

તાબેદાર (सं.) नौकर, दास, आधीन, परवश, आश्रित ।

તાબેદારી (सं.) दासता, नौकरी आधीनता, गुलामी, विवशता ।

તાબો (सं.) अधिकार, वश, हक, कब्जा, दखल ।

તામડી–ડો (सं.) देखो તાંબડી

તામસ (सं.) क्रोध, रोष, गुस्सा ।

તામસી (वि.) क्रोधी, आगसा, चिड़चिड़ा ।

તાંબુલ (सं.) नागरवेल का पत्ता, [पान ।

તામ્ર (सं.) ताम्बा, धातु विशेष ।

તામ્રકાર (सं.) तमेरा, ठठेरा, ताम्बा आदि धातु का काम करने वाला ।

તામ્રપટ–ત્ર (सं.) ताँबे का बना हुवा पत्र जिसपर पहिले राजाज्ञा लिखी जाती थी । तांबे की पट्टी जिसपर दान या मुवाफी की जायदादों का ब्यौरा लिखा जाताथा ।

તાયફો (सं.) नर्तकी सम्प्रदाय, वेश्या समूह, रण्डियों का समुदाय ।

તાર (सं.) टेलीग्राफ, तार, धागा, सूत्र ।

તારક (वि.) रक्षक, पालक उद्धार [कर्ता, बचानेवाला ।

તારકસ (सं.) चांदी और सोने के तारों की दस्तकारी और जरी का काम ।

તારણ (सं.) छुटकारा, उद्धार, निर्णय, नजात, मुक्ति, मोक्ष, गिरवी, ऋण प्राप्त करने को बतौर जमानत रखा हुवा द्रव्य ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તારતમ્ય (सं.) न्यूनाधिक्य, सामान्य, थोड़ा बहुत भेद ।
તારનાર (सं.) देखो તારક
તારપછી (क्रि. वि.) बादमें, उस के या इसके बाद, पीछे, पश्चात् ।
તારવવું (क्रि.) हिसाब की किताब में जमा और खर्च की जांच करना, उठाना ।
તારવું (क्रि.) उद्धार करना, बचाना, रक्षा करना, छुड़ाना, उठाना ।
તારાજ (सं.) नष्ट, बरबाद ।
તારામંડળ (सं.) नक्षत्र मंडल, नक्षत्र समुदाय । [का दिन ।
તારીખ (सं.) दिन, तिथि महीने
તારીજ (सं.) संक्षेप, सारांश ।
તારીફ (सं.) प्रशंसा, बड़ाई, कीर्ति यश वर्णन, श्लाघा ।
તારીફદાર (वि.) प्रशंसा योग्य, श्लाघ्य, स्तुत्य, उत्तम, श्रेष्ठ ।
તારીફ લાયક (वि.) पूर्ववत् ।
તારૂણી (सं.) तरुणी, युवती ।
તારૂણ્ય (सं.) जवानी, यौवन ।
તારે (क्रि. वि.) उस वक्त, तत्काल, तत्समय, तुझे, तुझको ।
તારો (सं.) नक्षत्र, तारक, ग्रह, आंख की पुतली, तैरैया ।
તારો (सर्व.) तेरा ।

તાલ (सं.) छन्द, पद, नाप, मनुष्य ऊर्ध्व बाहु खड़ा हो वह परिमाण, विनोद, विलास, गर्व, गंजापन । [मुकुट ।
તાલકું (सं.) कपाल, सिर, सिरका
તાલમેલ (सं.) मिथ्या धूमधाम, व्यर्थ का ठाठबाठ ।
તાલાવેલી (सं.) चिंता, शोच, व्यग्रता, बेचैनी, बेकली ।
તાલીમ (सं.) शिक्षा, अभ्यास, विद्या।
તાલીમ આપવી (क्रि.) शिक्षा देना। सिखाना, बतलाना, तालीम देना ।
તાલીમખાનું (सं.) अखाड़ा, दंगल, शिक्षागृह, जहां कुछ सिखाया जाता हो ।
તાલીમબાજ (सं.) तालीमयाफ्ता, शिक्षा प्राप्त, शिक्षित, सीखा हुवा गुणी । [भाग, तलुवा, तालू ।
તાલુ (सं.) तारू, मुखके ऊपरका
તાલુક (वि.) सम्बन्ध, प्रयोजन, ताल्लुक । [ताल्लुकेदार, जमीदार।
તાલુકદાર (सं.) पटेल, मुखिया,
તાલુકો (सं.) जिला, प्रान्त, इलाका, अमलदारी ताल्लुका ।
તાલુસ્થાની (वि.) तालव्य, जिन का तालुस्थान से उच्चारण हो, इ, ई, च, छ, ज, झ, य, श,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તાલેવંત–વર-વાન (सं.) भाग्यवान, धनवान, द्रव्यपात्र ।

તાવ (सं.) ज्वर, बुखार, ताप, कागजका तख्ता, पूरा कागज ।

તાવડી–ડો (सं.) हंडा, लोहे या ताम्बे का पात्र, चिकनी मिट्टी का पत्तर ।

તાવવું (क्रि.) गर्म करना, तपाना ।

તાવી (सं.) देखो તવી

તાવીજ (सं.) मंत्र, जादू, टोना, गंडा यंत्र, गले में या भुजा पर बांधा जानेवाला अलङ्कार विशेष ।

તાસ (सं.) घण्टा, घड़ियाल, वस्त्र, ताम्रपात्र, तख्ता ।

તાસક (सं.) किसी प्रकारकी धातु से बना हुवा । [वस्त्र ।

તાસતો (सं.) एक प्रकारका रेशमी

તાસણી (सं.) बसूला ।

તાસવું (क्रि.) काटना, टुकड़े टुकड़े करना ।

તાસીર (सं.) मिजाज़, सूरत, शक्ल, स्वभाव, बान ।

તાસું (सं.) तासा, एक प्रकारका ढोल, वाद्य विशेष ।

તાંસળી (सं.) प्याले सरीखा एक पात्र विशेष ।

તાંસળું (सं.) देखो તાંસળી

તાહાર (सं.) ठंड, शीतलता ।

તાહાડક (सं.) ताजगी, ठंडाई ।

તાહાડું (वि.) ठंडा, शीतल ।

તાળ (सं.) देखो તાલ

તાળવું (सं.) तालू, मुख का भीतरी ऊपर का भाग, तारू ।

તાળી (सं.) हाथों की पीट का शब्द, करतल ध्वनि, तारी ।

તાળી પાડવી (क्रि.) तालियां पीटना, ठठ्ठा उड़ाना, ताली बजाना ।

તાળો પડાવવી (क्रि.) हँसी कराना, दिल्लगी उड़ाना ।

તાળું (सं.) ताला, कुलफ ।

તાળો (सं.) पत्र व्यवहार नियम पत्र, कौल, करार । [टिक्कड़ ।

તિક્કડ (सं.) मोटी रोटी, रोट,

તિખટ (सं.) तीखी वस्तु, चर्परी चीज़ ।

તિખલ (सं.) व्याकुलता, खिन्न, घबराहट, दौड़धूप, खड़बड़ी ।

તિખાસ (सं.) तीक्ष्णता, चर्पराहट, कडुवापन ।

તિખું (वि.) तेज, चर्परा, कटु, तीखा । [ध्यक्ष ।

તિજોરર (सं.) खजानची, धना-

તિજોરી (सं.) रुपया पैसा रखनेकी लोह सन्दूक, खजाना, धनागार ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તિણું (सं.) नोकदार, तेज, पैना।
તિત્તર (सं.) लपसी, हलुवा, पक्षी विशेष ।
તિતાલીઉં (वि) खोखला, खाली ।
તિતિક્ષા (सं.) धैर्य, धीरज, क्षमा, सहन शीलता ।
તિથિ (सं.) तारीख, चांद्रमास का दिन । चन्द्रकला की क्रिया, प्रतिपदादि तिथि ।
તિથિક્ષય (सं.) तिथि का नाश, तिथि की हानि, तिथि की टूट ।
તિપ્પટ (वि.) त्रिगुण, तिलड़ा, तिहोरता ।
તિપાઈ (सं.) टिपाई, तिगठी, तीनपाँव की काष्ट की बनी तिपाई।
તિમિર (सं.) तम, अँधेरा, अंधकार ।
તિરકમ-છું (वि.) तिरछा, टेढा, झुका हुवा, मुड़ाहुवा, ढालू ।
તિરંદાજ (सं.) धनुष चलाने वाला, धनुर्द्धर, धनुष विद्या में प्रवीण । [धनुर्वेद ।
તિરંદાજી (सं.) धनुष विद्या,
તિરંબાજ (सं.) देखो તીરંદાજ ।
તિરંબાજી (सं.) देखो તિરંદાજી ।
તિરવો (सं.) इतनी भूमि जिसपर एकबार धनुषद्वारा बाण छोड़ा जावे वह अंतरजो बाण फेंकनेसे हो।
તિરસ્કાર (सं.) निन्दा, अपमान अप्रतिष्ठा, घृणा ।
તિરાહીત (सं.) देखो ત્રાહિત ।
તિલ (सं.) देखो તળ ।
તિલક (सं.) चन्दनादिका मस्तकपर लेपन, सांप्रदायिक चिन्ह विशेष जो मस्तकपर लगाया जाता है ।
તિલ્લાનો (सं.) राग विशेष, तिल्लाना नामक राग ।
તિસમારખાં (वि.) क्रोधी, अकड़ू गर्म मिजाजका, शेखीखोर ।
તીકમ (सं) कुदाली, खनित्री ।
તીક્ષ્ણ (वि.) तेज, तीखा, पैना, क्रोधी, तीता, कड़ुवा, क्षिप्रकारी ।
તીખાં (सं.) मिर्च ।
તીખું (वि.) चरपरा, कटु. तीखा।
તીજ (सं.) प्रतिपक्षकी तीसरी तिथि, तृतिया।
તીજું (सं.) तृतीय, तीसरा ।
તીડ (सं.) टिड्डी, टडी ।
તીતર (सं.) देखो તિત્તર ।
તીર (सं.) बाण, शर, किनारा, पुठा, कूल्हा, चूतड़, कड़ी, धरन, शहतीर, धन्ना ।
તીરકામઠું (सं.) धनुषबाण, तीरकमान, शरशरासन ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તીરછું (वि.) तिरछा, टेढ़ा, बाँका ।
તીરથ (सं.) क्षेत्र, पुण्यस्थान, ऋषि सेवितजल, तीर्थ । [धर्माचार्य
તીર્થંકર (सं.) जैनियोंके २४
તીર્થયાત્રા (सं.) तीर्थाटन, तीर्थ गमन, पुण्य स्थानोंका भ्रमण ।
તીર્થરૂપ (सं.) पुण्यरूप, पवित्र-रूप, पिता, पूज्य, पूजनीय ।
તીર્થવાસી (सं.) तीर्थोंमें रहने वाले, यात्री, पुंण्य स्थळवासी ।
તીર્થાટન (सं.) तीर्थ गमन, पुण्य स्थलोंमें भ्रमण, तीर्थ पर्यटन ।
તીવ્ર (वि.) अधिक तेज, कटु, कड़ुवा, प्रखर, गर्म, चपल, चंचल ।
તીવ્રબુદ્ધિ (सं.) कुशाग्र बुद्धि, तेज बुद्धि ।
તીસ (वि.) तीस, त्रिंश, ३०,
તીસમારખાં (सं.) देखो તિસમારખાં
તીક્ષ્ણ (वि.) देखो તીક્ષ્ણ
તીક્ષ્ણતા (सं.) तेजी, चर्परापन, उल्वण, प्रखरता । [બુદ્ધિ
તીક્ષ્ણ બુદ્ધિ (सं.) देखो તીવ્ર
તીક્ષ્ણાગ્ર (वि) नुकीलभा, नोंकदार पैनी नोंकवाळा ।
તું (सर्व.) तू [मैसोरकी नदी ।
તુંગભદ્રા (सं..) नदी विशेष,
તુંતાં (सं.) देखो તુંકાર ।
તુઈ (सं.) सोने या चांदीकी जरी या गोटा । [तुवरकी दाल ।
તુએર (सं.) तूवर, अन्नविशेष,
તુકમ (सं.) बीज, उत्पत्ति, कुळ, वंश ।
તુક્કલ (सं.) पतंग विशेष, एक प्रकारकी गुड्डी, पतंगकी एक जाति, चंग ।
તુક્કો (सं.) भोंठा बाण, बोथरा तीर, गपशप, चर्चा, अफवाह ।
તુચ્છ (वि.) अल्प, थोड़ा, नीच, हीन, अधम, निटल्ला, निकम्मा ।
તુચ્છ માનવું (क्रि.) हीन समझना, न कुछ समझना, हलका मानना ।
તુચ્છકાર (सं.) घृणा, नफरत ।
તુચ્છકારવું (क्रि.) नफरत करना, घृणा करना ।
તુચ્છાવસ્થા (सं.) हीनावस्था ।
તુટ (सं.) नाराजी, अप्रसन्नता, तोड़, खंढन, टूट ।
તુટક (वि.) टुकड़ा, खंड बिखरा हुवा, अलग, जुदा ।
તુટફાટ (सं.) फूट, अनैक्य, जुदाई, विलगता, टूटफूट ।
તુટવું (क्रि.) टूटना, अलग होना, जुदा होना, विलग होना ।
તુટી પડવું (क्रि.) टूट पड़ना, गिर पड़ना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તુટેલું (वि.) टूटा हुवा, खण्डित।

તુણવું (क्रि.) कातना, थिगरी या पैवन्द लगाना, टांका मारना।

તુંડ (सं.) सूरत, शक्ल, मुहँ।

તુતક (सं.) जहाज का तखता, नौका पृष्ट।

તુતંગ (सं.) बनावट, झूठ, पाखंड।

તુતી (सं.) पक्षी विशेष। [दर्प।

તુંદ (सं.) घमण्ड, अहंकार, गर्वित,

તુંદી (सं.) घमण्डी, अहंकारी।

તુનીઆટ (सं.) छोटा व्यापारी, छोटा सौदागर।

તુંબડી ડું (सं.) छोटा तूंबा, साधुओंका जळपात्र। [तुम आप।

તુમ (सं.) पहियेकी नाह (सर्व.)

તુમડી (सं.) देखो તુંબડી।

તુમાન (सं.) पजामा, पायजामा, विरजस।

તુમાર (सं.) बडी लिखा पढ़ी।

તુરઈ (सं.) तुरही, तुरम, बिगुल, लोहेकी कील जिसके दोनों ओर नोक हो।

તુરક (सं.) तुर्क, मुसलमान, यवन, मलेच्छ, जाति विशेष।

તુરકસ્વાર (सं.) सवार, बहादुर, सैनिक। [रखनेवाला, तुर्की भाषा।

તુરકી (सं.) तुर्कीस्तानसे सम्बन्ध

તુરકી ચાલ (सं.) घोड़ो की सरपट चाल, तेज चाल, तराट।

તુરંગી (सं.) घोडी, तरंगी, मन मौजी, लहरी।

તુરંજ (सं.) एक प्रकारका खट्टाफळ।

તુરત (क्रि. वि.) देखो તરત

તુરાઈ (सं.) तुरही, तुरम, बिगुल, कपड़ा बुननेवालेका डंडा।

તુરાસ (सं.) कब्ज, कोष्टवद्धता।

તુરી (सं.) घोड़ा, नारी, ढरकी, जुळाहोंके कामका औजार, दोनों और नोकदार कीळ। [विशेष।

તુરીઉં (सं.) तुरैया, तुरई, शाक

તુરૂં (वि.) न पचनेवाली दवा, कब्ज करनेवाली। [शीघ्र।

તુર્ત (क्रि. वि.) तुरत, फौरन,

તુરો (सं.) देखो તુરં-તોરો।

તુલ (सं.) अनाजका पोटा, अन्नकी चोटी, बाल, या सिरा। [समानता।

તુલના (सं.) कूत, तौल, बराबरी,

તુલવારી (सं.) जमीन का कर, उसकी उत्पत्ति के अनुसार लगान।

તુલસી (सं.) तुलसिका, हरि प्रिया, देव वृक्ष। [तुलसी का पत्ता।

તુલસીપટ (सं.) तुलसी दल,

તુલસી વૃંદાવન (सं.) मकान के आगे तुलसी की वेदी जिसकी नित्य पूजा हो। [तोलने का यंत्र।

તુલા (सं.) काँटा, तराजू, वजन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તુલ્ય (सं.) समान, बराबर, सदृश ।
તુવર–વેર (सं.) देखो તુએર ।
તુવરસિંગ (सं.) एक प्रकार की फली । [चाँवलों की भूसी ।
તુષ (सं.) चाँवलों का छिलका,
તુષાર (सं.) पाला, ओस, कुहर, ओले, ठंड, शीत, तुहिन ।
તુષ્ટ (वि.) खुश, प्रसन्न, आनन्दित ।
તુળ્ઇ (सं.) चौरस लक्कड़ का लट्ठा ।
તુળા (सं.) देखो તુલા
તુળાદાન (सं.) स्वशरीर के बराबर किसी वस्तु का दान, दान विशेष ।
તૂત (सं.) कपट प्रबन्ध, गुट्ट, झूठे बयान ।
તૂલ (सं.) देखो તુલ
તૂલવારી (सं.) देखो તુલવારી
તૃણ (सं.) घास, फूस, तिनका ।
તૃણચર–ભક્ષી–હારી (सं.) पशु जो घास पात खाते हों ।
તૃણાચ્છાદિત–તૃણવ્યાપ્ત (वि.) तृण संकुलित, घास से ढका ।
તૃણવત (वि.) घास के समान, तृण समान, नकुछ, व्यर्थ, निकम्मा।
તૃતીય (सं.) तीसरा ।
તૃતીયા (सं.) देखो તીજ
તૃતીયાંશ (वि.) एक का तीसरा हिस्सा । $\frac{1}{3}$, तीसरा भाग ।
તૃપ્ત (वि.) परितोषान्वित, संतुष्ट, हर्षित, प्रसन्न, हृष्ट । [आल्हाद ।
તૃપ્તિ (सं.) सन्तोष, परितोष,
તૃષા (सं.) तृष्णा, पिपासा, प्यास ।
તૃષ્ણા (सं.) पिपासा, पीने की इच्छा, उत्कंठा, अत्यंत अभिलाष, लोभ, लोलुपता, अधिक उत्सुकता ।
તેં (सर्व)तू, तुम, आप ।
તેંતાળીસ (वि.) ३ और ४०, तेतालीस, ४३ । [तेतीस, ३३ ।
તેંત્રીસ (वि.) ३ और ३०,
તેંસઠ (वि.) ६० और ३, त्रेसठ, ६३ ।
તે (सर्व.) वह, वो ।
તે ઉપરાંત (अ.) इसके अतिरिक्त, इसके बाद, तदुपरान्त ।
તે કરતાં (अ.) તે છતાં, तिस पर भी, तथापि, बावजूदेकि, तौभी ।
તેઓ (सर्व.) वे, ते ।
તેઓનું (सर्व.) उनका, उन्होंका ।
તેઓને (सर्व.) उनको, उन्हों को ।
તેગા (सं.) खड्ग, बक्रकृपाण, तलवार, असि । [प्रकाश, गर्मी ।
તેજ (सं.) प्रताप, बळ, चमक,
તેજ (वि.) मजबूत, दृढ, वहीं, अनुसार, मुवाफिक । [सादृश्य ।
તેજતે (सं.) समानता, सदृश्यता,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તેજગી (सं.) शीतलता, नवीनता, तेजी, ताजगी ।

તેજ પ્રમાણે (क्रि. वि.) ऐसा, उसी प्रकार, ऐसेही, उसी भाँति, उसी तरह । [मक़दार ।

તેજવંત (वि.) चमकीला, च-

તેજવાન-વાળુ-સ્ત્રી (सं.) पूर्ववत् ।

તેજાનો (सं.) मसाला, नमूना ।

તેજાબ (सं.) खटाई, तेजाब, सत्व ।

તેજાળ (सं.) चमक, प्रकाश ।

તેજી (वि.) चंचलता, चपलता, शीघ्रता, जल्दी ।

તેજીમંદી (सं.) चढाव उतार, घट-बढ, शान्त उग्र ।

તેજોમય (वि.) अग्निपुंज, ज्योतिर्मय, प्रकाशमय, प्रकाश स्वरूप ।

તેજોવૃદ્ધિ (सं.) चमक; प्रकाश, शुहरत, नामवरी ।

તેટલાવાસ્તે (उप.) इसकारण, इस-वास्ते, अतएव, एतदर्थ ।

તેટલામાં (क्रि.) इतनेमें, इसीबीच, उसी समय । [उतना ।

તેટલું (वि.) इतनाज्यादः, इतना,

તેટલે (क्रि. वि.) तब, तक, तलक, जबतक ।

તેડવું (क्रि.) टेरना, बुलाना, निमंत्रित करना, कमरपर, उठाना ।

તેડાવવું (क्रि.) बुलवाना, बुला भेजना । [टेढ़ा, तिरछा ।

તેડું (क्रि.) निमंत्रण, न्योता (वि.)

તેડુંકરવું (क्रि.) निमंत्रित करना ।

તેણીકોર (क्रि. वि.) वहाँ, उधर । उसतरफ, उसजगह ।

તેણે (सर्व.) वह [तेणीकोर ।

તેણીગમ-ભેર (क्रि. वि.) देखो,

તેણેકરીને (क्रि. वि.) इसकारणसे तस्मात्, अतः, इसलिये ।

તેતર (सं) देखो તેતર

તેથી (क्रि. वि.) इसकारण, इसलिये ।

તેનાત (सं.) परवशता, वशी भूतता, आधीनता, बशता, तैनात, क़ायम ।

તેની (सर्व.) उसका ।

તેનીભેળે (सर्व.) उसके लिये, उसके वास्ते । [वहीका वही ।

તેનોતેજ (वि.) सत्य, सच्चा, ठीक,

તેપન (सं.) त्रेपन, ५० और ३, ५३,

તેપ્રમાણે (क्रि. वि.) उसीके अनुसार, यों, ऐसा, इस रीतिसे, अनुसार ।

તેમ (क्रि. वि.) ऐसे जैसे, तैसे ।

તેમજ (क्रि. वि.) इसी रीतिसे, इसी तौरपर, औरभी ।

તેમધ્યે (क्रि. वि.) उसमें ।

તેમાટે (क्रि. वि,) देखो તેથી,

તેમનું (सर्व.) उनका, उन्होंका ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તેર (वि.) १३, तेरह, १० और ३, त्रयोदश। [तेरहवाँ।
તેરમું (सं.) मृतकको तेरहवाँ दिवस
તેરસ (सं.) तिथि विशेष, त्रयोदशी।
તેરીખ (सं) तारीख, तिथि, व्याज की दर, सूदकी दर। [द्रव्य :
તેલ (सं.) तैल, तिल विकार, स्निग्ध
તેલકહાડવું (क्रि.) तंग करना, थकाना, तेल निकालना, मसलना, कुचलना। [पसीजना, स्वेदवहना।
તેલાનિકળવું (क्रि.) पसीना निकलना
તેલણ (सं.) तेलीकी औरत, तेल निकालनेवालेकी स्त्री।
તેલવાળું (वि.) चिकना, तेलसा, तिलहा, स्निग्ध, तेल युक्त, तेली।
તેલાં (सं.) नवरात्री में तीन दीन का व्रतोत्सव।
તેલી (सं) जाति विशेष, तेल वाला, तैल विक्रेता।
તેલીઓરાજા (सं.) जो तेल में देखकर या स्नान कर के भविष्य बतलाता हो।
તેવડ (सं. ; देखो त्रेवड।
તેવડવું (क्रि.) तीन लड़ाकरा, तिहोरा करना, त्रिगुण करना।
તેવડું (सं.) तिगुना. तिहोर, तिलड़ा, त्रिगुण, इतना बड़ा जितना कि वह।
તેવામાં (क्रि. वि.) देखो तेटलामां
તેવારે (क्रि. वि.) देखो त्यारे।
તેવાસ્તે (अ.) इसवास्ते, इसलिये। तस्मात्, अतएव, एतदर्थ।
તેવીસ (सं.) त्रिंविंश, तेईस. २३।
તેવું (क्रि. वि.) वैसा, उसके समान। [वैसा।
તેવુંજ (क्रि. वि.) वैसाही, ठीक
તેવે–વે। (क्रि. वि.) तुरंत, फौरन, तत्क्षण, शीघ्र।
તેવેળા (क्रि. वि.) तब, उस समय।
તેવોજ (क्रि. वि.) ठीक वैसाही।
તેસઠ (वि.) ६३, त्रेसठ, ६० और ३
તેહેવાર (सं.) पवित्र दिन, पर्व-दिनत्यौहार, उत्सव दिन।
તેહેસીલ (सं.) माल गुजारी, या लगान का संग्रह।
તેહેસીલદાર (सं.) माल गुजारी का संग्रह कर्ता, पद विशेष।
તેહેસીલદારી (सं) माल गुजारी आदि संग्रह करने का काम, तह-सीलदार का काम।
તૈજસ (वि.) चमकीला, रोशन।
તૈયાર (वि.) उद्यत, सज्जित, तय्यार पूर्ण, समाप्त, प्रस्तुत। [इच्छुता।
તૈયારી (सं.) प्रस्तुति, उद्युक्तता,
તૈલ (सं.) देखो तेल।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તૈલાભ્યંગ (सं.) तेलका प्रयोग, तेल और उबटना। [और ३।
તોંતેર (वि.) ७३, तिहत्तर, ७०
તો (उप.) यदि, अगर, तब, तदा, अवश्य, निस्सन्देह, सचमुच।
તોક (सं.) पट्टा, वेड़ी, हथकड़ी।
તોકલ (सं.) घोड़ी, भरोसा, आसरा, विश्वास, सहारा।
તોકવું (क्रि.) चौकस करना।
તોખમ (सं.) देखो तुख्म।
તોખાર (सं) अश्व, घोड़ा, तुरग वाजि।
તોગ (वि) दुखदाई, कठिन, कष्टप्रद।
તોગર (सं.) धनाढ्य, धनवान।
તોછડાઇ (सं.) गँवारपना, कमीनापन, ओछापन। [भद्दा।
તોછડું (वि.) गँवार, शठ, मूर्ख,
તોડ (सं.) आपसमें मिलकर निपटारा, फैसला, तरतीव, उपाय।
તોડકાઢવો (क्रि.) जुगती करना, विचार करना, आपसमें निपटलेना।
તોડવું (क्रि.) तोड़ना, खण्डखण्ड करना, गलाना, पिगलना। [करना।
તોડાવું (क्रि.) तुड़ाना, टुकड़े २
તોડીનાખવું-પાડવું (क्रि.) खींच डालना, तोड़ देना, खंडित कर डालना अपमान करना, गालीदेना।
તોડો (सं.) एक हजार रुपये जिसमें समा सकं ऐसी एक थैली, एक प्रकारका पैर में पहिनने का आभूषण, तोड़ेदार बन्दुक को चलाने के लिए आग लगानेकी बत्ती।
તોણીઆત (सं.) छोटा व्यापारी या महाजन।
તોતડું બોલવું (क्रि.) तुतला कर बोलना, हकला कर बोलना, तोतरा बोलना [हट
તોતડું (वि.) तुतला हट, हकला
તોતડો (सं.) तुतळा, हकला, अस्पष्ट वक्ता।
તોતળા (सं.) एक देवीका नाम।
તોતો (सं.) शुक, सुआ, सुग्गा।
તોપ (सं) आग्नेयास्त्र, शतघ्नी, बड़ी बन्दूक, तोव।
તોપખાનું (सं.) शस्त्रागार, युद्धकी सामग्रीका घर, तोपोंकी पल्टन।
તોપચી (सं.) तोपवाळा।
તો પણ (अ.) अगरचे. यद्यपि, तोभी, तिसपरभी, तथापि, बावजूदेकी। [मार, गोलोंकी वर्षा।
તોપનો મારો (सं.) तोपके गोलेकी
તોપ ફોડવી (क्रि.) तोप दागना, तोप चलना, तोप छोडना।
તોપ મારવી (क्रि.) देखो તોપ ફોડવી.
તોફા-ફે (वि.) उत्तम, उम्दा, श्रेष्ठ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

તોફાન (सं.) तूफान, आंधी, उद्दण्ड वायु, झक्कड, रौला, बळवा, झंझट, हळचल, गड़बड़ी, बदी, नुकसान, बुराई, गर्ज्जना ।

તોફાની (वि.) बुरा, दुष्ट, नुकसान पहुंचानेवाला ।

તોબરો (सं.) घोड़े के मुंहपर बांध कर दाना डालकर खिलाने की थैली, फूला हुवा मुहँ ।

તોબા (वि.) पछतावा, पश्चाताप, अफसोस, खेद ।

તોબા કરવી (क्रि.) तोबा करना, प्रायश्चित्त करना, पछताना ।

તોબાતોબા (वि.) अफसोस सद-अफसोस, खेद अत्यन्त खेद ।

તોય પણ (क्रि. वि.) देखो तोपण ।

તોર (सं) धूमधाम, दिखावा, गर्व, झपट, आक्रमण, खेल, भावना, दृष्टि, आकार, रूप, सनक, मनोविकार ।

તોરડી (सं.) वह मिट्टीका बर्तन जिसमें मृतककी रथीके आगे आगे अग्नि उसके दाहकर्म के लियेले-जाई जाती है ।

તોરણ (सं.) पत्तोंकी बनीहुई झालर बन्दनवार, पत्तोंकी माला ।

તોરી (वि.) गर्व, घमण्ड, दर्प, (सं.) घोड़ा, अश्व ।

તોરો (सं.) गुलदस्ता, फूलों का गुच्छा, मुकुट, पगडी का रेशमी चिल्ला या कोर, अगुवा ।

તોલ (सं.) वजन, भार ।

તોલઘટ (सं.) कम (वजनमें)

તોલડી (सं.) देखो तोरडी

તોલનાર (सं.) तोलनेवाला, तुलावटा।

તોલદાર (वि.) भारी, वजनदार ।

તોલવધ (सं.) वजनसे अधिक, वजनमें जियादः ।

તોલે (क्रि. वि.) समान, मानिन्द।

તોલો (सं.) १२ माशा, वृटिशके रुपये भर, एकतोला, $\frac{1}{5}$ छटाँक ।

તોશાખાનું (सं.) सरकारी खजाना, राजकीय कोषागार ।

તોસદાન (सं.) थैली, न्योली ।

તોહોતેર (सं.) ७३, तिहत्तर, ३ और ७० । [कलङ्क, निंदा, अपयश।

તોહોમત (सं.) दोष, अपवाद, लगान

તોહોમત મુકવું (क्रि.) झूठाकलंक लगाना, दोष लगाना, अपयश देना।

તોળવું (क्रि) तोलना, वजन करना, सोचना, विचारना।

તોળા (सं.) वजन, बाट ।

તોળાટ (सं.) तोलनेवाला, वजन करने वाला ।

તોળામણ (सं.) तोलनेका मजदूरी यातनख्वाह, तुलाई (कीमत)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ત્યાં (क्रि. वि.) वहाँ, उधर, तहाँ ।
ત્યાંથી (क्रि. वि.) वहाँसे, उसजगहसे
ત્યાંલગી (क्रि. वि.) तक, तबतक, तबलग । [विरक्त, वैराग्य, छोड़।
ત્યાગ (सं.) दान, वर्जन, उत्सर्ग,
ત્યાગકરવું (क्रि.) छोडना, त्यागदेना तजना, परित्याग करना ।
ત્યાગી (सं.) वैरागी, जिसने संसार के आनन्दभोगोंको त्यागा हो ।
ત્યારથી (क्रि. वि.) तबसे उस समयसे ।
ત્યારકેડે (क्रि. वि.) बादमें, उपरान्त पश्चात्, अनन्तर । [उसका ।
ત્યારનું (क्रि. वि.) उसस्थानसे,
ત્યારે (क्रि. वि.) तब, उस समय ।
ત્યાંલગી (क्रि. वि.) तक, तबतक, उस समय तक, पर्य्यन्त ।
ત્યાંસુધી (क्रि. वि.) पूर्ववत् ।
ત્યાસી (सं.) संख्या विशेष, ८३, तिरासी, अस्सी औरतीन ।
ત્યાંહાં (क्रि. वि.) वहाँ ।
ત્યાહાંનું (क्रि. वि.) वहाँका, उनका,
ત્વચા (सं.) खाल, चमड़ा, बक्कल चर्म, छाल ।
ત્વચારહિત (वि.) चर्म हीन, बिना खालका, जिसपर चमड़ा नहो ।
ત્વરા (सं.) वेग, शीघ्रता, द्रुत, जल्दी।
ત્વરિત (क्रि. वि.) त्वरान्वित, जल्दीसे, तेजीसे, शीघ्रतासे ।
ત્રગણું-મણું (वि.) तिगुना, त्रिगुण तिहोरा, तीनतर, १×३,
ત્રણ (वि.) तीन, ३, त्रय ।
ત્રણદેવ (सं.) तयकत्व, त्रिदेव, तीन देवता, ब्रह्मा, विष्णु और महादेव।
ત્રણસે (वि.) तीनसौ, ३००, त्रिशत।
ત્રતિયા (सं.) तृतिय देखो ती४,
ત્રંબક (सं.) शिव, महादेव, शंकर ।
ત્રંબાળુ (सं) तबले की तर्ज़ का एक बड़ा ढोल विशेष । [चद्दर ।
ત્રભાણું (सं.) एक प्रकारका ताँबेका
ત્રય-યી (सं.) तीन अंतरोंका राग, तीन बाजोंका मेल, तीनकामेल, त्रिक, तिगड्डा, तीनका जुट्ट ।
ત્રયોદશ (वि.) तेरह, तेरहवाँ ।
ત્રયોદશા (सं.) मृत्यु का १३ वाँ दिन, मौतकी तेरहवीं तिथि ।
ત્રયોદશી (सं.) तिथि विशेष, चान्द्रमा-सके पक्षकी १३ वीं तिथि, तेरस।
ત્રવાડી (सं) ब्राह्मणोंका उपनाम त्रिवेदी ।
ત્રાંક-ત્રાક-ગ (सं.) तीर, किनारा तट, भौंज, रस्सीका बट ।
ત્રાંગુ (सं.) दबाव, बरजोरी, बळ, घरू मनुष्यको हानि पहुंचाना ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

